CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 25°C

मुजफ्फरनगर, सोमवार 29 सितम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 258 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 6 रबी उल सानी1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




बरेली में बवालियों की तलाश में दबिश जारी मौलाना तौकीर समेत 11 भेजे जा चुके जेल पेज 2



मिथुन मन्हास बने बीसीसीआई अध्यक्ष, ओझा, आरपी सिंह टीम की चयन समिति में शामिल खेल टाइम्स



स्वच्छ ऊर्जा की दौड़ में चीन का बढ़ता वर्चस्व सम्पादकीय



यूएन में भारत की जिम्मेदारी बढ़ाने का चीन व रूस ने किया समर्थन पेज 12

## मुजफ्फरनगर में एक लाख का इनामी नईम मुठभेड़ में ढेर

**मुजफ्फरनगर।** खालापार निवासी एक लाख का इनामी नईम मीरापुर व जानसठ पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया। उसका एक साथी फरार हो गया। मीरापुर थाने में तैनात दीवान कालूराम हाथ में गोली लगने से घायल हुआ है। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। एसपी देहात आदित्य बंसल ने बताया कि रविवार को दोनों थानों की पुलिस ने एक सूचना के आधार पर भूम्मा नहर पुल की तरफ से जा रहे दो बाइकों पर दो संदिग्ध लोगों को रोकना चाहा, तो उन्होंने पुलिस पर गोली चलाई। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश नईम पुत्र यूसूफ गोली लगने से घायल हो गया। उसका साथी जंगल में भाग गया। कुछ देर बाद ही घायल बदमाश नईम की मौत हो गई। वह मुजफ्फरनगर के थाना खालापार के मोहल्ला खालापार का रहने वाला है।

## ईडी जल्द कुछ एक्टर- क्रिकेटर की संपत्ति जब्त करेगी

**नई दिल्ली।** ईडी जल्द ही कुछ खिलाड़ी और अभिनेताओं की करोड़ों की संपत्तियां जब्त करने जा रहा है। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत ऑनलाइन बेटिंग एप 1यूबेट के प्रमोशन मामले में होगी। ऑफिशियल सोर्स ने बताया कि 1यूबेट एप से मिले एडवर्टाइजमेंट पैसों का इस्तेमाल कुछ सेलिब्रिटीज ने अलग-अलग तरह की संपत्ति खरीदने में किया है। ऐसे में इन्हें प्रोसीड्स ऑफ क्राइम यानी अपराध से कमाई गई संपत्ति माना गया है। ईडी जल्द ही सेलिब्रिटीज की इन चल-अचल संपत्तियों को जब्त करने का आदेश जारी करेगी। कुछ सेलिब्रिटीज की संपत्तियां संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे देशों में भी हैं। फिलहाल इनकी कीमत और मूल्यांकन किया जा रहा है।

## कुपवाड़ा में नियंत्रण रेखा पर दो घुसपैठिए मारे गए

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सुरक्षा बलों ने रविवार को घुसपैठ की एक कोशिश को नाकाम करते हुए दो घुसपैठियों को मार गिराया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि यह घटना तब हुई जब सैनिकों ने नियंत्रण रेखा के पास वन क्षेत्र में संदिग्ध हलचल देखी। वहां तैनात सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें रुकने की चेतावनी दी, लेकिन उन्होंने इसे अनसुना करते हुए गोलीबारी शुरू कर दी। इसके जवाब में सुरक्षा बलों ने भी गोलीबारी की, जिसमें दोनों घुसपैठिए मारे गए।

## बिहार विस चुनावों के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने आगामी बिहार विधानसभा चुनावों और कुछ राज्यों में होने वाले विधानसभा उपचुनावों के लिए 470 अधिकारियों को केन्द्रीय पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त करने का फैसला किया है। चुनाव आयोग की रविवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इन अधिकारियों में 320 आईएएस, 60 आईपीएस तथा 90 आईआरएस, आईआरएएस और आईसीएएस के अधिकारी हैं, जो इस समय विभिन्न राज्यों में कार्यरत हैं।

# एशिया कप: भारत ने पाक को पांच विकेट से हराया

## टीम इंडिया ने 9वीं पर जीता खिताब

**दुबई।** भारत ने पाकिस्तान को हराकर एशिया कप का खिताब अपने नाम कर लिया है। भारत के लिए तिलक वर्मा ने शानदार प्रदर्शन किया और अंत तक टिके रहकर टीम अभूतपूर्व जीत दिलाई।

भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। भारत ने कुलदीप यादव की शानदार गेंदबाजी की मदद से पाक की पारी 19.1 ओवर में 146 रन पर ढेर कर दी। लक्ष्य का पीछा करते हुए तिलक ने 53 गेंदों पर तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 69 रन बनाए, जिसके दम पर भारत ने 19.4 ओवर में पांच विकेट पर 150 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। । टीम इंडिया ने 9वीं बार खिताब जीता है। 147 रन का टारगेट भारतीय टीम ने 20वें ओवर की चौथी बाल पर हासिल कर लिया। रिंकू सिंह ने चौके से भारत को जीत दिलाई। कुलदीप यादव ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। बुमराह, वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल ने 2-2 विकेट लिए। पाक से साहिबजादा फरहान ने सबसे ज्यादा 57 रन बनाए।



# ऑनर किलिंग: पिता-पुत्र ने युवती को उतारा मौत के घाट

शाह टाइम्स संवाददाता

- बंदर भगाने के बहाने छत पर ले जाकर गोली से उड़ाया

**कांधला (शामली)।** थाना क्षेत्र के गाव अम्बेहटा में पिता-पुत्र ने अवैध संबंधों के चलते अपनी पुत्री की गोली मारकर हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक युवती के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है।

पुलिस ने हत्या आरोपी पिता व पुत्र को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तमंचा बरामद किया है। थाना क्षेत्र के गांव अम्बेहटा निवासी जुल्फान की 18 वर्षीय पुत्री सना गांव में ही मदरसे में पढ़ाई करती है। रविवार को युवती को उसके पिता व भाई ने किसी युवक के साथ फोन पर बात करते हुए देख लिया था, जिससे पिता-पुत्र नाखुश थे। आरोप है कि पिता-पुत्र सना को बंदर भगाने के बहाने छत पर ले गए और गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। पिता-पुत्र ने -**शेष पृष्ठ दो पर**

# गजवा-ए-हिंद की कल्पना बन जाएगी नरक का टिकट: योगी

## बरेली बवाल के बाद 24 घंटे में यूपी सीएम का तीसरा अल्टीमेटम

बलरामपुर, वार्ता

**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने बलरामपुर के दौरे पर बरेली बवाल को लेकर 24 घंटे में तीसरी बार दंगाइयों को अल्टीमेटम दिया। उन्होंने कहा कि यूपी में अराजकता और दंगा करने वालों को जहन्नुम का टिकट दूंगा।

गजवा-ए-हिंद की कल्पना पर नरक का टिकट मिलेगा। भारत में उन महान आत्माओं के आदर्श चलेंगे, जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपना बलिदान दिया। लोगों को संबोधित करते हुए सीएम ने एक बार फिर प्रदेश में अराजकता और दंगा फैलाने वालों को चेतावनी दी। सीएम योगी ने कहा कि यूपी में ऐसा करने की हिम्मत की, तो जहन्नुम का टिकट दूंगा। बरेली का हवाला देते हुए सबक लेने की नसीहत दी। उन्होंने छांगुर की कालनेमि राक्षस से तुलना करते हुए कहा कि विकास में बाधा डालने वाले राक्षसों का विनाश होगा। सपा और कांग्रेस के अराजकतत्वों से मिले होने की बात कही। सीएम ने कहा कि कुछ लोग भारत में रहते हैं, लेकिन गजवा-ए-हिंद का नारा लगाकर देश के भीतर राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे हैं। भारत की धरती पर ये नहीं होगा। भारत की धरती महान आत्माओं की भूमि है। यहां उन महान आत्माओं के आदर्श चलेंगे, जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपना बलिदान दिया है। गजवा-ए-हिंद की कल्पना करना, इसके बारे में सपना देखना भी नरक का टिकट बन जाएगा। जो लोग ऐसी गतिविधियों में लगे हैं, वे कान खोलकर सुन लें। देर-सवेर उनका भी हश्र छांगुर जैसा ही होगा। सीएम ने आगे कहा कि किसी को प्रदेश का माहौल खराब करने की इजाजत नहीं हैं। कुछ लोग नए हथकंडे अपना रहे हैं। लेकिन, उन्हें याद रखना चाहिए कि हम उनकी सोच से कहीं ज्यादा तैयार हैं। उन्हें वैसे ही पीटा जाएगा जैसे बरेली में पीटा गया। ये मूर्ख यह भी नहीं जानते कि आस्था के प्रतीकों का सम्मान किया जाता है। आस्था कोई चौराहे पर दिखाने की चीज नहीं है।

### उप्र के मुख्यमंत्री ने कहा: यूपी में अराजकता और दंगा करने वालों को जहन्नुम का टिकट दूंगा



### ड्रोन-चोरी के नाम पर भय फैलाने वालों पर लगेगा गैंगस्टर एक्ट

**बलरामपुर।** ड्रोन के नाम पर चोरी और भय फैलाकर दहशत का माहौल बनाया जा रहा है। ऐसे लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी और उनकी संपत्ति जब्त की जाएगी। अगर आपके आसपास कोई दहशत फैला रहा है, तो पहले उसे रोको, समझाओ। वह न माने तो प्रशासन को बताइए। प्रशासन उन्हें ठोंकने का काम करेगा। लव-जिहाद, गोकशी जैसी गतिविधियों में कोई लिप्त है, तो आप पुलिस तक सूचना पहुंचाइए, बाकी का इंतजाम हम स्वयं कर लेंगे।

### योगी आदित्यनाथ ने किए मां पाटेश्वरी के दर्शन

**लखनऊ/बलरामपुर।** उप्र के सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को मां पाटेश्वरी मंदिर के दर्शन-पूजन किए। दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को बलरामपुर पहुंचे श्री योगी आदित्यनाथ ने रात्रि विश्राम भी मंदिर में ही किया। इस दौरान मंदिर की व्यवस्थाओं एवं नवरात्र मेले की तैयारियों की जानकारी ली। श्री योगी ने रविवार सुबह तुलसीपुर में देवी शक्तिपीठ मां पाटेश्वरी मंदिर में दर्शन, पूजन-अर्चना की एवं मां की आरती उतारी। मुख्यमंत्री ने मां से सुखी, स्वस्थ व प्रसन्नचित्त उत्तर प्रदेश की कामना की।

### यूपी: 7 अक्टूबर को सार्वजनिक अवकाश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 7 अक्टूबर 2025 को पूरे राज्य में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। इस अवकाश की घोषणा महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर की गई है। यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस दिन को राज्य स्तर पर विशेष महत्व देने के लिए सरकारी अवकाश घोषित किया है। यह घोषणा श्रावस्ती से की गई। भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज ने महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश की मांग की थी। समाज के पदाधिकारी द्वारा सरकार से 7 अक्टूबर को सार्वजनिक छुट्टी घोषित करने को लेकर ज्ञापन भी सौंपे थे। वाल्मीकि समाज के अनुसार पहले इस दिन सरकारी अवकाश होता था बाद में इसे रद्द कर दिया गया था। 2025 से यह परंपरा पुन: शुरू की जा रही है।

# छात्राओं के यौन शोषण का आरोपी चैतन्यानंद आगरा से गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

- पटियाला कोर्ट में हुई पेशी पांच दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा गया
- चैतन्यानंद के पास से यूएन-ब्रिक्स के फर्जी विजिटिंग कार्ड मिले



**नई दिल्ली।** दिल्ली के वसंत कुंज स्थित श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट-रिसर्च के हेड स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थसारथी को दिल्ली पुलिस ने 27 सितम्बर की रात आगरा से गिरफ्तार किया।

चैतन्यानंद पर कई छात्राओं के यौन उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगा है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस चैतन्यानंद को मेडिकल जांच के लिए सफदरजंग अस्पताल दिल्ली लेकर आई। इसके बाद पटियाला कोर्ट में पेशी हुई। जहां से चैतन्यानंद को 5 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है। चैतन्यानंद फरार था और उसकी आखिरी लोकेशन आगरा में मिली थी। दिल्ली पुलिस की कई टीमें लगातार छापेमारी कर रही थी। चैतन्यानंद को वसंत कुंज पुलिस स्टेशन लाया गया है, जहां पूछताछ जारी है। दिल्ली पुलिस ने चैतन्यानंद के पास से 2 फर्जी विजिटिंग कार्ड बरामद किए हैं। एक कार्ड में उसे संयुक्त राष्ट्र में स्थाई राजदूत और दूसरे में ब्रिक्स संयुक्त -**शेष पृष्ठ दो पर**

## भाजपा-आरएसएस के निशाने पर है लद्दाख: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाजपा और आरएसएस पर हमला करते हुए रविवार को कहा कि लद्दाख के लोग, परंपरा और संस्कृति इनके निशाने पर हैं। कांग्रेस नेता ने प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा में चार लोगों के मारे जाने को 'हत्या' करार देते हुए कहा कि सोच समझकर लद्दाख की संस्कृति, परंपरा और वहां के लोगों की 'हत्या' की जा रही है। उन्होंने कहा कि लोगों की आवाज दबाई जा रही है इसलिए ही सोनम वांग्चुक को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है।

# एक्टर विजय की रैली में भगदड़: टीवीके नेताओं पर एफआईआर

- मरने वालों का आंकड़ा 40 तक पहुंचा

**तमिलनाड।** एक्टर विजय की रैली में भगदड़ में रविवार को मरने वालों का आंकड़ा 40 तक पहुंच गया है। इनमें 16 महिलाएं और 10 बच्चे शामिल हैं। 95 लोग घायल हैं, 51 लोग आईसीयू में भर्ती हैं। मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है।

विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के नेताओं के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। उधर, पार्टी ने मद्रास हाईकोर्ट में इस मामले की जांच के लिए अपील की है। पार्टी ने कहा कि यह भगदड़ हादसा नहीं, साजिश है। हादसे के बाद गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार से मामले को लेकर रिपोर्ट मांगी है। एक्टर विजय ने पार्टी के एक्स हैंडल से एक पोस्ट किया है, जिसमें लिखा कि शनिवार को करूर में जो हुआ, उसका दुख बयां करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। मैं मृतकों के परिजन को 20 लाख और घायलों को 2 लाख की मदद देना चाहता हूं। दरअसल, एक्टर विजय ने 2 फरवरी 2024 को टीवीके पार्टी बनाई।

# पीएम ने की त्योहारों में स्वदेशी खरीदने की अपील

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मन की बात का 126वां एपिसोड**



- सागर परिक्रमा करने वाली दो अफसरों की चर्चा और छठ पूजा-दिवाली का जिक्र किया

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने रविवार को अपने रेडियो शो मन की बात के 126वें एपिसोड में फेस्टिव सीजन, आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल पर बात की। पीएम ने कहा कि इस बार त्योहारों में स्वदेशी सामान ही खरीदें। ठान लीजिए, हमेशा के लिए, जो देश में तैयार हुआ है, वही खरीदेंगे।

इसके अलावा पीएम ने दशहरा और छठ पर्व पर भी बात की। मोदी ने कहा कि भारत सरकार छठ पर्व को यूनेस्को की लिस्ट में शामिल करने पर काम कर रही है। इसके बाद पूरी दुनिया में पर्व की भव्यता फैलेगी। पीएम ने कहा कि रविवार को लता मंगेशकर की जयंती है। भारतीय संस्कृति और संगीत में रूचि रखने वाला कोई भी उनके गीतों को सुनकर अभिभूत हुए बिना नहीं रह सकता। उनके गीतों में वो सब कुछ है, जो मानवीय संवेदनाओं को झकझोरता है। मराठी सुगम संगीत की महान हस्ती सुधीर फड़के जी ने सबसे पहले लता दीदी से मेरा परिचय कराया था। मैंने लता दीदी को कहा कि मुझे आपका गाया गाना ज्योति कलश छलके बहुत पसंद है। पीएम के कार्यक्रम में लता मंगेशकर का गाया गीत ज्योति कलश छलके भी सुनाया गया। अमर शहीद भगत सिंह, हर भारतवासी, विशेषकर देश के युवाओं के लिए एक प्रेरणापुंज है। निर्भीकता उनके स्वभाव में कूट-कूट कर भरी थी। देश के लिए फांसी के फंदे पर झूलने से पहले भगत सिंह जी ने अंग्रेजों को एक पत्र भी लिखा था। उन्होंने कहा था कि मैं चाहता हूं कि आप मुझे और मेरे साथियों से युद्धबंदी जैसा व्यवहार करें। इसलिए हमारी जान फांसी से नहीं, सीधा गोली मार कर ली जाए। यह उनके अदम्य साहस का प्रमाण है। पीएम ने कहा कि वोकल फॉर लोकल पर हम ठान लें कि इस बार त्योहार सिर्फ स्वदेशी चीजों से ही मनाएंगे, तो देखिएगा, हमारे उत्सव की रौनक कई गुना बढ़ जाएगी। वोकल फॉर लोकल को खरीदारी का मंत्र बना दीजिए। ठान लीजिए, हमेशा के लिए, जो देश में तैयार हुआ है, वही खरीदेंगे। जिसे देश के लोगों ने बनाया है, वही घर ले जाएंगे।

### प्रधानमंत्री ने करूर रैली के पीड़ितों के लिए अनुग्रह राशि की घोषणा की

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने तमिलनाडु के करूर में एक राजनीतिक रैली के दौरान भगदड़ में मारे गए लोगों के परिजनों के लिए रविवार को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी। इस घटना में घायल हुए लोगों को 50 हजार रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। श्री मोदी ने शनिवार को इस घटना पर दुख जताया था।

**Global HR Solutions**
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
- वेल्डर (3G & 4G ARC)
- राज मिस्त्री
- कंस्ट्रक्शन लेबर
- सिलाई टेलर

वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
- रेफरेन
- योग्यता प्रमाणपत्र
- सर्विस सर्टिफिकेट
- वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट

सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## संक्षिप्त समाचार

### आई लव मोहम्मद विवाद को यहीं रोका जाए: फिरंगी

**लखनऊ।** यूपी के लखनऊ में प्रसिद्ध इस्लामी विद्वान और इमाम-ए-ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने प्रदेश के मुसलमानों से अपील की है कि वे आगामी हिंदू पर्वों के दौरान सौहार्द्र और भाईचारा बनाए रखें। देश में चल रहे आई लव मोहम्मद विवाद को लेकर उन्होंने कहा कि इसको अब रोक देना चाहिए। इसी के साथ मौलाना ने कहा कि धार्मिक अवसरों पर सभी समुदायों को मिल-जुलकर शांति, अमन और आपसी सम्मान के साथ रहना चाहिए। लोगों को हिंसा और उपद्रव से बचने के सलाह भी दी है। देशभर में चल रहे आई लव मोहम्मद विवाद को लेकर मौलाना रशीद फिरंगी महली ने कहा कि जो भी चल रहा है वो काफी अफसोसनाक है, मेरी लोगों से यही अपील है कि इस मामले में पूरी तरह से शांति व्यवस्था कायम रखें। पैगंबर मोहम्मद के सिलसिले में कुछ अदाब हुआ करते हैं।

### बरेली हिंसा पर कांग्रेस का सीएम योगी पर निशाना

**लखनऊ।** कांग्रेस नेता उदित राज ने उत्तर प्रदेश के बरेली में उपद्रवियों पर हुए लाठीचार्ज का विरोध करते हुए मुख्यमंत्री योगी के बयान पर भी निशाना साधा, जिसमें उन्होंने कहा कि माहौल खराब करने वाले मौलाना की डेंटिंग पेंटिंग करना जरूरी था। उन्होंने कहा कि कई मौलाना भाजपा से मिले हुए हैं और हिंसा भाजपा की मिलीभगत से हो रही है। कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा कि कई मौलानाओं ने भाजपा से हाथ मिलाया हुआ है और ये उनके हित में है कि देश में हिंदू-मुस्लिम होता रहे। उन्होंने कहा कि आई लव मोहम्मद उसी तरह है, जिस तरह से बजरंग बली की जय हो और जय श्रीराम जैसे नारे हैं।

# भ्रामक ग्राफ और अपारदर्शी डेटा विश्लेषण गुमराह करने वाला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कुंदरकी विधानसभा उपचुनाव को लेकर हाल ही में प्रकाशित एक लेख और उसके ग्राफों का निर्वाचन आयोग ने खंडन किया है और कहा है कि ये आयोग के आंकड़ों से मेल भी नहीं खाते हैं।

आयोग ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लेख के ग्राफ-3 को लेकर पोस्ट करते हुए कहा है कि यह ग्राफ़ नवंबर 2024 के उपचुनाव में मतदान प्रतिशत को अप्रैल 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के बूथ-वार वोट प्रतिशत से जोड़कर दिखाता है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, लोकसभा चुनावों में 128 बूथ ऐसे थे, जहां भाजपा को



■ कुंदरकी विस उपचुनाव को लेकर ईसी ने लेख का खंडन किया

10 प्रतिशत से कम वोट मिले थे। इनमें से 66 बूथों (50 प्रतिशत से अधिक) में उपचुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत 46 प्रतिशत से ऊपर था, जबकि लेख के ग्राफ़ में 0.10 प्रतिशत श्रेणी में ऐसा कोई डेटा दिखाई नहीं देता। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि लेख में दावा किया गया है कि कुंदरकी में मतदान प्रतिशत 67.7 प्रतिशत से गिरकर 57.8 प्रतिशत होने का कारण मुस्लिम मतदाताओं का दमन था, जो यह गलत है। उप्र की आठ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव में मतदान प्रतिशत लोकसभा चुनावों की तुलना में कम हुआ है।

उदाहरण के लिए, गाजियाबाद विधानसभा में मतदान लगभग 14.5 प्रतिशत घटा, जबकि वहां मतदाता दमन की कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई। लेख में मतदाता सूची से नाम हटाने को लेकर बहादरपुर गांव का उदाहरण दिया गया है। यहां पांच मतदान केंद्रों में कुल 3544 मतदाता हैं, जिनमें 3075 मुस्लिम हैं। लेख के अनुसार लोकसभा और उपचुनाव के बीच 124 नाम हटाए गए, जिनमें 110 मुस्लिम थे (लगभग 89 प्रतिशत) हैं, जबकि आयोग के मुताबिक बताए गए आंकड़े वास्तविकता से मेल नहीं खाते हैं। आयोग ने कहा है कि चुनाव आयोग धर्म-आधारित मतदाता डेटा सार्वजनिक नहीं करता है। लेख में जो पांच ग्राफ़ शामिल किए गए हैं, उनमें से तीन का आधार कथित निजी डेटा है। ऐसे में उसके निष्कर्षों की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। लेख ने सीएसडीएस सर्वेक्षण का हवाला देकर दावा किया है कि केवल दो प्रतिशत मुस्लिम मतदाताओं ने लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को वोट दिया। इस बावत आयोग का कहना है कि सर्वेक्षण हमेशा त्रुटिहीन नहीं होते और न ही यह माना जा सकता है कि भविष्य में भी यही अनुपात रहेगा।

# आई लव मोहम्मद से कोई दिक्कत नहीं

## बीजेपी नेता व पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह का बड़ा बयान

गोंडा, वार्ता

आई लव मोहम्मद पोस्टर विवाद के बाद उत्पन्न तनाव के बीच भारतीय जनता पार्टी के नेता और पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह की प्रतिक्रिया आई है। आई लव मुहम्मद नारे पर गोंडा में बीजेपी नेता बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि किसी को भी आई लव मुहम्मद से कोई दिक्कत नहीं है, क्योंकि हम सनातन धर्म के अनुयायी कृष्ण से भी प्रेम करते हैं और राधा से भी।

उन्होंने कहा कि इसलिए किसी को भी आई लव मुहम्मद से कोई दिक्कत नहीं, न ही होनी चाहिए, लेकिन अगर आई लव मुहम्मद के बहाने देश में सां. प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने और



किसी दूसरे समुदाय को नीचा दिखाने की कोशिश की जाए, तो यहीं से दिक्कत शुरू होती है। दूसरी ओर इस मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी के विधायक बाबा बालक नाथ ने इसे विरोधी पार्टियों का षड्यंत्र करार दिया। बाबा बालक नाथ ने कहा कि देश में अच्छा माहौल है। आई लव मोहम्मद विवाद राजनीतिक पार्टियों द्वारा रचा गया षड्यंत्र है। प्रदेश सरकार इस तरह के मामलों से निपटने में पूरी तरह सक्षम है।

### सपा नेता अबू आजमी ने क्या कहा?

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अबू आजमी ने बरेली विवाद पर कहा कि कानपुर में गलत तरीके से एफआईआर दर्ज की गई, जिसके बाद इसके खिलाफ आंदोलन शुरू हो गया। उन्होंने कहा कि बरेली में अगर कुछ गलत हुआ था, तो केस दर्ज होना चाहिए था। पुलिस ने जिस तरह लाठीचार्ज किया, उसकी निंदा होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि ईद मिलादुन्नबी के मौके पर मुस्लिम समुदाय ने आई लव मोहम्मद कहकर अपने पैगंबर के प्रति प्रेम व्यक्त किया, लेकिन इस पर एफआईआर दर्ज कर दी गई।

# वोट चोरी के खिलाफ पांच करोड़ हस्ताक्षर कराएंगे

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने कहा है कि 'वोट चोरी' के खिलाफ पार्टी का देश भर में हस्ताक्षर अभियान चल रहा है और इसके तहत पांच करोड़ लोगों से हस्ताक्षर करवाए जाएंगे।

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इस अभियान में शामिल होते हुए रविवार को कहा कि बड़े पैमाने पर 'वोट चोरी' और मतदाता सूची में हेराफेरी हो रही है और इसने हमारे गणतंत्र की बुनियाद में लोगों के विश्वास को हिलाकर रख दिया है। 'वोट चोरी' महज अपराध भर नहीं है, बल्कि यह हमारे संविधान पर एक बड़े हमले का हिस्सा है, यह हमारी अर्थव्यवस्था को कमज़ोर कर रहा है, सामाजिक अन्याय फैला रहा है और देश की अखंडता के लिए खतरा बन गया है। उन्होंने कहा कि हमारे राष्ट्रव्यापी 'वोट चोर, गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान और घर-घर



■ कांग्रेस महासचिव वेणुगोपाल अभियान में शामिल हुए

प्रचार अभियान के तहत, मैं आज केरल के अलप्पुझा स्थित अपने वार्ड कैथवना में इस आंदोलन में शामिल हुआ। पूरे भारत में, कांग्रेस लोकतंत्र पर इस ज़बरदस्त हमले के खिलाफ़ पांच करोड़ हस्ताक्षर एकत्र करेगी। कांग्रेस नेता ने कहा कि यह एक जन आंदोलन के रूप में तेज़ी से गति पकड़ रहा है और उनकी पार्टी लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले प्रत्येक नागरिक से संविधान की रक्षा और भारत की आत्मा को बचाने के इस संघर्ष में शामिल होने का आह्वान करती है।

## मौलाना तौकीर समेत 11 भेजे जा चुके हैं जेल, ड्रोन से निगरानी की जा रही

# बरेली में बवालियों की तलाश में दबिश जारी

शह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** बरेली में बवाल के मामले में पुलिस ने अब तक 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें मौलाना तौकीर रजा समेत 11 को जेल भेज दिया गया है, जबकि एक आरोपी का अस्पताल में उपचार चल रहा है। करीब 50 लोगों को हिरासत में लिया गया है। मुकदमों में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने लगातार दबिश दे रही है।

डीएम अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य ने रविवार को बैठक की। इसके बाद शहर में भ्रमण कर हालात का जायजा लिया। शुक्रवार को हुए बवाल और मौलाना तौकीर की गिरफ्तारी के बाद अब शहर में हालात पूरी तरह सामान्य हैं। रविवार को सामान्य दिनों की तरह बाजार में चहल-पहल देखी गई। उधर



■ लोगों ने पुलिस पर बरसाए फूल, कहा- जलने से बचाया शहर

मौलाना तौकीर के आवास से लेकर आसपास के इलाकों में पुलिस का कड़ा पहरा है। ड्रोन से भी निगरानी की जा रही है। पुलिस प्रशासन के अफसर भी लगातार भ्रमणशील हैं। इस मामले में पांच थानों में दस मुकदमे दर्ज किए गए हैं। इनमें 125 लोग नामजद हैं। करीब तीन हजार अज्ञात आरोपी हैं। जिन्हें पुलिस चिन्हित कर रही है। पुलिस ने शनिवार तड़के मौलाना तौकीर समेत आठ आरो. पियों को गिरफ्तार कर लिया। डीएम अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य ने दोपहर में प्रेसवार्ता कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने सभी आठ आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मौलाना की गिरफ्तारी के बाद एहतियातन जिले में 29 सितम्बर की रात 12.30 बजे तक के लिए मोबाइल इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई। मौलाना तौकीर से दोस्ती में चक महमूद का पार्षद अनीस सकलैनी और फाइक एन्क्लेव निवासी बरातघर मालिक फरहत पुलिस के निशाने पर आ गए। दो मुकदमे दर्ज कर पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें से तीन को जेल भेजा गया है, जबकि चौथे का अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडेय ने बताया कि पुलिस ने मौलाना तौकीर के करीबी बरातघर मालिक फरहत खां और उसके पुत्र मोईन अली को भी गिरफ्तार किया है। दोनों मौलाना के खास माने जाते हैं।

### आई लव मोहम्मद को लेकर अलीगढ़ में अलर्ट

**अलीगढ़।** 'आई लव मोहम्मद' को लेकर 26 सितम्बर को बरेली में हुए घटनाक्रम के बाद प्रदेशभर में प्रतिक्रिया भी शुरू होने लगी है। इसके चलते प्रदेश के सांप्रदायिक शहरों में अलर्ट जारी किया गया है। इसी क्रम में अपने शहर में भी पुलिस सतर्कता बरत रही है।

शनिवार को भी पुलिस ने पुराने शहर में विशेष सतर्कता बरती व खुराफातियों व अफवाह उड़ाने वालों पर नजर रखी जा रही है। साथ में फ्लैगमार्च भी किया गया। कानपुर में हुए घटनाक्रम के बाद जुमे पर शहर में जुलूस निकालने का प्रयास हुआ था। मगर पुलिस प्रशासन ने जुलूस को रुकवा दिया। इसी बीच बरेली में दोपहर में घटनाक्रम हो गया। इसके बाद से प्रदेश में प्रतिक्रिया सामने आने लगी है। इसके चलते सभी संवेदनशील शहरों में अलर्ट जारी किया गया है। शनिवार को अपने शहर में भी सर्किल वार सतर्कता बरती गई। सभी संवे. दनशील व मिश्रित आबादी वाले इलाकों में फ्लैग मार्च किया गया। साथ में धर्मगुरुओं से अधिकारियों द्वारा लगातार संवाद किया जा रहा है। खुराफात करने व अफवाह उड़ाने वालों पर विशेष नजर रखी जा रही है। एसएसपी नीरज जादौन कहते हैं कि लोगों से लगातार संवाद जारी है। किसी को कानून हाथ में नहीं लेने दिया जाएगा।



सेंसेक्स 81159.68
निफ्टी 24890.85



सोना रु. 115500
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 139900
प्रति किलो



# मौद्रिक नीति के बयान व आर्थिक आंकड़ों से तय होगी बाजार की दिशा

मुंबई, वार्ता

अमेरिका में एच1बी वीजा के शुल्क में बेतहाशा बढ़ोतरी के कारण बीते सप्ताहत शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के बयान और वृदह आर्थिक आंकड़ों पर रहेगी।

एमपीसी की बैठक 29 सितम्बर से शुरू होगी और 1 अक्टूबर को बयान जारी किया जाएगा। घरेलू और वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए इस बार नीतिगत ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती की उम्मीद है। इसके अलावा औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े 29 सितंबर को और विनिर्माण क्षेत्र के लिए पीएमआई के आंकड़े 01 अक्टूबर को जारी होने



वाले हैं। वैश्विक कारकों के साथ इन तीनों कारकों का प्रभाव निवेश धारणा पर पड़ेगा। घरेलू शेयर बाजारों के लिए पिछला सप्ताह विस्मरणीय रहा। संसेक्स 2,199.77 अंक (2.66 प्रतिशत लुढ़ककर) 80,426.46 अंक पर आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 672.35 अंक यानी 2.65 फीसदी की गिरावट में सप्ताहांत पर शुक्रवार को 24,654.70 अंक पर बंद हुआ। अमे. रिका में ट्रम्प प्रशासन ने एच1बी वीजा के शुल्क में बेतहाशा वृद्धि कर इसे एक लाख डॉलर करने का आद. ेश जारी किया है। एच1बी वीजा कंपनियों को अमेरिका में किसी खास विशेषज्ञता वाले कार्यबल की कमी की स्थिति में उसे अस्थाई रूप से विदेशियों को लाने की अनुमति देता है। अधिकतर भारतीय और दूसरे देशों की आईटी कंपनियों के अमे. रिका स्थिति कार्यालय में ज्यादातर विदेशी लोग की कार्यरत हैं। इस आदेश से आईटी कंपनियों के शेयरों में जबरदस्त गिरावट रही। मझौली और छोटी कंपनियों का और भी बुरा हाल रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक सप्ताह के दौरान कुल 4. 40 फीसदी और स्मॉल कैप.100 सूचकांक 5.10 फीसदी टूट गया। संसेक्स की 30 में से 27 कंपनियों में साप्ताहिक गिरावट देखी गई। टेक महिंद्रा का शेयर सबसे अधिक 9.43 प्रतिशत टूटा।

### हरित ऊर्जा, स्मार्ट मोबिलिटी में भी सहयोग बढ़ाना चाहता है ताइवान

**नई दिल्ली।** ताइवान इलेक्ट्रानिक्स और सेमीकंडक्टर निर्माण क्षेत्र में भारत के साथ अपने व्यापारिक रिश्तों को और आगे बढ़ाते हुए हरित ऊर्जा और स्मार्ट मोबिलिटी के क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ाना चाहता है। गत सप्ताह भारत मंडपम में आयोजित ताइवान इंडिया प्रदर्शनी में शामिल होने आए ताइवान विदेश व्यापार विकास परिषद के कार्यकारी निदेशक ब्रायन ली ने यह बात कही।

उन्होंने भारत से सीमा शुल्क कम करने और बौद्धिक सम्पदा सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी मांग करते हुए कहा कि भारत और ताइवान के मध्य व्यापार सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। पिछले साल द्विपक्षीय व्यापार ने रिकॉर्ड 10.6 अरब डॉलर का आंकड़ा छुआ था। उन्होंने कहा कि इसकी वजह यह है कि आईसीटी, मशीनरी और हरित समाधानों में ताइवान के उत्पाद, भारत की तेज़ी से बढ़ती ज़रूरतों से मेल खाते हैं। जब उनके पूछा गया कि दोनों देशों के द्विपक्षीय व्यापार का क्या भविष्य है, तो उन्होंने इसके उत्तर में कहा कि भारत 'डिजिटल इंडिया', 'मेक इन इंडिया' और 'इंडियाएआई' को आगे बढ़ा रहा है और ताइवान इन क्षेत्रों में एक विश्वसनीय भागीदार हो सकता है। वह सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक वाहनों और स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत से और अधिक सहयोग की आशा करता है।

# चावल-गेहूं नरम, चीनी हुई मजबूत खाद्य तेलों-दालों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव में नरमी रही। गेहूं में भी मंदी देखी गई। चीनी के भाव बढ़ गए जबकि खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव रहा। घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत छह रुपए घटकर सप्ताहांत पर 3,836.87 रुपए प्रति क्विंटल पर रही।

गेहूं 23 रुपए सस्ता होकर 2,839.85 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत भी छह रुपए घट गई और सप्ताहांत पर यह 3,317.28 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। बीते सप्ताह सरसों तेल की औसत कीमत 129 रुपए प्रति क्विंटल गिरी। मूंगफली तेल में भी 41 रुपए और सोया तेल में 50 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गया। सूरजमखी तेल 39 रुपए और पाम ऑयल सात रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। वनस्पति की कीमत भी 52 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत में 17 रुपए की साप्ताहिक तेजी दर्ज की गई। चना दाल की कीमत 34 रुपए और मूंग दाल की 31



रुपए प्रति क्विंटल घट गई। तुअर दाल 34 रुपए और उड़द दाल 61 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। गुड़-चीनी: सप्ताह के दौरान मीठे के बाजार में गुड़ के औसत भाव करीब दो रुपए प्रति क्विंटल घट गए। वहीं चीनी में छह रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। दाल-दलहन: दाल चना 7904.92 रुपए, मसूर काली 8123.58 रुपए, मूंग दाल 10100.53 रुपए, उड़द दाल 10405.89 रुपए, अरहर दाल 10528.57 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: गेहूं दड़ा 2839.85 रुपए और चावल 3836.87 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4321.94 रुपए और गुड़ 5013.98 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17809.41 रुपए, मूंगफली तेल 17664.41 रुपए, सूरजमुखी तेल 15507.15 रुपए, सोया रिफाइंड 13784.19 रुपए, पाम ऑयल 12425.19 रुपए और वनस्पति 14531. 71 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ऑनर किलिंग:...**

युवती की हत्या करने के बाद युवती के शव को कमरे में लाकर डाल दिया और शव के बराबर में ही तमंचा भी रख दिया। आरोपियों ने हत्या को आत्महत्या में बदलने का पूरा प्रयास किया, लेकिन पुलिस की शक्ति के आगे पिता-पुत्र टूट गए और सना की हत्या करना कबूल किया। पुलिस ने मृतक युवती के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, साथ ही पुलिस ने पिता व पुत्र को हिरासत में ले लिया है। उनके कब्जे से पुलिस ने तमंचा व कारतूस बरामद किया है। घटनास्थल का एनपी सिंह ने पहुंचकर निरीक्षण किया। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

**छात्राओं के...**

आयोग का सदस्य और भारत का विशेष दूत बताया गया है। आगरा के जिस होटल से स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती को गिरफ्तार किया गया था, उसके रिसेप्शनिस्ट भरत ने बताया कि चैतन्यानंद शनिवार शाम करीब 4 बजे वहां पहुंचे। उन्होंने बताया कि उनके ठहरने के दौरान उनसे मिलने कोई नहीं आया। भरत ने कहा कि नाइट शिफ्ट में काम करने वाले कर्मचारी ने उनकी एंट्री की थी। रात में लगभग 3:30 बजे दो पुलिसकर्मी आए जिन्होंने खुद को दिल्ली क्राइम ब्रांच का इंस्पेक्टर बताया। दोनों ने बाबा से उनके कमरे में 10 मिनट तक बात की और उन्हें अपने साथ ले गए। बाबा ने हमें अपना नाम पार्थ सारथी बताया था।

# उप्र में पोस्टर वॉर: सपा कार्यालय के बाहर लगे आई लव अखिलेश यादव के पोस्टर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** पंचायत चुनावों से पहले उत्तरप्रदेश की राजनीति एक बार फिर ध्रुवीकरण के मुहाने पर खड़ी हो गई है और राजनीतिक दलों के बीच पोस्टर वॉर शुरू हो गया है।

भाजपा की ओर से लगाए 'आई लव योगी आदित्यनाथ जी' के पोस्टर के जवाब में समाजवादी पार्टी कार्यालय के बाहर समा समर्थकों ने 'आई लव अखिलेश यादव' के पोस्टर लगाया है और अपनी एकजुटता दर्शाई है। उप्र में पोस्टर वॉर की शुरुआत लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की दो दिवसीय रायबरेली यात्रा के दौरान हुई थी। इस दौरान सपा के प्रदेश सचिव राहुल निर्मल बागी ने ब्रह्मा- विष्णु-महेश के पोस्टर लगा कर सनसनी फैला दी थी। पोस्टर में तेजस्वी, गांधी और यादव को भगवान का दर्जा दिया गया







भाजपा ने लगाए 'आई लव योगी आदित्यनाथ जी'

था। पोस्टर में लिखा था कि 'इंडिया की अंतिम आस, कलयुग के ब्रह्मा, विष्णु, महेश।' फोटो में तेजस्वी को भगवान ब्रह्मा का दर्जा और गांधी को भगवान विष्णु का दर्जा दिया गया था, जबकि श्री अखिलेश को भगवान महेश का अवतार बताया गया था। इसके बाद सीतापुर जेल से 23 माह बाद रिहा हुए समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता आजम खान के समर्थन में समर्थकों ने पार्टी कार्यालय के बाहर पोस्टर लगाकर अपनी निष्ठा जताई थी। सपा नेता मोहम्मद इकलाख की तरफ से लगाए गए इस पोस्टर में लिखा गया था कि 'आजम लौटे, ये एक नई सुबह की पहचान है, गौर से सुनो हवाओं में सरकार बदलने का ऐलान है।

वहीं पिछले दिनों कानपुर के रावतपुर इलाके में 'आई लव मोहम्मद' के पोस्टर को लेकर उठे विवाद ने राजनीतिक दलों के लिए बूस्टर डोज का काम किया है। बरेली में हुए प्रदर्शन को लेकर सरकार के सख्त रुख को देखते हुए पहले जहां आई लव महादेव के पोस्टर लग रहे थे, वही बीजेपी नेता व युवा मोर्चा के महामंत्री अमित त्रिपाठी ने 'आई लव योगी आदित्यनाथ जी' और 'आई लव बुलडोजर' लिखा कर सियासी गर्मी बघ दी है। इन पोस्टरों पर योगी आदित्यनाथ और त्रिपाठी की फोटो लगी है। बीच में बुलडोजर की भी फोटो छपी है। वहीं सपा कार्यालय के बाहर समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव विवेक सिंह यादव की तरफ से लगाए गए 'आई लव अखिलेश यादव जी' के पोस्टर में समाजवादी सरकार के दौरान हुए विकास कार्यों को दर्शाया गया है। पोस्टर में अखिलेश के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल रहे लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस व एक्सप्रेस पर लड़ाकू विमानों के उतरने व लैपटॉप योजना को जगह दिया गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिसीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# रेलवे ट्रैक पर बुजुर्ग की मौत, कई घंटे तक नहीं हुई शिनाख्त

■ पुलिस ने शव का पंचनामा भर पीएम को भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** थाना चौकी भैंसी क्षेत्र के अंतर्गत रविवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब रेलवे ट्रैक पर पिलर संख्या 103/9 के समीप एक बुजुर्ग व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे में बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आस-पास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को ट्रैक से



हटवाकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया।

मृतक ने सफेद रंग का कुर्ता-पायजामा पहन रखा था। पुलिस ने आसपास के लोगों से पहचान के बारे में पूछताछ की, लेकिन कई घंटों तक शव की पहचान नहीं हो सकी। इस बीच मौके पर जमा लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। कोई बुजुर्ग को आसपास के गांव का बता रहा था तो कोई बाहर से आने की संभावना जता रहा था। हालांकि देर शाम तक मृतक की शिनाख्त न हो पाने पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आसपास के थानों और गुमशुदगी दर्ज कराने वालों को सूचना भेज दी गई है। शव की पहचान होते ही परिजनों को सूचना दी जाएगी।

# मुठभेड़ में कॉन्स्टेबल घायल, बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी गोली

## एक लाख के इनामी से पुलिस मुठभेड़ में एसएसपी ने खुद संभाला मोर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरांपुर।** जनपद पुलिस ने वेस्ट में आतंक का पर्याय बने 1 लाख के इनामी कुख्यात बदमाश नईम कुरैशी को मुठभेड़ में ढ़ेर करने में हेड कॉन्स्टेबल कालू राम भी घायल हुए है जबकि मीरांपुर एसएचओ बबलू कुमार के बुलेटप्रूफ जैकेट में भी गोली लगी है पुलिस ने घटना स्थल से दो पिस्टल और दो बाइक भी बरामद की है।

मीरापुर पुलिस को भूम्मा चौकी के निकट दोपहर बाद एक लाख के इनामी बदमाश नईम के घूमने की सूचना मिली। पुलिस ने नईम को घेरने का प्लान बनाया। पुलिस टीम ने जब बदमाश को रोकने का प्रयास किया, तो उसने पुलिस टीम पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग होते देख पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में चली गोली सीधे बदमाश नईम के सीने में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही गिर पड़ा। घायल नईम को तत्काल स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### 35 मुकदमें दर्ज हैं मृतक नईम पर

पुलिस के अनुसार, मारा गया बदमाश नईम खालापार थाना क्षेत्र के मोहल्ला दक्षिणी खालापार का रहने वाला था। उसका आपराधिक रिकॉर्ड बेहद लंबा था। नईम पर दिल्ली, मेरठ, नोएडा समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों के विभिन्न थानों में हत्या, हत्या का प्रयास, डकैती,



रंगदारी और धमकी देने जैसे गंभीर धाराओं में कुल 35 मुकदमे दर्ज थे। पुलिस को लंबे समय से उसकी तलाश थी।

पुलिस ने मुठभेड़ स्थल से बदमाश नईम के कब्जे से एक मोटरसाइकिल और एक अवैध पिस्टल बरामद की है।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और इस सफल ऑपरेशन के लिए टीम की सराहना की। पुलिस अब फरार चल रहे नईम के अन्य साथियों की तलाश में जुट गई है।

# बैसमेंट में कैफे पर छापा, आपत्तिजनक सामान बरामद

■ छापेमारी में पकड़े गए कम उम्र के छात्र-छात्राएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी क्षेत्र में चल रहे बैसमेंट में डार्क रूम वाले कैफे पर पुलिस ने छापेमारी की तो यहां बड़ी संख्या में कम उम्र के छात्र-छात्राएं पकडे गए। पुलिस ने पूछताछ के बाद तभी छोड़ दिए। पुलिस ने यहां से आपत्तिजनक सामान भी बरामद किया है। छापे की सूचना पर पुलिस की मौजूदगी में कैफे का मालिक भी मौके पर पहुंच गया।

नई मंडी थाना पुलिस ने रविवार को विश्वकर्मा चौक के निकट एक बैसमेंट में बने डार्क रूम वाले कैफे पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान यहां से आपत्तिजनक वस्तुएं भी बरामद हुई। सूत्रों का कहना है कि यहां से तीस से ज्यादा छात्र-छात्राएं पकडे गए है जो सभी कम उम्र के बताए गए है। पुलिस ने यहां से आपत्तिजनक सामान भी बरामद करने का दावा किया है। शहर के लोगों का कहना है कि पुलिस को नियमित रूप से अभियान चलाकर ऐसे कैफों और अनैतिक गतिविधियों वाले सैन्टरों पर नजर रखनी चाहिए। एंटीरोमियों स्क्वायड और अन्य टीमों के माध्यम से समय-समय पर चैकिंग कर इन गतिविधियों को रोकने की जरूरत है।



मुजफ्फरनगर: जाट महासभा के अलंकरण समारोह में सम्मानित बच्चें व बुजुर्ग।

# जाट महासभा ने किया प्रतिभाओं का सम्मान

■ छात्र-छात्राओं के साथ खिलाड़ी और समाज के बुजुर्ग सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जाट महासभा तत्वावधान में भव्य अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ प्रतिभाशाली खिलाड़ियों और उच्च अंक हासिल करने वाले शिक्षार्थियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

समारोह का शुभारंभ भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत और बाबा राजेन्द्र मलिक, गठवाला खाप ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. राममोहन (चेयरमैन, सुदिति ग्लोबल एकेडमी, मैनपुरी) ने की। मुख्य अतिथि के रूप में मंच पर रामवीर तोमर (चेयरमैन, ईएमएस. इंफ्रा प्रा. लि. और भरत बालियान (एम.डी., भारती मीडिया एंड इवेंट्स प्रा. लि.) व विशिष्ट अतिथियों में अनुज चौधरी, चौधरी (एम.डी. वसुंधरा रेजिडेंसी ग्रुप), सचिन राणा (एम.डी. वेदांता ग्रुप), रामपाल वर्मा (मुख्य संरक्षक, जाट महासभा), सतीश मलिक (एस के एस टेक्नोक्रेट प्रा. लि.), सुभाष चौधरी (सचिव कृषि विभाग) और लेफ्टिनेंट अभिषेक सहारावत मौजूद रहे। समाज अध्यक्ष (धर्मवीर बालियान ने कहा आज हमारे समाज के छात्र-छात्राओं ने शिक्षा और खेल दोनों क्षेत्रों में जो उपलब्धियां हासिल की हैं, वे आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेंगी। शिक्षा और संस्कार हमारी सबसे बड़ी पूंजी हैं, और इन्हीं के सहारे समाज का उज्ज्वल भविष्य गढ़ा जा सकता है। जिला प्रेस प्रवक्ता बिट्टू सिखेड़ा ने बताया कि स्व. बाबा हरिकिशन मलिक को मरणोपरान्त जाट रतन से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार अनुज चौधरी (अर्जुन अवार्डी, ए.एस.पी. यूपी पुलिस), स्व. कुन्दन सिंह (संस्थापक पूर्व अधीक्षक, जाट छात्रावास), स्व. ब्रजवीर सिंह (एडवोकेट), डॉ. अनीता चौधरी, मास्टर देवी सिंह और स्व. ईजि. रामपाल सिंह को जाट गौरव सम्मान से अलंकृत किया गया। समारोह का संचालन महासचिव जयवीर सिंह ने किया। कार्यक्रम में जाट समाज के हजारों लोग उपस्थित रहे और इसे ऐतिहासिक रूप से सफल बनाया। अंत में अध्यक्ष धर्मवीर बालियान, महासचिव जयवीर सिंह और कोषाध्यक्ष राकेश बालियान ने सभी अतिथियों और समाज के लोगों का आभार जताया। कार्यक्रम में प्रेस प्रवक्ता बिट्टू सिखेडा, देवी सिंह वर्मा, यशपाल सिंह, सचिन राणा, अमर पाल सिंह, सुन्दर पाल सिंह, नरेन्द्र पाल सिंह रहे।

## सोशल मीडिया पर हथियार लहराने वाला गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** तितावी थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर शस्त्रों का प्रदर्शन करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकडे गए आरोपी ने कबूल किया कि रौब गालिब करने के लिए सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो डाले गए थे। तितावी थाना पुलिस उप निरीक्षक जयपाल व हेड कॉन्स्टेबल मनोज कुमार ने एसएसपी के निर्देश पर अंकित पुत्र जयवीर निवासी ग्राम जागाहेडी थाना तितावी को गिरफ्तार किया है। पुछताछ में युवक ने कबूल किया कि साथियों पर रौब गालिब करने और लोकप्रियता हासिल करने क लिए सोशलम मीडिया पर शस्त्रों के साथ फोटो डाले गए थे। पुलिस ने बताया कि आरोपी से हथियार बरामदगी की कार्यवाही की जा रही है।

# खतौली में पुलिस से शिकायत दर्ज कराने जा रहे युवक पर जानलेवा हमला

## कार से कुचलने की कोशिश, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** थाना खतौली क्षेत्र में अपने और परिवार के साथ मारपीट की शिकायत दर्ज कराने जा रहे एक व्यक्ति को विरोधी पक्ष ने कार से कुचलने का प्रयास किया। घटना का पूरा वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

महमूद पुत्र रमजानी ने बताया कि 24 सितंबर की सुबह लगभग 10 बजे अक्शा मस्जिद के सामने उनके और उनके परिवार के बीच विवाद हो गया। उन्होंने आरोप लगाया कि यामीन उर्फ पप्पी, आशू पुत्र यामीन, मोनू राठोर पुत्र इरफान, हसीन पुत्र खुर्शीद और छोटी व मोनू राठोर की पत्नी लाठी-डंडे और तमंचे लेकर उनके घर पहुंचे और उनके भाई फरमूद व बच्चों पर हमला किया।

भीड़ इकठ्ठा होने पर आरोपियों ने पथराव किया और मौके से भाग निकले। महमूद ने बताया कि पुलिस चौकी भूड़, खतौली शिकायत दर्ज कराने के लिए वह और उनके भाई फरमूद पहुंचे, तभी काले रंग की स्कार्पियो कार में आरोपी मौके पर पहुंचे। उन्होंने गाली-गलौच करते हुए कार को महमूद और फरमूद की ओर दौड़ा दिया।

इस हमले में राहगीरों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई और फरमूद की बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। किसी तरह दोनों ने अपनी जान बचाई और पुलिस चौकी में दाखिल होने में सफल रहे।

पीड़ित महमूद ने आरोप लगाया कि आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति के हैं और उनके खिलाफ पहले भी कई थानों में शिकायतें दर्ज हैं। उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से आग्रह किया है कि आरोपियों के खिलाफ तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए।

# वहलना में महिला की हत्या, आरोपी मुठभेड़ में घायल

■ लेनदेन के विवाद में दिया गया घटना को अंजाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** खालापार कोतवाली क्षेत्र के वहलना गांव में रविवार तड़के उस समय सनसनी फैल गई जब घर में सो रही 38 वर्षीय महिला की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। घटना से पूरे गांव में दहशत का माहौल बन गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच-पड़ताल करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

वहलना निवासी सुनीता कश्यप पत्नी स्व. पवन कश्यप शनिवार की रात अपने कमरे में सोई हुई थी। उसके बच्चे दूसरे कमरे में सो रहे थे। बताया जा रहा है कि रविवार तड़के गांव का ही परिचित आलम राना पुत्र रईस निवासी सुजड़ू चुपके से घर में दाखिल



हुआ और सो रही सुनीता का गला दबाकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही खालापार कोतवाली पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आलम राना का सुनीता के घर आना-जाना था और दोनों के बीच बीते कुछ समय से पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी रंजिश में आलम ने महिला की जान ले ली। पुलिस ने आसपास के लोगों व मृतका के बच्चों से पूछताछ की। बच्चों ने बताया कि आरोपी आलम अक्सर उनके घर आता-जाता था। वहीं, वारदात के बाद खालापार पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

कुछ ही घंटों में पुलिस की आलम राना से मुठभेड़ हो गई। जवाबी कार्रवाई में आरोपी को पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे दबोच लिया गया। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराकर कड़ी पूछताछ शुरू कर दी है। महिला की हत्या से गांव में गम और आक्रोश का माहौल है। सुनीता अपने पीछे मासूम बच्चों को बिलखता छोड़ गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्राथमिक जांच में हत्या का कारण लेन-देन का विवाद सामने आया है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# नवरात्र पर डांडियां नृत्य में महिलाओं ने मचाया धमाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड स्थिति सुरेंद्र नगर कॉलोनी के शिव मंदिर प्रांगण में धमाल वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा मां दुर्गा के नवरात्र पर डांडिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम माता के सामने दीप प्रज्वलित किया गया प्रोग्राम की शुरुआत गणपति वंदना से की गई इसके बाद माता के नौ रूपों को दर्शाते हुए एक भव्य डांस प्रोग्राम उसके बाद डांडिया का नृत्य कार्यक्रम जिसमें कॉलोनी की समस्त महिलाओं ने बहुत बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया।

सोसायटी अध्यक्ष डोली बंसल ने बताया कि माता के नवरात्रों शुक्ल पक्ष में आते हैं 9 दिन माता की हर घर में पूजा की जाती है अष्टमी एव नवमी को कन्याओं का पूजन किया जाता है। इस दिन माता को हलवा पूड़ी का भोग लगाया जाता है। कार्यक्रम में धमाल वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष डॉली बंसल, मिनी गोयल, शालिनी अग्रवाल एवं मधु त्रिपाठी, शिखा जैन, श्रद्धा अग्रवाल, रीना गोयल, स्वाति मित्तल, अमित शर्मा, नूपुर पुरी, राखी अग्रवाल, नेहा वर्मा आदि ने मुख्य भूमिका निभाई

# योगी ने रखा मंत्री कपिल का मान, वाल्मीकि जयंती अवकाश मंजूर

■ लखनऊ में मुलाकात कर मुख्यमंत्री का आभार जताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री, पूज्य महंत योगी आदित्यनाथ द्वारा आदि कवि, त्रिकालदश महर्षि वाल्मीकि जी के पावन प्रकटोत्सव दिवस 7 अक्टूबर पर पुनः राजकीय अवकाश घोषित करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर प्रदेश के सभी देवालयों में श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ भी आयोजित किया जाएगा।

प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री, कपिल देव अग्रवाल ने इस निर्णय



पर हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज, जिला संगठन मुज़फ्फरनगर तथा वाल्मीकि समाज के सम्मानित बंधुओं ने महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव पर सार्वजनिक अवकाश को पुनर्स्थापित करने हेतु एक ज्ञापन सौंपा था। समाज की इन भावनाओं का सम्मान करते हुए, उन्होंने स्वयं इस विषय को माननीय मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत कर राजकीय अवकाश घोषित करने का विनम्र आग्रह किया था।

मंत्री ने कहा कि यह निर्णय न केवल आदि कवि महर्षि वाल्मीकि जी के अमर योगदान को सम्मान देने वाला है, अपितु यह समाज के प्रत्येक वर्ग को उनकी कालजयी शिक्षाओं और आदर्शों से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम भी बनेगा।राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने इस ऐतिहासिक एवं प्रशंसनीय निर्णय के लिए मुख्यमंत्री पूज्य महंत योगी आदित्यनाथ का हृदय से आभार प्रकट किया है और समस्त प्रदेशवासियों तथा वाल्मीकि समाज को हार्दिक बधाई दी है।

# लाटरी सिस्टम से तय किए ई-रिक्शा के रूट

■ शहर में पांच अलग-अलग रूट निर्धारित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहर में ई-रिक्शा संचालन के लिए पांच अलग-अलग रूट तय कर दिए गए हैं। इन्हें लॉटरी सिस्टम से आवंटित किया गया है। यह व्यवस्था आगामी दो अक्तूबर से लागू होगी और बिना निर्धारित रूट पर चलने वाले ई-रिक्शा पर कार्रवाई की जाएगी ।

ट्रैफिक पुलिस ने जाम और अनधिकृत संचालन रोकने के लिए शहर में 5 रूट तय किए हैं, जिनका आवंटन शनिवार को पुलिस लाइन परिसर में लॉटरी के जरिए किया गया। एसपी ट्रैफिक अतुल दूबे ने बताया कि ई रिक्शा संचालन के लिए आवेदन न करने वालों के लिए ट्रैफिक पुलिस संबंधित के पते पर आधारित स्वतरू रूट निर्धारण करेगा। यह व्यवस्था दो अक्टूबर निर्धारित की जा रही है।

रूट-1 (रिंग रोड, लाल पट्टी)रोडवेज बस अड्डा, प्रकाश चौक, महावीर चौक , मीनाक्षी चौक, फक्करशाह चौक, शामली अड्डा पुलिस चौकी, हनुमान चौक, आबकारी चौकी, बकरा मार्केट, नावल्टी चौक, अस्पताल चौक , घास मंडी तिराहा, अंसारी रोड, मालवीय चौक , रेलवे स्टेशन, वापस रोडवेज से इस रूट पर लाल रंग की पटी अनिवार्य होगी । इसे शहर के भीतर रिंग रोड व्यवस्था के रूप में लागू किया जाएगा ताकि मुख्य जंक्शनों पर भीड़ नियंत्रित रहे।

लिंक रूट-2 (नीली पट्टी) गुरु नानक ढाबा के सामने से बुढ़ाना रोड, बुढ़ाना रोड पुलिस चौकी,चरथावल मोड़ , शनिदेव मंदिर, शामली व चरथावल बस अड्डा , शामली चौकी के सामने से कृष्णापुरी, प्रेमपुरी, खालापार होते हुए मेरठ रोड सुजड़ू गांव, राणा चौक , वहलना गांव गेट तक आवागमन होगा। इस रूट पर नीली पट्टी अनिवार्य रहेगी और लिंकिंग के जरिए बस अड्डों व बाहरी कड़ियों को जोड़ा गया है। लिंक रूट-3 (हरी पट्टी) महावीर चौक , सर्कुलर रोड , सुजड़ू चुंगी पुलिस चौकी , राणा चौक , वहलना गांव गेट तक,जाट कॉलोनी , परिक्रमा मार्ग , टिकैत चौक , भगीरथ चौक , ए टू जैड कॉलोनी , अलमासपुर चौराहा , नई मंडी क्षेत्र , कूकड़ा चौराहा , बालाजी चौक , जानसठ रोड फ्लाईओवर के नीचे, भोपा रोड विश्वकर्मा चौक तक संचालन होगा। इस रूट पर हरी पटी अनिवार्य रहेगी और शहर के उत्तर-पश्चिमी कॉरिडोर को कवर करेगा। लिंक रूट-4 (काली पट्टी) मदन स्वीट्स गांधी कॉलोनी, गढ़ी गांव, पचेंडा गांव फ्लाईओवर के नीचे तक, सरवट गांव, मल्हूपुरा, साकेत रोड कॉलोनी के अंदर ब्रह्मपुरी कॉलोनी के अंदर, अस्पताल चौक वाया मदनी चौक, बागो वाली कट को छोड़कर रुड़की रोड, मिमलाना रोड, न्याजूपुरा रामलीला टीला, रामपुरी, पाल धर्मशाला, इंद्रापुरी सहारनपुर बस अड्डा, रामपुर तिराहा तक रूट चलेगा। इस रूट पर काली पटी अनिवार्य रहेगी और पूर्वोत्तर-उत्तरी परिक्षेत्र की कनेक्टिविटी का फोकस रहेगा। लिंक रूट-5 (सफेद पट्टी) प्रकाश चौक, आंबेडकर चौक, कचहरी झांसी की रानी, टाउन हॉल, बालाजी चौक, सदर बाजार, मालवीय चौक, न्यू आर्यपुरी, शिव चौक, आलू मंडी, रुड़की रोड नावल्टी चौक तक ई-रिक्शा चलेंगी। इस सेक्टर में 50 ई-रिक्शा चलेंगी और इन पर सफेद पटी अनिवार्य होगी। यह रूट ट्रेड डेंसिटी वाले बाजार क्षेत्रों को कवर करता है।

# भरत मिलाप की भावुक लीला से मंत्रमुग्ध हुए दर्शक

■ रामलीला दे रही संस्कृति व संस्कारों का संदेश: मनीष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्री रामलीला भवन सेवा समिति, पटेलनगर के तत्वावधान में चल रही रामलीला इन दिनों आस्था और श्रद्धा का केंद्र बनी हुई है। शनिवार की रात भरत मिलाप की भावुक लीला ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। मंचन में स्थानीय और युवा कलाकारों ने ऐसा जीवंत अभिनय प्रस्तुत किया कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।

रामलीला मंचन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे राष्ट्रीय सामाजिक संस्था के अध्यक्ष समाजसेवी मनीष चौधरी ने सपरिवार पूजन और आरती



की। इसके बाद अन्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्जवलित कर लीला का शुभारंभ कराया। कमेटी के पदाधिकारियों ने समाजसेवी मनीष चौधरी को स्मृति चिन्ह और पटका पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने मीडिया कर्मियों से बातचीत में कहा कि श्री रामलीला भवन सेवा समिति पटेलनगर में भव्य और सुन्दर लीला का मंचन हो रहा है। इस रामलीला की सबसे बड़ी और सराहनीय बात यह है कि यहां पर स्थानीय और युवा कलाकारों के द्वारा ही मंचन किया जाता है, जो साबित करता है कि यह रामलीला कमेटी युवाओं को सनातन संस्कृति से जोड़ रहा है और यह प्रयास कमेटी पिछले 50 वर्ष से निरंतर कर रही है। इससे न केवल पारंपरिक सनातन संस्कृति से युवा पीढ़ी को परिचित कराया जा रहा है, बल्कि समाज में भक्ति और संस्कारों का भी संदेश प्रसारित किया जा रहा है। इस लीला के साथ ही समाज को भी भगवान श्री राम की भक्ति का संदेश दिया जा रहा है। शनिवार की रात को यहां पर भरत मिलाप का सुन्दर मंचन किया और सभी कलाकारों ने इस लीला का भावपूर्ण और आस्थापूर्ण मंचन कर सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम संयोजक विकल्प जैन ने मंचन के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा की जा रही व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन रामलीला मंचन देखने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु उमड़ रहे हैं और पुलिस का सहयोग अनुकरणीय है। शनिवार को हुए मंचन में भरत मिलाप की लीला ने दर्शकों की आंखों को नम कर दिया। भरत और श्रीराम के मिलन की इस भावुक प्रस्तुति में कलाकारों ने आस्था, प्रेम और भाईचारे का अद्वितीय संदेश दिया। मंचन के दौरान प्रमुख रूप से रामलीला कमेटी के मुख्य प्रबंधक अनिल ऐरन, अध्यक्ष गोपाल चौधरी, कार्यक्रम संयोजक विकल्प जैन, उपाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, महामंत्री सुरेंद्र मंगल, मंत्री जितेंद्र कुच्छल, मनोज पाटिल, दिनेश जैन ठेकेदार, अनिल लोहिया, पीयूष शर्मा, राकेश मित्तल, विनोद गुप्ता, निर्देशक पंकज शर्मा, नारायण ऐरन, विजय मित्तल, जितेंद्र नामदेव, गोविंद शर्मा रहे।

# मापतौल विभाग ने निर्धारित शुल्क से अधिक वसूली पर व्यापारियों में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** मापतौल विभाग ने आज छोटे छोटे व्यापारियों से सरकारी शुल्क के नाम पर अवैध वसूली की जिसका पुरकाजी के भाकियू व्यापार प्रकोष्ठ ओर व्यापार मंडल ने जमकर विरोध किया यूनियन के नगर अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों के साथ व्यापारी नेताओं ने पहुंचकर मापतौल रसीद काटने वालो से सरकारी शुल्क से अधिक वसूली गई राशि वापिस कराई गई।



भविष्य में व्यापारियों की बिना सहमति के किसी व्यापारी की रसीद ना काटने के आश्वासन पर विवाद समाप्त हुआ। इस मौके पर भाकियू नगर अध्यक्ष सुलेमान मेंबर, भाकियू व्यापार प्रकोष्ट नगर अध्यक्ष दीपक माहेश्वरी, व्यापार मंडल अध्यक्ष निर्दोष जैन, भाकियू ब्लॉक उपाध्यक्ष वंश अग्रवाल, व्यापारी नेता संदीप गोयल, व्यापारी नेता लाल नवीन गोयल, भाकियू जिला सचिव शहलाम मेंबर, आकाश गोयल, लालू जैन भाजपा नेता सुशील वर्मा, अमन सिंगल शंकर गोयल, गौरव माहेश्वरी, अकील खान, राजकिशोर, आशीष गोयल आदि मौजूद रहे।

# ललित कला एकेडमी ने किया चितरंजन स्वरूप आर्ट गैलरी का अवलोकन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सनातन धर्म इंटर कॉलेज मुजफ्फरनगर की चितरंजन स्वरूप आर्ट गैलरी में चल रही अंतर-राज्य कला प्रदर्शनी में आज मुख्य अतिथि के रूप में राज्य ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश के सदस्य डॉ. दुर्जन सिंह राणा व विशिष्ट अतिथि डॉ. सोहन सिंह ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

इस अवसर पर डॉ. दुर्जन सिंह राणा ने विद्यालय के प्रधानाचार्य की सुपुत्री का लाइव पोर्ट्रेट बनाया तथा पोर्ट्रेट की बारीकियों को समझाया जिसकी सभी अतिथियों व छात्रों ने प्रशंसा की पदम श्री बाबा योगेंद्र कला सम्मान से सम्मानित कलाकार डॉ. महावीर सिंह जी ने बताया कि राणा जी पोर्ट्रेट के विख्यात कलाकार है उनके बनाए चित्र देश के अनेक संस्थानों में संग्रहित है। तथा वर्तमान में क्रिएटिव आर्टिस्ट सोसायटी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष भी है।

डॉ. सोहन सिंह कैलीग्राफी के चित्र बनाने में माहिर है उन्होंने छात्रों को कैलीग्राफी के महत्व के बारे में बताया।

कार्यक्रम में दोनों अतिथियों का विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री आदित्य प्रकाश सक्सेना जी ने पटका



पहना कर स्वागत व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डॉ.दुर्जन सिंह राणा ने विशाल चित्रकला प्रदर्शनी की जमकर प्रशंसा की और कहा कि यह कार्यक्रम संयोजक डा. राजबल सैनी जी के अथक प्रयास और कड़ी मेहनत का ही परिणाम है कि सुंदर कलाख्रतिया एक साथ देखने को मिली है। इस अवसर पर कार्यक्रम में मनीष गर्ग, सुनील कुमार, सचिन ,गीता रानी, अभिषेक , वंश ,शिवानी ,आकाश आदि उपस्थित रहे।

प्रधानाचार्य जी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## सर्प दंश से ग्रामीण की मौत ,मचा कोहराम

**मोरना।** कम्हेड़ा गांव में लघुशंका के लिए घर बाहर गये असलम को ईंटों के ढेर से निकले जहरीले सांप ने काट लिया। परिजन उसे जिला चिकित्सालय ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परि. जनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई के शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया।

ककरौली थाना क्षेत्र के कम्हेड़ा गांव निवासी असलम (65) रविवार घर से बाहर लघुशंका के लिए जा रहा था। घर के बाहर पुरानी ईंटों के ढेर में से अचानक एक जहरीला सांप निकलकर आया और उसके पैर में डस लिया। सांप वापस ईंटों के ढेर में छिप गया। असलम को तुरंत जिला चिकित्सालय ले गए। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई के उसे सुपुर्द-ए-खाक कर दिया। असलम की मौत से पत्नी नफीसा, मां खातून, पुत्र अनस, साजिद, गुलबहार, पुत्री शाईस्ता, भूरी,शीबा का रो-रोकर बुरा हाल है।

# गुरुकुल रतनपुरी में नवरात्रि पर पंचकुंडीय महायज्ञ का आयोजन

**खतौली।** श्रीराम जानकी सेवा समिति गुरुकुल रतनपुरी में नवरात्रि के अवसर पर पंचकुंडीय महायज्ञ का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। सभी के जीवन में सुख, शांति व समृद्धि की कामना को लेकर समिति द्वारा प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठान एवं पूजा-अर्चना संपन्न कराई जा रही है। रविवार को संपन्न हुए यज्ञ में ग्राम प्रधान रतनपुरी कपिल सोम, आचार्य विनोद शर्मा मुजाहिदपुर, रणबीर शर्मा खतौली, दीपक कुमार खतौली, डॉ. नितिन कुमार खतौली, अनिल शर्मा फरीदपुर, ललित शर्मा चन्दसीना, कृष्ण सोम रतनपुरी, अवनीश शर्मा खतौली, तरसपाल चेयरमैन रतनपुरी तथा राजेंद्र मित्तल भनवाड़ा मुख्य यजमान रहे। समिति के अध्यक्ष व संरक्षक आचार्य अनिरुद्ध शर्मा तथा यज्ञाचार्य श्रद्धेय श्री अत्रि जी महाराज ने बताया कि नवरात्रि के सातवें दिन माँ कालरात्रि की पूजा की जाती है। माँ कालरात्रि देवी दुर्गा के नौ रूपों में से एक हैं, जिनकी आराधना से भक्तों को शक्ति, साहस और समृद्धि की प्राप्त होती है। महायज्ञ में आचार्य विनीत, आचार्य दीपक, सौरव शास्त्री, विशाल भारद्वाज, गौरव, अमन, विपिन, प्रवेश, आयुष, रवि कुमार, लोकेश सोम सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु व ग्रामीण भक्तजन शामिल रहे।

## सुग्रीव मित्रता तथा बाली वध का अद्भुत प्रसंग

**मीरापुर।** कस्बे के रामलीला भवन में श्री रामलीला समिति रजिस्टर्ड मीरापुर के बैनर तले प्रोजेक्टर द्वारा आयोजित रामलीला मंचन में शनिवार को भगवान श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता तथा बाली वध का अद्भुत प्रसंग प्रस्तुत किया गया। समिति के अध्यक्ष दीपक गायेल ने बताया कि श्रीराम व बाली की मित्रता यह संदेश मिला कि सच्ची मित्रता धर्म और न्याय के मार्ग को सशक्त बनाती है। राम और सुग्रीव की मित्रता के आधार पर ही रावण पर चढ़ाई करने की योजना बनाई गई थी, जो आगे चलकर धर्म की विजय का आधार बनी। कार्यक्रम को सफ़ल बनाने में रोहित महेश्वरी, दीपक गोयल, गौरव भटनागर, अनिरुद्ध गोयल, मनोज मिश्रा, सुभाष चौधरी, सुभाष कंबोज, रविंद्र चौधरी, मिंटू चौधरी, विवेक वर्मा, देवेंद्र ठाकुर, सुनील भटनागर, राजपाल भैया जी, पंकज गंगपुरी और रजनीश गंगपुरी ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

# अंततः धर्म और सत्य की ही विजय होती : पंकज सिंगल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** कस्बे के मुख्य बाजार में चल रही रामलीला इन दिनों आस्था और सांस्कृतिक उल्लास का केंद्र बनी हुई है। श्रद्धालुजन प्रतिदिन सायं समय पर रामलीला पंडाल में पहुँचकर विभिन्न प्रसंगों का रसास्वादन कर रहे हैं। स्थानीय कलाकारों की जीवंत प्रस्तुति दर्शकों को ऐसा अनुभव करा रही है मानो वे स्वयं त्रेतायुग के पावन समय में पहुँच गए हों।

शनिवार की संध्या का प्रमुख आकर्षण बाली वध का प्रसंग रहा। मंच पर भगवान श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता तथा बाली का पराक्रम जिस प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया, उसने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। राम द्वारा बाली का वध कर सुग्रीव को राज्य दिलाने का ख्रश्य इतना मार्मिक और जीवंत रहा कि पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस प्रसंग ने दर्शकों को यह संदेश दिया कि अन्याय और अधर्म चाहे कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंततः धर्म और सत्य की ही विजय होती है। रामलीला समिति के अध्यक्ष पंकज सिंगल ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन का उद्देश्य केवल



मनोरंजन नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को हमारी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में भी आकर्षक और रोचक प्रसंगों का मंचन किया जाएगा, जिन्हें देखने के लिए लोगों में उत्साह और उत्सुकता चरम पर है।

# 10वीं की छात्रा को तंग करने वाले मनचले पर केस दर्ज

**मीरापुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली दसवीं कक्षा की छात्रा के साथ सोशल मीडिया के माध्यम से लगातार अश्लील हरकतें करने के मामले में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

मीरापुर थाने में दर्ज मुकदमे के अनुसार आरोपी युवक कई दिनों से दूसरे सम्प्रदाय की छात्रा को गलत तरीके से अश्लील मैसेज भेज रहा था। इतना ही नहीं इंस्टाग्राम पर अश्लील फोटो लगाकर वह युवती को मानसिक रूप से परेशान कर रहा था। इसके अलावा आरोपी युवक अक्सर छात्रा का पीछा भी करता था, जिससे छात्रा भयभीत और तनावग्रस्त रहने लगी। पीड़िता ने हिम्मत जुटाकर अपने परिजनों को पूरी बात बताई। परिजन तुरंत थाना पहुंचे और पुलिस को लिखित तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी युवक के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी बबलू सिंह वर्मा ने बताया कि आरोपी पर लगाई गई धाराओं के अनुसार उसकी जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी और उसे जेल भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की हरकतें किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएंगी।

## भागवत पीठ में सुनी गई मोदी के मन की बात



**मोरना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात के 126वें प्रसारण को भागवत पीठ श्री शुकदेव आश्रम के प्रांगण में विशेष रुप से सुना गया। मोदी के भारत की संस्कृति और तीर्थों की विरासत को पूरी दुनिया से जोड़ने के आह्वान की प्रशंसा की गई। शुकतीर्थ स्थित श्री शुकदेव आश्रम में सिद्ध वटवृक्ष के नीचे सैकड़ों साधु संतों, आचार्यों पुरोहितों और भाजपा के पदाधिकारियो ने प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी। पीठाधीश्वर स्वामी ओमानन्द महाराज से आशीर्वाद के उपरांत भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक के नेतृत्व में भागवत पीठ में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने छट पूजा, दीपावली पर्व और वाल्मीकि जयंती की महिमा बताते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने प्रभु श्री राम के आदर्श जीवन का चित्रण कर रामायण जैसा महाग्रंथ राष्ट्र को दिया। अयोध्या में श्री राम मंदिर दर्शन को जाएं तो महर्षि वाल्मीकि और निषाद राज गुहु के दर्शन भी करें। भारत की सनातन संस्कृति विश्व की मार्गदर्शक है। तीर्थों की विरासत, शास्त्रीय संगीत और भारत की अन्य विविध कलाओं से दुनिया जुड़ रही है। कार्यक्रम में महामंडलेश्वर स्वामी गोपाल दास महाराज, जिला पंचायत अध्यक्ष डा. वीरपाल निर्वाल, नगर पालिका अध्यक्षा मीनाक्षी स्वरूप, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, पूर्व विधायक अशोक कंसल, उमेश मलिक, क्षेत्रीय अध्यक्ष मान सिंह गोस्वामी, ब्लॉक प्रमुख अनिल राठी, शरद शर्मा, अमित राठी, विनोद शर्मा, धर्मेंद शर्मा, डा. पुरुषोत्तम, अजय कृष्ण शास्त्री, भाजपा मंडलाध्यक्ष अरुण पाल,ट्रस्टी ओमदत्त देव, कथा व्यास अचल कृष्ण कृष्ण शास्त्री, सुमन शास्त्री आदि मौजूद रहे।

## जय भारत इंटर कॉलेज के अध्यक्ष चुने गए सत्यप्रिय त्यागी

**छपार।** जय भारत इंटर कालेज की प्रबंध समिति का चुनाव सर्वसम्मति से निर्विरोध सम्पन्न हो गया जिसमें सत्यप्रिय त्यागी अध्यक्ष व चंद्रबोस त्यागी को प्रबंधक चुना गया। कुल बारह सदस्यों की समिति बनाई गई। उक्त कालेज में प्रबंध समिति चुनाव की प्रक्रिया 26 सितंबर को सूची चस्पा से शुरू हुई ओर रविवार को चुनाव शुरू हुआ जिसमें सुबह साढ़े नौ बजे से 11 बजे तक प्रत्याशियों के लिए नामांकन पत्र खरीदने का समय रखा गया। चुनाव अधिकारी शिवकुमार कौशिक व ललित गुप्ता विभागीय प्रेक्षक ने बताया कि साढ़े तीन बजे तक अध्यक्ष व के लिए सत्यप्रिय त्यागी व प्रबंधक के लिए चंद्रबोस त्यागी ने नामांकन पत्र खरीदे उसके बाद कोई नामांकन नहीं भरा गया। उनके अलावा शिवकुमार त्यागी उपाध्यक्ष,तपेश त्यागी उपप्रबंधक,ओमदत्त त्यागी कोषाध्यक्ष व सुरेश चंद, ईश्वर चंद प्रमोद कुमार, प्रदीप कुमार, राजकुमार, राजेश व संजय सदस्य पर पर सर्वसम्मति से निर्विरोध चुने गये।

# फसल से पहले नस्ल को ही बचाओ : चंद्रमोहन



**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गावं खेडा मस्तान में फसल से पहले नस्ल बचाओ विचार सभा का आयोजन किया गया। इस विचार सभा में मुख्य अतिथि हिंद मजदूर किसान समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रमोहन रहे। जिन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अब युवाओं को नशे से दूर ही रहना चाहिए क्योंकि नशा युवाओं की जिंदगी को बर्बाद करके रख देता है। उन्होंने कहा घकि हमें अपने भारत देश और समाज की उन्नति के लिए जातिवाद से भी ऊपर उठना होगा क्योंकि हम सभी हिंदू हैं। इसलिए हिंदुत्व को मजबूत करो। हिंदुत्व मजबूत होने पर ही भारत देश हिंदू राष्ट्र बनेगा। कार्यक्रम में चंद्रमोहन ने कहा कि शिक्षा पर सभी का समान अधिकार है। शिक्षा का स्तर सभी के लिए एक समान ही होना चाहिए और सभी स्कूलों में पाठड्क्रम एक जैसा ही होना चाहिए। गरीब और अमीर की शिक्षा में अंतर नही होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी देशवासियों के लिए शिक्षा और दवाई मुफ्त होनी चाहिए। इस मौके पर यहां मुख्य रूप से पूर्व मंत्री चौधरी योगराज सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री डाक्टर संजीव कुमार बालियान, शामली विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रसन्न चौधरी, नगर पंचायत बुढ़ाना के पूर्व चेयरमैन जितेंद्र त्यागी, धर्मेंद्र मलिक और गठवाला खाप के बाबा राजेंद्र सिंह ने भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## पूर्व विधायक ने फूड सोसाइटी अध्यक्ष को किया सम्मानित

**बुढ़ाना।** विधानसभा बुढ़ाना क्षेत्र के पूर्व विधायक उमेश मलिक ने बुढ़ाना कस्बे में पहुंचकर सैंकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिक. ारियों की मौजूदगी में फूड सोसाइटी बुढ़ाना के चौयरमेन मुकुल मित्तल को सम्मनित किया। पूर्वघ विधायक उमेश मलिक ने कहा कि यह क्षण न केवल हमारे परिवार के लिए बल्कि पूरे कस्बे के लिए गर्व की बात है। मुकुल की मेहनत और समाजसेवा की भावना को यह सम्मान सही मायने में सच्ची पहचान देता है। हम उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हैं कि वे यूं ही समाज की सेवा करते रहें। इस मौके पर मुख्य रूप से भूमि विकास बैंक बुढ़ाना के चौयरमेन उमेश मलिक, भारतीय जनता पार्टी मंडल बुढ़ाना अध्यक्ष मोनू ठाकुर कुरथल, शाहपुर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष प्रमेश सैनी, बुढ़ाना नगर पंचायत के पूर्व सभासद मुकेश शर्मा, पुनीत कुमार और हिमांशु संगल सहित सैंकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जलनिगम की कार्यप्रणाली से परेशान, सभासद ने जिलाधिकारी को लिखा पत्र

**चरथावल।** नगर पंचायत चरथावल मे जल निगम की कार्यप्रणाली से परेशान होकर सभासद गुलफाम उर्फ़ काला ने जिलाधिकारी सहित अधिशासी अभियंता जल निगम को लिखित शिकायती पत्र सौपा है। सभासद ने आरोप लगाया हे की नगर पंचायत चरथावल मे जल निगम द्वारा किए जा रहे पाइपलाइन कार्य मे ठेकेदार द्वारा विभिन्न प्रकार से भ्रष्टाचार और लापरवाही बरतने का आरोप सभासद द्वारा लगाया गया हे इसके अलावा नगर की अनेको गलीयों मे पाइपलाइन न डालने, नए कनेक्शन न करने विभिन्न सड़को पर गढढे खोदकर नयी नयी सड़को को खराब करने, अनेको घरो के कनेक्शनों पर टोंटी न लगाने, ब्रांच गलियों की पाइपलाइन को मेन लाइन से न जोड़ने आदि आरोप लगाते हुए नगर की मुख्य सड़को मे गढ़ढे छोड़ने के कारण नगर की गलियों से गुजरने वाले राहगीरों की अनेको मोटर साईकिल गढ़ढो मे गिरने सहित जलनिगम द्वारा छोड़े गए गड्ढो मे



किसानो के अनेको पशु भी घायल होने की बात कही हेस और हालत यह हे की जल निगम द्वारा नगर की सड़को पर बड़े बड़े गढ़ढे छोड़ दिए गए हे जिससे नगरवासियो सहित क्षेत्रवासियो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हेस सभासद नए जिलाधिकारी से जल निगम के कार्यों की जाँच कराकर नगरवासियो को इन समस्याओ से निजात दिलाने की मांग की है वही पूर्व मे भी अनेको बार जलनिगम के कार्यों मे ठेकेदारों पर लापरवाही बरतने और कार्य को सही न करने के आरोप अनेको नगरवासियो द्वारा लगाए जा चुके हे और जलनिगम द्वारा नगरवासियो को समस्याओ से छुटकारा दिलाने की मांग करते हुए जल निगम के कार्यों को तत्काल पूरा करने की मांग सभासद गुलफाम उर्फ़ काला द्वारा किए गयी हे वही जलनिगम द्वारा छोड़े गए गड्ढो के कारण नगर पंचायत के रास्तो का बुरा हाल हे और अनेको लोग हादसों का शिकार हो चुके हे आख़िरकार जल निगम के ठेकेदार क्यों नहीं कर रहे हे समय से कार्य बार बार गुहार लगाने पर भी जलनिगम द्वारा पानी लिकिज की समस्या से नगरवासियो को नहीं दिलाया जाता हे छुटकारा जलनिगम द्वारा क्यों बरती जाती हे लापरवाही, समय पर नहीं होता हे कार्य अनेको घरो के बाहर नगर मे हो रहे पानी लिकिज के कारण रहता हे बुरा हाल, गढ़ढो मे भर जाता हे पानी लिकिज के कारण गंदा पानी घरो के बाहर,और मुख्य मार्ग पर जमा रहता हे जिससे बीमारी फैलने की रहती हे आशंका ।

# क्रोध में आकर रावण ने लंका से विभीषण को निष्काषित किया

**जानसठ।** कस्बे की मोहल्ला मिश्रान स्थित प्राचीन रामलीला में स्थानीय कलाकारों के द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है। रामलीला में शनिवार को विभीषण शरणागति और रामेश्वर स्थापना की लीला का मंचन बहुत हो शानदार ढंग से किया गया। शनिवार को कस्बे की प्राचीन रामलीला में मंचन के दौरान दिखाया गया कि जब विभीषण ने रावण को समझाया कि राम से बैर त्याग कर सीता माता को वापस भेज दो। इस पर रावण क्रोध में आकर विभीषण को लंका से निष्कासित कर देता है। तब विभीषण भगवान राम की शरण में आते है। रावण अपने दो गुप्तचर सुख और सारंग को राम की सेवा का पता लगाने के लिए भेजता है परंतु विभीषण उन्हें पहचान लेते हैं। आगे की लीला में वानर सेना समुद्र के पास पहुंची। समुद्र पर पहुंचने के बाद श्री राम वहां पर रामेश्वर ज्योतिर्लिंग की स्थापना करते हैं और समुद्र से समुद्र पार करने का रास्ता मांगते हैं। रामलीला देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। रामलीला में राम का अभिनय सुमित सैनी, लक्ष्मण का अभिनय श्याम बाबू सैनी, सीता का अभिनय अनिल कुमार, हनुमान का लवी सैनी, सुग्रीव का विशांत, रावण का अभिनय प्रमोद प्रजापति, विभीषण का राजन शर्मा, मेघनाथ का अंशुल के द्वारा किया जा रहा है।

## विभिषण को गले लगाकर श्रीराम ने दिखाया भक्त वत्सल स्वरूप

**जानसठ।** कस्बे की मोहल्ला मिश्रान स्थित प्राचीन रामलीला में शनिवार को मंचन के दौरान दिखाया गया कि जब विभीषण ने रावण को समझाया कि राम से बैर त्याग कर सीता माता को वापस भेज दो। इस पर रावण क्रोध में आकर विभीषण को लंका से निष्कासित कर देता है। तब विभीषण भगवान राम की शरण में आते है। आगे की लीला में वानर सेना समुद्र के पास पहुंची। समुद्र पर पहुंचने के बाद श्री राम वहां पर रामेश्वर ज्योतिर्लिंग की स्थापना करते हैं और समुद्र से समुद्र पार करने का रास्ता मांगते हैं। रामलीला में राम का अभिनय सुमित सैनी, लक्ष्मण का अभिनय श्याम बाबू सैनी, सीता का अभिनय अनिल कुमार, हनुमान का लवी सैनी, सुग्रीव का विशांत, रावण का अभिनय प्रमोद प्रजापति, विभीषण का राजन शर्मा, मेघनाथ का अंशुल के द्वारा किया जा रहा है।

# युवा पंजाबी समाज ने लगाया 21वां प्री मेडिकल कैंप

**मुजफ्फरनगर।** गांधी कॉलोनी स्थित पंजाबी बारात घर में रविवार को युवा पंजाबी समाज संगठन द्वारा 21वां प्री मेडिकल कैंप आयोजित किया गया, जिसमें नगर की पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीनाक्षी स्वरूप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस स्वास्थ्य शिविर में लगभग 650 लोगों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और आवश्यकता अनुसार विभिन्न जांचें भी कराई गईं।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने समाजसेवा के क्षेत्र में युवा पंजाबी समाज के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि सेवा का कोई धर्म नहीं होता। जब युवा संगठनों की सोच मानवता की ओर होती है, तभी समाज में सच्चा परिवर्तन आता है। युवा पंजाबी समाज ने लगातार 26 वर्षों तक जो सेवाभाव दिखाया है, वह न केवल प्रेरणादायक है, बल्कि अन्य संगठनों के लिए भी अनुकरणीय उदाहरण है। इस अवसर पर भाजपा नेता गौरव स्वरूप ने भी शिविर आयोजन पर संगठन के पदाधिकारियों, समाज और चिकित्सकों व स्वयंसेवकों की प्रशंसा की। शिविर में शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सक डा. सुधीर लूथरा, डा. विभोर जैन, डा. अरुण अरोरा, डा. जतिन धींगड़ा, अनिल कक्कड़, अरुण मारवाह सहित स्वास्थ्यकर्मी टीम ने नि:स्वार्थ भाव



से सेवाएं दीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में संगठन के चेयरमैन नीरज मुंजाल, प्रेसीडेंट संजय वधावन, सचिव शैलेन्द्र शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रशांत मक्कड़, अनिल अरोरा, राज. कुमार रहेजा, मनीष कुमार सहित कई सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## मिशन शक्ति टीम ने सराहनीय कार्य कर सकुशल बरामद किए दो मासूम

**खतौली।** एन्टी रोमियो एवं मिशन शक्ति टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लापता हुए दो मासूम बच्चों को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सौंप दिया। बच्चों की सकुशल बरामदगी पर परिजनों व क्षेत्रवासियों ने पुलिस टीम की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना खतौली क्षेत्र के सद्दीकनगर निवासी जरीफ पुत्र सरीफ ने थाना पहुंचकर सूचना दी कि उनकी पुत्री सोफिया (11 वर्ष) व पुत्र सुभान (5 वर्ष) गत 27 सितंबर की शाम करीब सात बजे घर से बिना बताए कहीं चले गए थे। परिजनों ने बच्चों की काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। सूचना पर क्षेत्राधिकारी राम आशीष यादव के कुशल नेतृत्व तथा थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश चंद्र बघेल के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई। उप निरीक्षक धर्मेंद्र श्यौराण, महिला उप निरीक्षक खुशबू कुमारी, हेड कांस्टेबल धीरेन्द्र कुमार, धनेश कुमार, कांस्टेबल अजीत कुमार व महिला कांस्टेबल कोमल चौधरी की संयुक्त टीम ने महज चार घंटे के भीतर दोनों मासूम बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया। इसके बाद दोनों बच्चों को उनके पिता के सुपुर्द किया गया। पुलिस टीम की त्वरित कार्यवाही से परिजनों ने राहत की सांस ली। मौके पर मौजूद लोगों ने एन्टी रोमियो व मिशन शक्ति टीम की तत्परता की सराहना की।

# मन की बात कार्यक्रम राष्ट्र जागरुकता का बड़ा अभियान: मीनाक्षी स्वरूप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** रविवार को शुक्तीर्थ स्थित ऐतिहासिक शुकदेव आश्रम के मंदिर परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का सीधा प्रसारण भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के द्वारा साधु-संतों और आम जनमानस के साथ सुना गया। इस दौरान राष्ट्रवाद के प्रति उत्साह और श्रद्धा का संगम बना नजर आया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष और विधान परिषद् सदस्य विजय बहादुर पाठक, जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप उपस्थित रहे। मन की बात कार्यक्रम का माहौल अत्यंत प्रेरणादायक रहा। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में देश के युवाओं, किसानों, महिलाओं और समाजसेवकों के उल्लेखनीय योगदानों की सराहना करते हुए देश के समग्र विकास में जनभागीदारी की महत्ता को रेखांकित किया।नगरपालिका परिषद् की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने मन की बात कार्यक्रम को राष्ट्र को जागरूक करने वाला एक बड़ा अभियान बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी का मन की बात कार्यक्रम समाज के हर वर्ग को जोड़ने वाली एक संवेदनशील कड़ी है। यह न केवल प्रेरणा देने वाला है, बल्कि राष्ट्र निर्माण की दिशा में जनमानस को जागरूक करने वाला भी है। जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी ने कहा कि 'मन की बात कार्यक्रम जन-जन की बात बन चुका है। इस दौरान मुख्य रूप से ब्लॉक प्रमुख अनिल राठी, पूर्व विधायक अशोक कंसल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष आंचल तोमर, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, डॉ. पुरुषोत्तम, संजय अग्रवाल, श्रीमोहन तायल, शरद शर्मा, सचिन त्यागी, सभासद देवेश कौशिक, हरेन्द्र शर्मा, रेणु गर्ग के साथ ही पार्टी के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।



## हिमानी शर्मा को ब्राह्मण समाज ने किया सम्मानित

**शाहपुर।** ब्राह्मण समाज का नाम रोशन करने वाली हिमानी शर्मा का ग्राम पलडा में पहुंचकर ब्राह्मण समाज अध्यक्ष व अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण सभा जिलाध्यक्ष पंकज शर्मा उपाध्यक्ष व पत्रकार टोनी शर्मा, अखिल भारतवर्ष ब्राह्मण सभा नगर अध्यक्ष राहुल शर्मा, शाह टाइम्स पत्रकार भाग्य शर्मा, समाजसेवी अमित शर्मा, विशु शर्मा, नीरज शर्मा, विकास शर्मा, पत्रकार पीयूष शर्मा, गौरव शर्मा आदि मौजूद रहे।

## डाक्टरी पढ़ाई के नाम पर ठगी करने वाली महिला गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाईन थाने की मिशन शक्ति टीम ने विदेशों में कम फीस में एमबीबीएस का लालच देकर लाखों रूपये का गबन करने वाली एजुटैक एडवाईजर एजेन्सी की महिला एजेंट किरन तोमर पत्नी अरविन्द तोमर निवासी वर्मा गांधी कालोनी को गिरफ्तार कर लिया। उसके विरूद्व सिविल लाईन थाने में महमूदनगर के खुश्तर शमीम ने मुकदमा दर्ज कराया था। किरन का पुत्र अभी भी पुलिस के हाथ नहीं लगा है।

# वार्षिक अवधि पर आधारित परीक्षा हुई सम्पन्न

**बुढ़ाना।** श्री चौतन्य टेक्नो स्कूल बुढ़ाना में आज रविवार के दिन वार्षिक अवधि आधारित परीक्षा एवं विशेष कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मिली जानकारी के अनुसार श्री चौतन्य टेक्नो स्कूल बुढ़ाना में विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति का आंकलन करने के लिए वार्षिक अवधि आधारित परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस परीक्षा में अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

जबकि इस विद्यालय के छात्र और छात्राएं इसमें सम्मिलित नहीं हुए। परीक्षा में सम्मिलित विद्यार्थियों ने अनुशासन, निष्ठा एवं परिश्रम का उत्कृष्ट परिचय दिया। परिणाम शीघ्र ही घोषित किए जाएंगे। इस परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों की ज्ञानार्जन क्षमता एवं विषयगत दक्षता का मूल्यांकन किया गया जो उनकी शैक्षिक



उन्नति के लिए अत्यंत सहायक होगा। कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया विद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति ने। इस अवसर पर एग्जीक्यूटिव एजीएम विक्रम रेढी, एजीएम जॉन वामसी कृष्णा, एग्जीक्यूटिव डीन सनम, ज़ोनल डीन चंद्रशेखर, ज़ोनल रीजनल इंचार्ज हरि दुर्गा प्रसाद, रीजनल इंचार्ज कार्तिक गौर, विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती प्रतिभा गंगवार, डीन मोहित कुमार एवं समस्त शिक्षक उपस्थित रहे। उनकी गरिमामयी उपस्थिति एवं मार्गदर्शन ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। विद्यालय प्रबंधन अभिभावकों से निवे. दन करता है कि वे अपने बच्चों को सतत अध्ययन एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने हेतु प्रेरित करते रहें।

## दादा बलजीत सिंह मलिक टोल मामले में बोले

# तय करके बता देना कि क्या करना है....

**बुढ़ाना।** छपार टोल प्रकरण को लेकर आल इंडिया गठवाला खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष दादा बलजीत सिंह मलिक आज रविवार की सायं बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव मौहम्मदपुर राय सिंह में ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र की प्रमुख श्रीमति पाल्लो देवी के आवास पर जाट समाज के जिम्मेदार लोगों के बीच में पहुंचे और छपार टोल मुद्दे पर दो टूक कहा कि आप सभी सातों थांबेदार के लोग तय करने बता देना कि क्या करना है वो ही हो जाएगा। उन्हें पता लग गया कि इस मामले में प्रमुख विनोद की कोई ग़लती नहीं। हम तो सभी समाज के लिए भाईचारे की ही बात करेंगे। अगर कोई हमें नाजायज दबाव में लेना चाहेगा तो फिर हम चुप बैठने वाले नही। पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने भी यहां पर अपनी बात रखते हुए कहा कि जो मांग मांगेराम की है वो ही हमारी है पर वो अपने स्वार्थ हेतू अपने समाज के लोगों को गुमराह कर हमसे जो चाह रहा है वो हम बिल्कुल नहीं देंगे। टोल पर जिस दिन पुलिस व प्रशासन से बातचीत हुई उसमें सारी मांगे मान ली गयी थी लेकिन मांगेराम ने मृतक के परिजनों के प्रति सहानूभूति ना दिखाकर अपनी ओच्छी राजनिति के तहत धरना देकर हमें दबाव में लेना चाहा। जो टोल पर आदमी थे उन्हें गुमराह कर उनको टोल से हटाकर धरने पर लेकर बैठ गया। ऐसे में टोल 16 घंटे बंद रहा। लाखों का नुकसान उसकी वजह से हुआ। सरकार के राजस्व की भी हानि हुई। फिर हमने रातों रात अपने अन्य टोलों से प्रशिक्षित कर्मचारी बुलाकर और कुछ टोल के आसपास के लोगों को बुलाकर रखा और बंद टोलघ चालू कराया। हमने किसी को भी नहीं हटाया वे ही मांगेराम के कहने से टोल छोड़कर गये थे। अब में उन्हें किस आधार पर रखूं और जिन्होंने मेरा बंद टोल चालू कराया मांगेराम के कहने से उन्हें कैसे हटाऊं। वो हमसे नियम से बात करता लेकिन वो हमसे हर माह एक मोटी रकम की चाहत रख रहा था। हम उसे रंगदारी किस बात की दें। हम किसी भी पंचायत को करने के पक्ष में नहीं है लेकिन मांगेराम हर दिन माहौल खराब करने में लगा है। जो उसके पास जा रहे हैं अगर वे ध्यान से पूरे मैटर को समझें तो मांगेराम का साथ वे किसी भी सूरत में ना दें लेकिन लोग बिन सोचे उसके बहकावे में आकर तनाव पैदा कर रहे हैं। प्रमोद त्यागी व जाट समाज का एक व्यक्ति एक साथ बैठें तो चंद मिनटों में ये मामला खत्म हो। उन्होने पांडे हत्याकांड की जांच सीबीआई से कराने की मांग की। बाबा श्याम सिंह, सत्यपाल सहरावत, जितेंद्र मलिक, सुभाष मलिक आदि मोजूद थे।



## श्रद्धालुओं ने भगवान के चरणों में मस्तक टेका

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढाना से एक प्राईवेट बस रविवार की अल सुबह आधा सैंकड़ा से भी अधिक श्रदालुओं से भरकर तीर्थनगरी शुक्रताल के लिए रवाना हुई। मिली जानकारी के अनुसार अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल रजिस्टर्ड ईकाई बुढाना के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार के निर्देशन में यह बस श्रदालुओं से भरकर गयी। तीर्थ नगरी शुक्रताल पहुंचने पर सभी श्रदालुओं ने गंगा नदी में स्नान किया। शुक्रदेव मन्दिर में जाकर दर्शन पूजन किया। राधा कृष्ण भगवान के चरणों में माथा टेका। इस मोके पर मुख्य रूप से राहुल एडवोकेट, सोनू बडकता, अमित गर्ग, रामकुमार वर्मा, प्रदीप लाला, विनोद शिकणी नाला, लाला राज. कुमार, हलवाई अश्वनी, लोकेन्द्र अटेरना, शान्ति देवी, मुकेश और विनीत बडकता आदि मौजूद रहे।

# नवरात्र पर मां दुर्गा के समक्ष महिलाओं ने किया डांडिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जानसन रोड स्थिति सुरेंद्रनगर कालोनी के शिव मंदिर प्रांगण में धमाल वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा मां दुर्गा के नवरात्र के उपलक्ष में एक भव्य डांडिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया सर्वप्रथम माता के सामने दीप प्रज्वलित किया गया।

प्रोग्राम की शुरुआत गणपति वंदना से की गई इसके बाद माता के नौ रूपों का को दर्शाते हुए एक भव्य डांस प्रोग्राम उसके बाद डांडिया का नृत्य कार्यक्रम जिसमें कालोनी की समस्त महिलाओं ने बहुत बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया।

सोसायटी की अध्यक्ष डोली बंसल ने जानकारी देते हुए बताया की माता के नवरात्रों शुक्ल पक्ष में आते हैं 9 दिन माता की हर घर में पूजा की जाती है अष्टमी एव नवमी को कन्याओं का पूजन किया जाता है इस दिन माता को हलवा पूड़ी का भोग लगाया जाता है जिसमें मुख्य रूप से धमाल वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष डाली बंसल ,मिनी गोयल, शालिनी अग्रवाल एवं मधु त्रिपाठी ,शिखा जैन, श्रद्धा अग्रवाल ,रीना गोयल, स्वाति मित्तल ,अमित शर्मा,नूपुर पुरी राखी अग्रवाल, नेहा वर्मा आदि ने मुख्य भूमिका निभाई।



## मिशन शक्ति अभियान के तहत 2 शोहदे दबोचे

**बुढ़ाना।** मिशन शक्ति 5 के तहत पुलिस ने दो शोहदों को दबोचकरदोनों को जेल भेज दिया है। पहली घटना में पड़ोसी युवक ने एक मकान में घुसकर एक नवयुवती के साथ छेड़छाड़ की। कस्बे के समीप एक गांव की नवयुवती ने बताया कि में अपने परिवार संग रहती हूं। मेरे पड़ौस में सुहैल पुत्र शरीफ रहता है। वह काफी समय से मेरे साथ गलत व्यवहार व मौका मिलने पर इधर उधर की बात करता है। मैंने पहले तो यह बात अपने परिवार में नहीं बतायी मगर वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया तो एक दो बार मैंने सुहैल के सम्बन्ध में अपने परिजनों को बताया। शोर सुनकर नीचे मकान से मेरे मम्मी पापा ने नीचे से शोर मचाया तो सुहैल धमकी देकर भाग गया।

## हनुमान ने जलाई सोने की लंका, रामलीला में उमड़ा जनसैलाब

**खतौली।** ठाकुरद्वारा में चल रही रामलीला के मंचन में शुक्रवार की रात श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मंचन का मुख्य आकर्षण वह प्रसंग रहा जब हनुमान जी ने माता सीता की खोज कर उन्हें प्रभु श्रीराम की अंगूठी भेंट की और लंका दहन कर रावण की सोने की नगरी को खाक कर दिया।कथा के अनुसार, अशोक वाटिका में माता सीता से भेंट कर हनुमान जी ने राक्षसों का संहार किया। रावण के दरबार में पहुंचने पर उनकी पूंछ में आग लगा दी गई। तभी हनुमान जी बंधन मुक्त होकर पूरी लंका में कूद पड़े और सोने की नगरी जला डाली। यह ख्रश्य देख कर पंडाल जयकारों से गूंज उठा।कलाकारों के जीवंत अभिनय ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। राम का किरदार गोविंद बाजपेई, लक्ष्मण, गोलू द्विवेदी, सीता, रीतू झा, हनुमान , ठाकुर रणवीर सिंह, रावण, धीरेंद्र कुमार, मेघनाथ, लल्लू शर्मा, अक्षय कुमार, गोविंद वल्लभ और विभीषण, रामेश्वर पाठक ने निभाया। संचालन तेजपाल शर्मा ने किया। इस अवसर पर श्री कामद गिरी आदर्श रामलीला मंडल, चित्रकूट धाम के मंडल अध्यक्ष श्री जमना दास शुक्ला के नेतृत्व में मंचन हुआ। मंच पर पूर्व चेयरमैन नरेश कुमार पालिवाल, प्रधान गणेश शंकर पालिवाल, कन्हैया जैन, दुष्यंत शर्मा 'अन्नू', राजेंद्र जैन, नवीन गुप्ता ॡकोषाध्यक्षॠ, अनिल जैन, कुलवीर सिंह कर्णवाल, ब्रजभूषण ब्विकर्मा, सचिन शर्मा सहित अनेक गणमान्य मौजूद रहे।

# पथ संचलन में उमड़ी संघ कार्यकर्ताओं की भारी भीड़

**बुढ़ाना।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बुढ़ाना की शिवाजी बस्ती में रविवार को पद संचलन कार्यक्रम हुआ। जिसमें भारी भीड़ देखने को मिली।

इस पद संचलन मे मुख्य अतिथि संघ की क्षेत्रीय कार्यकारिणी के सदस्य मनीराम रहे। पथ संचलन में नगर संघ चालक नीरज लोमश, शारीरिक नगर प्रमुख राजीव बालियान, व्यापार मंडल बुढ़ाना के तहसील अध्यक्ष राजेश संगल, भूमि विकास बैंक बुढ़ाना के चौयरमेन विनोद सैनी, भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अभिषेक संगल, रोमी जैन, स्पर्श सिंघल, हर्षित बंसल, डॉक्टर रणवीर सिंह, अभि सहरावत समेत अन्य सैंकड़ो स्वयंसेवक मौजूद थे। बुढाना में ही एक अन्य जगह पर भी पथ संचलन निकला। जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर विजय दशमी उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें प्रांत संघ चालक प्रेमचंद्र शर्मा का बौद्धिक प्राप्त हुआ व उनके नेतृत्व में कस्बे के मुख्य मार्गो से पथ संचलन हुआ। पथ संचलन महाराजा अग्रसेन धर्मशाला बुढ़ाना से आरंभ होकर मोहल्ला शाहवाड़ा से होते हुए सैनी बाजार, बड़ा बाजार से होकर महाराजा अग्रसेन धर्मशाला में समापन हुआ। यहां नीरज लोमश नगर संघ चालक, ठाकुर सुरेश पाल नगर सह संचालक, डाक्टर सोनू कश्यप, प्रमोद कुमार, पंकज जिंदल, सोमांश संगल, सभासद अजय संगल, विनोद वाल्मीकि आदि मौजूद थे। यहां नगरवासियों ने मार्गो पर पथ संचलन पर जमकर पुष्प वर्षा भी की।



### संक्षिप्त समाचार

### ग्रोवर परिवार की ओर से हुआ माँ की चौकी का आयोजन

**खतौली।** सिद्धपीठ श्री दुर्गा मंदिर, खतौली में नवरात्रि के छठे दिन संजय ग्रा. ेवर एवं रजत ग्रोवर परिवार की ओर से माता रानी की चौकी का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर मंदिर प्रांगण श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। चौकी में सरदारों द्वारा प्रस्तुत भजनों और कीर्तन ने वातावरण को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। श्रद्धालु माता के गुणगान में झूमते और नृत्य करते हुए लगातार जय माता दी के जयकारे लगाते रहे। तेजिंदर मोहन भाटिया, राजीव ग्रोवर, अमरनाथ फुटेला, राजेंद्र तनेजा, रामजी गगनेजा, रवि ग्रोवर, संजय लोहिया, नरेश गुंबर, प्रवीण को. हली, वरुण सेठी, विपिन सेठी, मदन छाबड़ा, जुगल किशोर जोगिया, मोनू मंग. वानी, सचिन तनेजा, भारत भूषण साहनी, कमल किशोर, गौरी शंकर गौरी, विनोद कुमार, मनीष चौधरी, सतीश प्रकाश वर्मा, अमरीश गुप्ता, सुनील आडवाणी, प्रवीण (जनरेटर वाले), जोशी (टीवी वाले), सचिन नारंग, जगमोहन तनेजा, मनीष नारंग, अमन, सुरेश साहनी, सतीश तनेजा, सरदार गुरु चरण सिंह, सुमित अरोड़ा, चिराग एवं चिंटू प्रमुख रहे। श्रद्धालुओं ने कहा कि चौकियां न केवल भक्ति भाव को प्रगाढ़ करती हैं बल्कि आपसी भाईचारे को भी बढ़ावा देती हैं।

### आर्य समाज ने मनाया भगत सिंह का जन्मदिवस

**खतौली।** आर्य समाज शिवपुरी में रविवार को शहीद-ए-आजम भगत सिंह का जन्मदिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में आर्य प्रतिनिधि सभा मुजफ्फरनगर के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र आर्य ने कहा कि सरदार भगत सिंह का जीवन वीरता और बलिदान से ओतप्रोत रहा। उन्होंने बताया कि भगत सिंह, उनके पिता सरदार किशन सिंह और माता विद्यावतीख़्तीनों ही पीढ़ियां आर्य समाज से जुड़ी रहीं और देश की आजादी के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। राजगुरु और सुखदेव के साथ भगत सिंह ने हंसते-हंसते फांसी का फंदा चूमा। उनके जीवन से युवाओं को सदैव प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम की शुरुआत यज्ञ से हुई, जिसमें ;त्विक और सुशील गुर्जर यजमान रहे तथा यज्ञ का संचालन अजेश आर्य ने किया। हवन के दौरान जन्मदिवस से संबंधित वैदिक मंत्रों का पाठ हुआ।कार्यक्रम में जगदीश सिंह, रामानंद आर्य, चरण सिंह, धीरेंद्र आर्य, राजेंद्र सिंह, विनय राघव, शोभाराम मास्टर, जयपाल सिंह, सुशील आर्य, प्रवीण आर्य, विकास आर्य, डीडी आर्य, भगवान सिंह आर्य, मीनाक्षी आर्य, इसरो कुमार, वेदांशी आर्य, देवांशी आर्य, पुरु आर्य, अवंतिका आर्य, रमन सिंह आर्य, आयुष आर्य, अरुण धारीवाल, सुनील वर्मा आदि मौजूद रहे।बच्चों ने महर्षि दयानंद के चित्र के समक्ष खड़े होकर शहीद भगत सिंह को याद किया।

### दहेज न मिलने पर विवाहिता को घर से निकाला

**छपार।** एक विवाहिता को अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर मारपीट कर घर से निकाल दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने मुक. दमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। गांव बसेडा निवासी सईद उर्फ सद्दू की पुत्री आसमा का निकाह 5 नवम्बर 2017 को कस्बा व थाना सरधना के मोहल्ला किला खैवान निवासी नहीं हसन के साथ हुआ था उसके ससुराल वाले दहेज से संतुष्ट नहीं थे और तब से ही एक लाख रुपए व कार की मांग कर रहे थे और उसके साथ मारपीट करते थे। 16 अक्टूबर 2021 को अपने बच्चों का भरण पोषण का मुकदमा परिवार न्यायालय में डाला था जो विचाराधीन है। उसके पति ने 31 मार्च 2025 को रात्रि में व्हाट्सएप से फोन करके तीन बार तलाक दिया जो गैरकानूनी है । पीड़िता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर पति,अपनी सास रशीदा,देवर सलीम व शाबिर के विरुद्ध प्रार्थना पत्र दिया।

### रतनपुरी थाना क्षेत्र में चला मिशन शक्ति अभियान

**बुढ़ाना।** महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, स्वावलम्बन, सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अन्तर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांवों मे थाने की एण्टी रोमियो टीम द्वारा क्षेत्र में पड़ने वाले गांवो, कस्बो, बाजारों, सार्वजनिक स्थानों और धार्मिक स्थलों आदि के आसपास मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं बालिकाओं को जागरुक किया गया। अभियान के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं बालिकाओं के लिए समर्पित विभिन्न सेवाओं हेल्पलाईन नम्बरों के बारे में जानकारी दी।

### श्रीराम कॉलेज में इंटरनल हैकेथॉन कार्यक्रम आयोजित

**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा ''स्मार्ट इण्डिया हैकेथॉन-2025'' के इंटर्नल हैकेथॉन नामक कार्यक्रम आयोजित कराया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि संस्था के संस्थापक अध्यक्ष डॉ0 एस0सी0 कुलश्रेष्ठ द्वारा दीप प्रज्जवलित करके किया गया। यह एस0आई0एच0 समूह में बनाये गये वर्किंग प्रोटोटाइप्स की प्रदर्शिनी है। प्रेजेन्टेशन के अन्तर्गत श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग के विद्यार्थी सिद्धि जैन, गुरप्रीत, प्रियांक ने अपने द्वारा बनाई गई वेबसाईट को प्रदर्शित किया। वेबसाइट विभिन्न रूट एवं रोड़ पर गडढे एवं कंस्ट्रक्शन साइट्स की लाइव एवं एक्यूरेट जानकारी उपलब्ध कराते हैं। साथ ही धनन्जय, प्रणव, तान्या, नमन ने अटैंडेंस मैनेजमैंट के लिये एक प्रोटोटाइप बनाया जिस पर ग्रामीण क्षेत्र के लोग स्कूलों में उपस्थित अपने बच्चों की उपस्थिति व अन्य जानकारी सरलता से प्राप्त कर सकते हैं। अरिहन्त जैन, कनिष्क जैन व महक बंसल ने एक रैट्रोफिट स्मार्ट स्विच बोर्ड निर्मित किया जिससे आईओटी की मदद से दूर बैठकर ही स्विच को संचालित कर सकते हैं निदेशक डॉ0 एस0एन0 चौहान, सिविल इंजी0 के विभागाध्यक्ष इं0 फिरोज अली, एवं इनोवेशन सैल के अध्यक्ष एवं इंजीनियरिंग की विभागाध्यक्ष इं0 कनुप्रिया द्वारा मूल्यांकन किया गया।

# हिन्दू महासभा ने किया शस्त्र पूजन

**मुजफ्फरनगर।** नई मन्डी दक्षिणी भोपा रोड स्थिता श्री राधा कृष्ण मंदिर के प्रांगण में अखिल भारत हिन्दू महासभा ने अपना 21 वॉ शस्त्र पूजन समारोह आयोजित किया। जिसमें अनेक हिन्दू नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम मथुरा निवासी पंडित पूरण चन्द शर्मा शास्त्री ने परंपरागत हथियारों का विधि विधान पूर्वक पूजन कराया। यह कार्यक्रम हिन्दू संगठन से सुरेन्द्र मित्तल के निर्देशन मे एवं जिलाध्यक्ष डा.सतीश के संयोजन में आयोजित किया गया और इसमें जय समता पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष अमन बंसल व उनके सहयोगियों का योगदान रहा।

समारोह मे व्यापारी नेता कृष्ण गोपाल मित्तल, सुनील तायल, शलभ गुप्ता, भाजपा नेता तरूण मित्तल आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम मे बोलते हुए समाजसेवी मनीष चौधरी ने कहा कि शास्त्र पूजन के साथ शस्त्र पूजन भी शास्त्रों में वर्णित हैं। उन्होने दशहरा पर्व की शुभकामनाए देते हुए कहा कि हम सभी को धर्म व पूजा कर्म का ज्ञान होना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन रूचित अग्रवाल व सचिन शर्मा ने किया। कार्यक्रम मे पंडित रामानुज दूबे, चमनलाल कुक्की ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इसके अतिरिक्तत सौरभ जैन, शशांक तायल, देव भारद्वाजर, दीपक शर्मा, घनश्याम भगत, विनित शर्मा, लोकेश सैनी, अमन बंसल आदि की उपस्थिती उल्लेखनीय रही। समारोह की अन्त में निर्देशक सुरेन्द्र मित्तल, संयोजक डा. सतीश ने सभी आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया।



## पीडीए की बढ़ती ताकत से डरी भाजपा : राजकुमार भाटी

**खतौली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पीडीए पंचायतों में भाग लेकर सर्व समाज को जोड़ने निकले सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी का रविवार को खतौली आगमन हुआ। नोएडा से पुरकाजी जाते समय नगर अध्यक्ष हाजी वसीम सिद्दीकी व युवा नेता आशीष राणा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने घंटाघर के पास फूलमालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया। समर्थकों को संबोधित करते हुए राजकुमार भाटी ने मौजूदा भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार नौकरशाही के सहारे चुनाव जीतना चाहती है। किसानों को खाद नहीं मिल रही, युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा, महंगाई और शिक्षा की स्थिति बेहद खराब है। भाजपा जनता का ब्विास खो चुकी है, इसलिए लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव नहीं जीत सकती और प्रशासनिक मशीनरी का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर जाकर वोटर लिस्ट का सत्यापन करने की अपील की। सपा यूथ ब्रिगेड के जिला उपाध्यक्ष अभिषेक गोयल ने भाजपा पर तानाशाही रवैये का आरोप लगाते हुए कहा कि वह साम्प्रदायिकता फैलाकर देश की गंगा-जमुनी तहजीब को नुकसान पहुंचा रही है। पत्रकारिता से राजनीति में आए राजकुमार भाटी मिहिर भोज पीजी कालेज में प्रोफेसर भी रह चुके हैं। उन्होंने देहात मोर्चा से अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की थी और किसान आंदोलनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। फिलहाल वह सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। स्वागत करने वालों में वरिष्ठ सपा नेता सै"यद ताजुद्दीन, रणवीर सिंह, विधानसभा उपाध्यक्ष नीरज शर्मा, नईमुद्दीन मिर्ज़ा, जावेद मुल्तानी, अभिषेक गोयल, आफाक पठान, नईम मलिक, नासिर अहमद, आयान सैफी, अनस अंसारी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भाकियूअ छाजपुर की कार्यकारिणी घोषित

**बुढ़ाना।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के ग्राम छाजपुर के ग्राम अध्यक्ष संजय आर्य ने आज रविवार की सुबह अपने गांव छाजपुर की पूरी कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। जिसमें उन्होंने भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष पहलवान सुधीर पंवार माजरा के निर्देश पर प्रवेश मलिक को ग्राम उपाध्यक्ष, शनि मलिक को ग्राम सचिव, अजय मलिक को महासि. चव और दीपक तावनी को कोषाध्यक्ष, वेदपाल आर्य को संगठन मंत्री, रिशपाल आर्य को सलाहकार और किरणपाल आर्य को सह सलाहकार और सदस्य मुकुल मलिक और वंश आर्य को बनाया है।

### देश का माहौल खराब करने वालों पर नए कानून की जरूरत

**मुजफ्फरनगर।** अखिल भारत हिंदू महासभा की बैठक अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय कार्यालय पर संपन्न हुई बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्षों योगेंद्र वर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में देश बहुत नाजुक दूर से गुजर रहा है देश के दुश्मन देश का माहौल खराब करने में लगे हुए हैं पहले लद्दाख और अब बरेली ऐसा लगता है कि देश के गद्दारों ने कसम खा ली है कि हिंदू त्योहारों के समय ही देश का माहौल खराब करना है लेकिन वह शायद भूल गए हैं इस देश में इस टाइम एक मजबूत सरकार है जो ऐसे गद्दारों को सबक सिखाने के लिए तैयार बैठी है। प्रदेश अध्यक्ष अरुण चौधरी ने कहा कि बरेली में दंगा करने वालों के खिलाफ ऐसा कानून बनाया जाए जिससे दंगा करने वाले 100 बार सोचे। बैठक में कोषाध्यक्ष साक्षी वर्मा, हरिओम त्यागी, अरुण चौधरी, एडवोकेट बृजभूषण शर्मा, सोना सिंह ,विनोद कुमार, टीटू कुमार एवं जिला प्रभारी पंडित गणेश उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला पुलिस ने 40 दंपतियों का पुनर्मिलन कराया

मुजफ्फरनगर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी डॉ0 नीलम राय तथा पुलिस अधीक्षक अपराध/नोडल अधिकारी मिशन शक्ति श्रीमती इन्दु सिद्धार्थ द्वारा सभी को अग्रिम भविष्य के लिए दी शुभकामनाएं।

महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन को सशक्त करने हेतु शासन के निर्देशानुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निकट पर्यवेक्षण में एवं पुलिस अधीक्षक अपराध/नोडल अधिकारी मिशन शक्ति श्रीमती इन्दु सिद्धार्थ के नेतृत्व में जनपद मुजफ्फरनगर पुलिस मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत महिला संबंधी अपराधों पर प्रभावी रूप से कार्य करने के साथ-साथ दंपतियों के मध्य पारिवा. रिक विवादों का भी निस्तारण करा रही है। आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा तथा उनकी धर्मपत्नी डॉ0 नीलम राय की गरिमामयी उपस्थिति में महिला थाना पर विवाहित दंपतियों के पुनर्मिलन के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला थाना पुलिस टीम द्वारा ऐसे विवाहित दंपति जिनके मध्य पारिवारिक विवाद था उनको परामर्श सत्र में बुलाया गया तथा उनके बीच उत्पन्न पारिवारिक विवादों की गहन चर्चा एवं काउन्सलिंग की गयी। महिला थाना की टीम द्वारा धैर्यपूर्वक दोनों पक्षों की समस्याओं को सुना गया तथा उनके समाधान हेतु सकारात्मक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। लगातार समझाने, परामर्श एवं आपसी विश्वास स्थापित करने के प्रयास से 40 दंपत्तियों के बीच सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में समझौता हुआ। आज कार्यक्रम में उपस्थित 21 दंपतियों ने एक-दूसरे को गुलाब का फूल भेंट कर आपसी ब्विास एवं वैवाहिक संबंधों को मजबूत बनाने तथा शांतिपूर्वक गृहस्थ जीवन चलाने का संकल्प लिया। इस प्रकार महिला थाना मुजफ्फरनगर द्वारा न केवल दंपतियों के मध्य पारिवारिक कलह का निवारण किया गया, बल्कि सामाजिक सौहार्द्र व पारिवा. रिक सुख-शांति की स्थापना भी सुनिश्चित की गई। जनपद पुलिस द्वारा चलाये जा रहे ऐसे प्रयासों से समाज में यह संदेश जा रहा है कि छोटी-छोटी गलतफहमियों को संवाद एवं परामर्श से सुलझाया जा सकता है, जिससे परिवारिक बंधन और अधिक मजबूत होते हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा उनकी धर्मपत्नी डॉ0 नीलम राय व पुलिस अधीक्षक अपराध/नोडल अधिकारी मिशन शक्ति इन्दु सिद्धार्थ द्वारा रिजर्व महिला थाना पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित 21 दंपत्तियों को अग्रिम जीवन की शुभकामनाएं दी गयी साथ ही महिला थाना की समस्त पुलिस टीम को इस सराहनीय कार्य के लिये सम्मानित भी किया गया।?



# सूचना विभाग की चित्र प्रदर्शनी में कलाकारों को मिला सम्मान

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश, जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में सेवा पर्व के अंतर्गत सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश, जनपद मुज़फ्फरनगर द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में स्थापित प्रदर्शनी में आज जनपद मुज़फ्फरनगर के नवोदित कलाकारों/ काव्य पाठ के विजेताओं द्वारा चित्र प्रदर्शनी का भ्रमण कर अवलोकन किया गया।

जिला सूचना अधिकारी नरसिंह एवं प्रभारी राजकीय पुस्तकालय डॉ रण वीर सिंह, प्रधनाचार्य प्रवेंद्र दहिया तथा डॉ जीत सिंह तथा सुनीता द्वारा काव्य पाठ के विजेताओं/ नवोदित कलाकारों को फूलमालाओ से सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया गया।उक्त सम्माम कार्यक्रम का आयोजन डॉ राजीव कुमार सदस्य बाल कल्याण समिति द्वारा किया गया। चित्र प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री के जीवन, व्यक्तित्व एवं महत्वपूर्ण प्रसंग तथा भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्र,उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, महिला सशक्तीकरण, जल जीवन मिशन, स्टार्टअप एवं स्वरोजगार सहित शिक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत जानकारी रोचक चित्रों के माध्यम से दी गई।इस दौरान जिला सूचना अधिकारी ने बताया कि यह प्रदर्शनी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होगी।2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर विशेष कार्यकम आयोजित होंगे। इस विशेष प्रदर्शनी में अधिक से अधिक संख्या में विद्यार्थी, युवा, किसान, महिलाएं तथा वरिष्ठजन प्रदर्शनी का अवलोकन कर योजनाओं की जानकारी ले सकते है । प्रदर्शनी में विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के लिए आमजन से आगामी 05 अक्टूबर 2025 तक सुझाव मांगे जा रहे हैं जिसके लिए क्यूआर कोड स्कैन कर आप अपने सुझाव दे सकते है। अच्छा सुझाव देने वालों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। इस अवसर पर लफ्ज़ से नवोदित कलाकार दिग्विजय सिंह, विशाल, ज़ीशान तथा अक्षय कुमार,आर्यन व काव्य पाठ के अन्य प्रतिभागी शामिल रहे।




## भगत सिंह का जीवन भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत : ब्रजवीर सिंह

**मोरना।** अमर शहीद सरदार भगत सिंह की जयंती कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला कुआंपटी में भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष चौधरी ब्रजवीर सिंह के आवास पर धूमधाम से मनाई गई। हवन-यज्ञ के उपरांत अमर बलिदानी भगत सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

नगर पंचायत भोकरहेडी के मोहल्ला कुआं पटी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान चौ. ब्रजवीर सिंह ने कहा कि युवा क्रांतिकारी सरदार भगत सिंह की शहादत ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी। उनके बलिदान से युवाओं में आजादी के प्रति नया उत्साह पैदा हुआ। लाखों युवाओं ने प्रेरित होकर स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया, जिससे ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिल गई। उन्होंने मांग की कि शहीद-ए-आजम भगत सिंह की शहादत दिवस पर सरकारी अवकाश घोषित किया जाए। इस मौके पर राजेश कुमार चेयरमैन, रामकुमार शर्मा, कंवरपाल सिंह, अनुज गोयल, सचिन कुमार, विपिन कुमार, विनीत कुमार, मोनू, विनोद कुमार, सोनू कुमार, देव सहरावत, विनय समेत अनेक लोग मौजूद रहे। हवन-यज्ञ का संचालन मास्टर सुखपाल सिंह ने किया।



**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर जावेद को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने के मामले में एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद करते हुए अभियोग दर्ज करने के बाद उसे जेल भेज दिया है। पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर अभिषेक सिंह ने ऑपरेशन सवेरा, नशे के अंधकार से उजाले की ओर अभियान चला रखा है जिसमें लगातार पुलिस मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर रही है। पुलिस ने नगर एवं क्षेत्र से ऑपरेशन सवेरा के तहत आधा दर्जन से अधिक मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार करते हुए उनकी कमर तोड़कर रख दी है। पुलिस लगातार मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है इसके बावजूद भी थाना क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी हो रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार के द्वारा बताया गया कि मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग पर एक मकान में मादक पदार्थों की तस्करी की जा रही है। उप निरीक्षक नरेंद्र वर्मा ने जब पुलिस टीम के साथ मकान पर छापा मार कार्रवाई की तो मौके से एक मदक पदार्थ तस्कर को पकड़ लिया। पूछताछ करने के बाद मादक पदार्थ तस्कर ने अपना नाम जावेद पुत्र अनीश निवासी सलेमपुर मार्ग बताया। पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर के कब्जे से 350 ग्राम चरस बरामद करते हुए अभियोग दर्ज करने के बाद रविवार को जेल भेज दिया है।




### सलेमपुर रोड बना मादक पदार्थ तस्करी का गढ़ महिलाएं व बच्चे भी बेच रहे खुली पुड़िया

### बड़ी मछली, फरार पुलिस की तलाश है जारी

**कांधला।** क्षेत्र का सलेमपुर मार्ग मादक पदार्थ तस्करी का गढ़ बन चुका है। पुलिस लगातार सलेमपुर मार्ग पर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है इसके बावजूद भी महिलाएं बच्चे एवं युवा तस्करी करने में लगे हुए हैं। सैकड़ो युवक नशे की चपेट में अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं। सूत्रों की माने तो सलेमपुर मार्ग निवासी एक महिला खुलेआम मादक पदार्थों की तस्करी कर रही है। सूत्र बताते हैं कि पुलिस छोटी मछलियों पर कार्रवाई कर रही है और बड़ी मछली पर जाल फेंकने से कतरा रही है। आरोप है कि बड़ी मछलियां खुलेआम मादक पदार्थ के धंधे को अंजाम दे रही हैं शिकायत के बाद भी पुलिस बड़े माफिया पर हाथ नहीं डालती है।



# मिशन शक्ति आत्मविश्वास, जागरूकता और स्वाभिमान से सशक्त होंगी बेटियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार 22 सितम्बर 2025 से प्रारंभ हुई मिशन शक्ति फेस-5 के अंतर्गत जनपद शामली में विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बनत, कैराना, कांधला एवं ऊन में आज जेंडर स्टीरियोटाइप, लिंग समानता और बाल विवाह जैसे मुद्दों पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए। इन नाटकों के माध्यम से छात्राओं को यह संदेश दिया गया कि बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और आत्मनिर्भरता में बड़ी बाधा है। साथ ही लिंग समानता और समान अवसर ही एक सशक्त और प्रगतिशील समाज की नींव हैं। मिशन शक्ति का मूल उद्देश्य है कि बेटियां आत्मविश्वास, जागरूकता और स्वाभिमान से परिपूर्ण होकर समाज में अपनी सशक्त पहचान बना सकें। यह पहल न केवल बालिकाओं के अधिकारों की रक्षा करती है, बल्कि समाज में लिंग न्याय और समता स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# थानाभवन की दीपा ने नेशनल किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जीते दो पदक




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थानाभवन की होनहार खिलाड़ी दीपा ने जूनियर नेशनल किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो पदक जीतकर क्षेत्र व जिले का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता 21 से 26 सितम्बर तक डॉ. वाईएस परमार औद्योनिक व वानिकी विश्वविद्यालय नैनी, सोलन हिमाचल प्रदेश में आयोजित हुई, जिसमें देशभर से करीब 800 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।दीपा ने अलग-अलग भार वर्ग व इवेंट में बेहतरीन खेल दिखाते हुए एक सिल्वर मेडल और एक ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। उनके शानदार प्रदर्शन से पूरे थानाभवन क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। चैंपियनशिप में निर्णायक मंडल के 50 निर्णायकों की देखरेख में मुकाबले कराए गए। इस दौरान शामली जिले से इंटरनेशनल रेफरी सोनू सैनी ने निर्णायक की भूमिका निभाई और उत्तर प्रदेश की टीम के कोच के रूप में सुशील कौशिक ने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया। दीपा की इस उपलब्धि पर उनके गुरुजनों व परिवारजनों ने उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# गर्भवती की मौत के बाद हंगामा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गत 19 सितंबर को शहर के माजरा रोड़ स्थित प्राईवेट हॉस्पिटल में चिकित्सकों की लापरवाही के चलते गर्भवती महिला की मौत के बाद रविवार को खुले अस्पताल में मृतक महिला के परिजनों ने जमकर हंगामा किया। इस उन्होने पुलिस पर मुकदमा दर्ज होने के बावजूद गिरफ्तारी न करने और हॉस्पिटल खुलवाने का आरोप लगाया है।

गत 19 सितंबर को शहर के मौहल्ला बडी माता मंदिर रोड़ निवासी चुन्नीलाल की पत्नी अंजू को प्रसव पीडा होने के कारण परिजनों द्वारा शहर के माजरा रोड़ स्थित प्राईवेट हॉस्पिटल हाईटेक में भर्ती कराया गया था, जहां चिकित्सक की लापरवाही से महिला की मौत हो गई थी। गुस्साऐं परिजनों ने हॉस्पिटल में तोडफोड भी की थी, जिसके बाद पुलिस ने परिजनों को समझा बुझाकर महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था, जबकि परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी गई। बताया जाता है कि रविवार को हाईटेक हॉस्पिटल के कर्मचारियों ने हॉस्पिटल को खोल दिया, जिसकी सूचना पर मृतक महिला के परिजन मौके पर पहुंच गए और उन्होने हंगामा करते हुए पुलिस पर आरोपी चिकित्सक के खिलाफ कार्यवाही न करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। उन्होने बताया कि पुलिस ने सांठगांठ के चलते हॉस्पिटल खोला जा रहा है। उन्होने हॉस्पिटल कर्मचारियों पर अभद्रता करने का भी आरोप लगाया। जिसके बाद हॉस्पिटल कर्मचारी हॉस्पिटल बंद कर फरार हो गए।

## एक नजर

### गोशाला में किया गया सेवा कार्य



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री एवं रेड क्रॉस सोसायटी उत्तर प्रदेश के सभापति बृजेश पाठक के मार्गदर्शन में चल रहे सेवा पखवाड़े के तहत रविवार को जिला रेड क्रॉस सोसायटी शामली द्वारा गौशाला में सेवा कार्य किया गया। इस अवसर पर सोसायटी के पदाधिकारियों व सदस्यों ने मिलकर गौमाता को 10 क्विंटल हरे चारे का भोग लगाया। सोसायटी के पदाधिकारियों ने बताया कि सेवा पखवाड़े के अंतर्गत अब तक कई जनहित व सामाजिक सेवा कार्य किए जा चुके हैं और आगे भी यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम में रेड क्रॉस सोसायटी शामली के सभापति कुशांक चौहान, सचिव अतहर जमील, उपसभापति हरिओम पाठक, कोषाध्यक्ष डॉ। रश्मिकांत जैन, पंकज गुप्ता, अर्जुन वर्मा, वीणा अग्रवाल, अलका चौहान, श्वेता चौहान, वंश मेहरा, प्रभात भार्गव, अजय संगल, आलोक चौहान, रवि चौहान, अस्थाना, पराग जैन, अजय जैन, विपिन चौहान आदि मौजूद रहे।

### भगत सिंह की 118वीं जयंती मनाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** रविवार को खंड विकास क्षेत्र के गांव भभीसा में शहीद भगत सिंह चौक पर महान क्रांतिकारी शहीद-ए-आजम भगत सिंह की 118वीं जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। दर्जनों युवाओं ने प्रोग्राम उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। ग्रामीणों और युवाओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। युवा समाजसेवी अनुज जावला ने कहा कि भगत सिंह केवल क्रांति का प्रतीक नहीं थे, बल्कि वे विचारों की ऐसी मशाल थे, जिन्होंने पूरे राष्ट्र के युवाओं के हृदय में स्वतंत्रता की लौ प्रज्वलित की। उन्होंने कम उम्र में ही अन्याय और गुलामी की जंजीरों को तोड़ने का बीड़ा उठाया और अपने प्रखर लेखों, भाषणों और क्रांतिकारी कार्यों से युवाओं को जगाने का काम किया। उनका कहना था कि क्रांति का अर्थ मात्र हथियार उठाना नहीं, बल्कि अन्याय के विरुद्ध जनजागरण और सामाजिक बदलाव लाना भी है। इस दौरान योगेंद्र सिंह विशु जावला, पंकज, विसाल, अभिनव, साहिल, रजत, धर्मेन्द्र, बादल, निखिल, मोहित, अमित, विनोद, रमेशचंद, सलीम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और युवा मौजूद रहे।

### द्विवार्षिक अधिवेशन का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को शहर के नगर पालिका सभागार में सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर एसोसिएशन द्वारा द्विवार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया। जिसमें सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपने विचार रखे और सदर विधायक से समस्याओं का समाधान कराने की मांग की। रविवार को शामली नगर पालिका सभागार में सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर एसोसिएशन द्वारा द्विवार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, सीडीओ विनय कुमार तिवारी ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में पहुंचे सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान अध्यक्ष चंद्रगपाल सिंह ने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों के समक्ष अनेकों समस्याऐं आती है। जिसके समाधान के लिए वह अधिकारियों को ज्ञापन देते है, लेकिन उनका समस्याओं का समय से निस्तारण नही हो पाता है। उन्होने सदर विधायक व सीडीओ से समस्याओं का समाधान कराने की मांग की है। सदर विधायक प्रसन्न चौधरी ने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारी देश की रीढ है। इनको नजर अंदाज नही किया जा सकता है। इस अवसर पर बालेकिशन आर्य, लोकेन्द्र सिंह, आरपी शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### बलवंती देवी कन्या कॉलेज में हिंदी पखवाड़ा पर ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** बलवंती देवी कन्या इंटर कॉलेज सिकंदरपुर में हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत ज्ञान प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया प्रतियोगिता में छात्राओं ने हिंदी भाषा, साहित्य, व्याकरण और सामान्य ज्ञान से जुड़े प्रश्नों का उत्तर देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। डीएवी इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य बृजेश वशिष्ठ ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है, जिसके बिना शिक्षा और संस्कार अधूरे हैं। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित किया कि हिंदी का ज्ञान न केवल प्रतियोगिताओं में उपयोगी है, बल्कि यह हमारी संस्कृति और सभ्यता की पहचान भी है। अतिथियों ने भी छात्राओं को हिंदी भाषा के महत्व के बारे में जागरूक किया और हिंदी के संवर्धन एवं संरक्षण पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के अध्यापकों ने किया तथा विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या रेनू शर्मा, संस्थापक प्रबंधक इंद्रपाल सिंह, प्रबंध समिति के सदस्य महेंद्र शर्मा तथा पूर्व प्रधानाचार्य बृजेश वशिष्ठ उपस्थित रहे।

# नलकूपों पर चोरी का खुलासा, हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों पर किसानों के नलकूपों पर हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने चोरी का खुलासा करते हुए हिस्ट्रीशीटर बदमाश को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से चोरी का माल एवं तमंचा बरामद करते हुए जेल भेज दिया है। लगभग एक पखवाड़ा पूर्व थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली क्षेत्र में किसानों के खेतों पर आधा दर्जन से अधिक नलकूपों से चोरों ने कीमती सामान चोरी कर लिया था। इसके अलावा कई स्थानों पर क्षेत्र में चोरों ने अन्य दर्जनो नलकूपों को चोरों ने निशाना बनाया था। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से किसानों में भारी रोष था। पीड़ित किसानों ने थाने पर तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की थी।तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी थी।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाने के हिस्ट्रीशीटर बदमाश गौरव उर्फ लोकेश पुत्र अशोक निवासी गांव किवाना, को गिरफ्तार करते हुए चोरी का खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने गांव खंद्रावली में दोनों चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकार की। बदमाश की निशानदेही पर चोरी किया गया सामान बरामद किया गया है। इसके अलावा पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी थाने हिस्ट्रीशीटर बदमाश है, जिस पर पहले भी कई संगीन मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी ने किसानों के नलकूपों पर हुई चोरी की घटनाओं को स्वीकार किया है। उसके कब्जे से चोरी का सामान और अवैध हथियार बरामद किए गए हैं। आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेजा गया है।पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र के किसानों ने राहत की सांस ली है।

# संत गोरखनाथ चिल्ड्रन एकेडमी में संपन्न हुआ कन्या पूजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर के मोहल्ला शेखजादगान स्थित संत गोरखनाथ चिल्ड्रन एकेडमी विद्यालय में नवरात्रों के पावन पर्व एवं विजयदशमी की पूर्व संध्या पर कन्या पूजन बड़े धूमधाम और श्रद्धा भाव के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय प्रांगण में सजे-धजे पंडाल में छात्राओं ने देवी स्वरूप धारण कर सुंदर प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें देखकर उपस्थित लोग भावविभोर हो उठे। कार्यक्रम में विद्यालय निदेशक ऊषा मित्तल, प्रबंधक क्षितिज मित्तल, प्रधानाचार्य रंजना मित्तल सहित समस्त अध्यापक-स्टाफ ने मंत्रोच्चारण के बीच कन्याओं का पूजन कर उन्हें प्रसाद और उपहार भेंट किए। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक क्षितिज मित्तल ने नवरात्रि पर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कन्या पूजन को भारतीय संस्कृति और आस्था का अद्भुत प्रतीक बताया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, अभिभावकगण तथा नगर की अनेक संभ्रांत हस्तियां शामिल रहीं। रंग-बिरंगे परिधानों में सजी कन्याओं ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस दौरान कई लोग मौजूद रहे।

# किशोरी घर से हुई लापता, रिश्तेदार पर शक अभियोग दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने कस्बे के एक व्यक्ति पर पीड़ित की नाबालिग पुत्री को गायब करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।कस्बे के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़ित की नाबालिग पुत्री पड़ोस में ही एक दुकान पर सामान खरीदने के लिए गई थी। पीड़ित का आरोप है कि काफी तलाश करने के बाद भी पीड़ित की पुत्री का कोई सुराग नहीं लगा। आरोप है कि पहले की दो बार पीड़ित की पुत्री पीड़ित के रिश्तेदार नईम पेंटर के घर से मिली थी। पीड़ित का आरोप है कि पीड़ित को अपने रिश्तेदार पर शक है कि पीड़ित की पुत्री को पीड़ित के रिश्तेदार ने ही गायब कर रखा है। पीड़ित ने अपने रिश्तेदार पर शक जताते हुए थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर नाबालिग किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। नाबालिग किशोरी को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

# अमृतानंद मई देवी का अवतरण दिवस मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** माता अमृतानंदमई देवी कृपा धर्मार्थ ट्रस्ट शामली के तत्वावधान में माता अमृतानंदमई देवी (अम्मा) के अवतरण दिवस के अवसर पर रविवार को एक भव्य व दिव्य सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग का वाचन प्रसिद्ध कथा वाचक अरविंद दृष्टा ने किया। अरविन्द दृष्टा ने अम्मा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अम्मा सबके दुख दूर कर अपने गले लगाने से लोगों को आत्मिक शांति प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि अम्मा एक दिव्य शक्ति व महान आत्मा हैं, जिनके आश्रम देश-विदेश में संचालित हो रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत में ट्रस्ट के अध्यक्ष सुनील गर्ग, सचिव अमित गर्ग, उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह व संजय बंसल तथा सह कोषाध्यक्ष अरिहंत जैन ने .ष्टा जी का तिलक, पटका व माल्यार्पण कर स्वागत किया। तत्पश्चात संस्था के पदाधिकारियों ने उपस्थित अतिथियों का पटका पहनाकर अभिनंदन किया। महिला शक्ति का स्वागत मती अंजली गर्ग व मती शालु गर्ग ने किया। अध्यक्ष सुनील गर्ग ने बताया कि अम्मा का जन्म वर्ष 1953 में केरल के एक गरीब परिवार में हुआ था। छोटी आयु से ही अम्मा ने लोगों को गले लगाकर उनका दुख हरना शुरू कर दिया। आज अम्मा के आश्रमों के माध्यम से देश-विदेश में अस्पताल, स्कूल व सामाजिक कार्य किए जा रहे हैं। हाल ही में अम्मा द्वारा फरीदाबाद में एक विशाल अस्पताल स्थापित किया गया है। इस अवसर पर सचिव अमित गर्ग, उपाध्यक्ष संजय बंसल, अरिहंत जैन, विपिन गर्ग, अमरीश जिंदल, अमर गोयल, मनोज जांगिड़, मनोज धीमान, विजय शर्मा, डॉ। राजीव बंसल मौजूद रहे।



# जामिया अरबिया कासिमुल उलूम अर्धवार्षिक परीक्षा संपन्न

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला खघ्ैल के प्राचीन जामिया अरबिया कघसिमुल उलूम व जामिया आयशा लिल बनात में आयोजित छमाही इम्तिहान का समापन जामिया के मोहतमिम मौलाना सैयद बदरुल हुदा कघसमी की रूहपरवर दुआ के साथ सम्पन्न हुआ। इस मौके पर एक सरल लेकिन प्रभावशाली समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें तलबा-तालिबात, शिक्षकों, उलमा और जिम्मेदारान की बड़ी तादाद मौजूद रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मौलाना सुल्तान रशीदी मोहतमिम जामिअतुस सालीहात थानाभवन ने कहा कि इम्तिहान छात्रों की सोई हुई सलाहियत को उजागर करता है और इल्म का असल मकघ्सद सिर्फ किताबें याद करना नहीं बल्कि सोचने-समझने और अमल की क्षमता पैदा करना है। मौलाना सैयद मजहरुल हुदा कघसमी नायब मोहतमिम ने कहा कि इल्मे दीन इंसान के अंदर दुनिया और आखघ्रित दोनों की कामयाबी की फिक्र पैदा करता है और जिस समाज में इल्म का दीया जलता है वही समाज तरकघ्कघी की राह पर चलता है। इस मौके पर कारी रिजवान गोगवान, मौलाना मुआज हाशमी, कारी अब्दुश शकूर, मास्टर काशिफ बद्र, मास्टर रिजवान, कारी रिजवान अंसारी आदि मौजूद रहे।

# सेवक के नहीं राम के चरण पकड़ो रामलीला में गूंजे अंगद-रावण संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**चौसाना।** कस्बे में चल रही रामलीला में शनिवार की रात्रि कलाकारों ने अंगद-रावण संवाद की लीला का जीवंत मंचन कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। मंचन में दिखाया गया कि प्रभु राम अंगद को रावण के पास संदेश देने भेजते हैं। अंगद रावण दरबार में पहुंचकर गर्वित स्वर में अपना परिचय देते हैं और रावण से कहते हैंकृ माता सीता को प्रभु राम को सौंप दो, इसी में तुम्हारी भलाई है। अंगद के संवाद तुम राम से क्या जीतोगे? सुनकर सभा में सन्नाटा छा गया। वे आगे कहते हैं कि यदि रावण का कोई भी बलशाली योद्धा उनके पैर को हिला दे तो वे स्वयं पराजय मान लेंगे। रावण दरबार के समस्त योद्धा प्रयास करते हैं लेकिन कोई भी अंगद का पैर हिला नहीं पाता। जब अंततः स्वयं रावण आगे बढ़ता है तो अंगद का सशक्त संवाद गूंजता हैकृ सेवक के नहीं, राम के चरण पकड़ो, वही तुम्हें क्षमा करेंगे। संवादों की यह लीला देखते ही दर्शक भावविभोर होकर तालियों की गड़गड़ाहट से मंचन स्थल गूंजा उठा। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी कलाकारों की अभिनय क्षमता से अभिभूत दिखे। इस अवसर पर मंचन में रावण की भूमिका राजेश, अंगद की भूमिका सलेखचन्द, राम की भूमिका संजीव शर्मा और मेघनाथ की भूमिका आलोक शर्मा ने निभाई। कलाकारों के संवाद और भावभंगिमा ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। रामलीला मैदान में लीला देखने उमड़े ग्रामीण देर रात्रि तक डटे रहे और मंचन के दौरान जय राम के उद्घोष लगातार गूंजते रहे।

# मां शाकम्भरी के दर्शनों को उमड़ा आस्था का सैलाब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर/ बेहट/सढौली कदीम।** शिवालिक पहाड़ियों के बीच स्थित 51 सिद्धपीठ में से एक सिद्ध पीठ मां शाकंभरी देवी मंदिर परिक्षेत्र में शारदीय नवरात्र के मौके पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। आयोजित मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधाओं को लेकर डीएम, एडीएमई, एसडीएम और जिला पंचायत सहित मंदिर व्यवस्थापको द्वारा तमाम व्यवस्थाएं की गई और भारी पुलिस बल तैनात है। प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं से श्रद्धालु गदगद नजर आ रहे है।



दरअसल, जनपद सहारनपुर की तहसील बेहट इलाके की शिवालिक पहाड़ियों के बीच स्थित सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी मंदिर परिक्षेत्र में इन दिनों शारदीय नवरात्र के अवसर पर विशाल मेला लगा हुआ है। मां शाकम्भरी देवी के दर्शनों को हजारों श्रद्धालु प्रतिदिन यहां पहुंच रहे है और मां के जयकारों के साथ घंटों लंबी लंबी लाइनों के लगकर मां भवानी के दरबार तक पहुंच शीश नवाकर मन्नते मांग रहे है। श्रद्धालु जहां निजी वाहनों से मां के दर्शनों को पहुंच रहे है तो काफी संख्या में भक्त पदयात्रा कर और लेट लेटकर भी मां के भवन तक पहुंच रहे है। मां शाकंभरी देवी के दर्शनों से पहले बाबा भूरादेव मंदिर में मत्था टेक प्रसाद चढ़ा रहे है।

मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर स्थानीय स्तर से लेकर जिला स्तर तक के पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी और जिला पंचायत दिन रात एक किए हुए है। जिलाधिकारी मनीष बंसल बताया कि मेले में श्रद्धालुओं के लिए करीब 15 स्वच्छ पानी के टैंकर, 150 मोबाइल टॉयलेट, सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए करीब 120 सफाई कर्मचारी लगाए गए है। मेला परिसर में स्वास्थ्य केंद्र बनाया गया है ताकि किसी भी श्रद्धालु की आकस्मिक तबियत खराब होने की स्थिति में उसे प्राथमिक उपचार दिया जा सके और गंभीर स्थिति होने पर मरीज को के जाने के लिए एम्बुलेंस भी चौबीसों घंटे तैनात है। इसके अलावा किसी भी आकस्मिक अग्निकांड से निपटने के लिए फायर बिग्रेड की गाड़ी और अचानक बाढ़ आने की स्थिति से निपटने के लिए एसडीआरएफ की टीम और फ्लड पीएसी तैनात है। अचानक आने वाली बाढ़ की सूचना के लिए डेढ़ किलोमीटर दूर पहाड़ियों ने रक्तदांतिक मंदिर पर सायरन सिस्टम और उससे ऊपर करीब 4 किलोमीटर दूर भी बाढ़ की सूचना देने की व्यवस्था की गई है।

मेले में 4 एसडीएम, 4 सीओ, 36 सैक्टर मजिस्ट्रेट और करीब तीन सौ पुलिसकर्मी तैनात है। मेला परिसर में पहली बार लेट लेटकर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मैट बिछवाए गए है। जिससे श्रद्धालु गदगद नजर आ रहे है और डीएम सहारनपुर मनीष बंसल, एसएसपी आशीष तिवारी, एडीएमई संतोष बहादुर सिंह, एसडीएम बेहट मानवेंद्र सिंह, सीओ बेहट एस एन वैभव पांडे तथा जिला पंचायत चेयरमैन मांगेराम चौधरी के अलावा प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद अदा करते नजर आए। उधर, मंदिर व्यवस्थापक आदित्य प्रताप राणा द्वारा मंदिर के अंदर की सभी व्यवस्थाएं बेहतर तरीके से कराई जा रही है ताकि श्रद्धालुओं को कोई परेशानी ना हो।

# स्थानीय हुनर को दें प्रोत्साहन: निम




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** विधायक देवेंद्र निम ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए स्थानीय हुनर को प्रोत्साहन देना होगा। स्वदेशी अपनाकर इस महान संकल्प के भागीदार बनें।

भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीण सैनी के निवास पर आयोजित कार्यशाला में पहुँचे विधायक देवेंद्र निम का कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।संबोधित करते हुए विधायक देवेंद्र निम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विकसित बनाने का संकल्प लिया है जिसके लिए भारत को आत्मनिर्भर बनना होगा।उन्होंने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्थानीय हुनर को प्रोत्साहित करना होगा।भारत में भारत के लोगों द्वारा बनाए गए यानि स्वदेशी सामान को महत्त्व देते हुए स्वदेशी सामान ही खरीदें।जब ऐसा होगा तो निश्चित रूप से बड़ा बदलाव आएगा।विदेशी वस्तुओं पर से निर्भरता घटेगी और हमारे अपने देश में देशवासियों द्वारा बनाई गई वस्तुएँ बड़ा ब्रांड बनेंगी। देवेंद्र निम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नीतियों से आज जनता के जीवन में खुशहाली आई है। लोगों के सपने साकार हो रहे हैं।

इस दौरान प्रमोद कौशिक, संजय राठी,श्यामवीर सिंह, सभासद अमित सैनी छोटू, दीपक सैनी, जसबीर सिंह, मुर्तजा प्रधान, सूरज वाल्मीकि, विकास प्रधान, बिरम सिंह, संजय चेयरमैन, टिंकू पंडित आदि काफी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्मृति चिन्ह देकर किया पारम्परिक स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** नगर में आयोजित श्रीरामलीला महोत्सव में शनिवार की रात्रि मंचन का शुभारंभ प्रेस क्लब अध्यक्ष आलोक मित्तल, सुरेंद्र अरोड़ा, दानिश खान, नदीम अहमद, अरशी शफीक और चौकी प्रभारी विकास चारण ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

श्रीरामलीला समिति ने प्रेस क्लब सदस्यों का पगड़ी, पटका और स्मृति चिन्ह देकर पारंपरिक स्वागत किया। आलोक मित्तल ने अपने संबोधन में भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने पर जोर दिया। श्री महादेव संकीर्तन मंडल के कलाकारों ने लंका दहन की लीला का जीवंत मंचन किया, जिसमें मनीष मित्तल (श्रीराम), आयुष चौधरी (लक्ष्मण), विकास चौधरी (सीता), विजेंद्र कश्यप (रावण), मयंक कश्यप (अक्षय कुमार), अमित कश्यप (मेघनाथ), रामा कश्यप (सुग्रीव), रविंद्र कश्यप (जाम्बवंत), और रवि शंकर द्विवेदी (हनुमान) ने अभिनय किया।

कार्यक्रम में रामलीला कमेटी के प्रधान सन्नी मित्तल, उप-प्रधान राहुल जैन, कोषाध्यक्ष मुकेश कश्यप, महामंत्री राजू चौधरी, महावीर कश्यप, अजय सैनी, डायरेक्टर नरेश गोयल, संचालक विनोद मित्तल, गोपाल कश्यप, हिमांशु कश्यप, विजेंद्र कश्यप, सोनू कश्यप आदि उपस्थित रहे।

# वैभव भाटिया ने पथ संचलन पर की पुष्प वर्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विजयादशमी 2025 से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने 100वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। यह शताब्दी वर्ष केवल संगठन का उत्सव नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र के लिए नवचेतना, आत्ममंथन एवं दृढ़ संकल्प का ऐतिहासिक अवसर माना जा रहा है। शताब्दी वर्ष के अवसर पर सहारनपुर महानगर के 12 नगरों की 15 बस्तियों में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए।

उत्सव की शुरुआत प्रात:कालीन बौद्धिक सत्रों से हुई, जिसमें प्रतिष्ठित विचारकों ने राष्ट्र निर्माण, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और संगठन की भूमिका पर सारगर्भित विचार रखे। इसके बाद नगरों में अनुशासित पथ संचलन का आयोजन किया गया। संचलन में बाल, तरुण और प्रौढ़ सभी वर्गों के स्वयंसेवकों ने अनुशासन और गरिमा के साथ भाग लिया। संचलन मार्ग पर नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया, जिससे वातावरण उल्लास और गौरव से भर गया। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शनी भी आयोजित की गई, जिसमें संगठन की सेवा गतिविधियों, सांस्कृतिक धरोहरों और प्रेरणादायक प्रसंगों को चित्रों, मॉडल्स और डिजिटल माध्यमों से प्रस्तुत किया गया। बड़ी संख्या में नागरिकों, विद्यार्थियों और परिवारों ने इसमें सहभागिता की और संगठन के कार्यों को नजदीक से समझा। संघ का शताब्दी वर्ष पंच परिवर्तन अभियान के केंद्रीय भाव पर आधारित है, जिसमें स्वावलंबन, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य, सामाजिक समरसता और पर्यावरण संरक्षण जैसे आयाम शामिल हैं। इसके अंतर्गत वर्ष भर विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनमें गृह संपर्क अभियान, हिंदू सम्मेलन, सद्भाव बैठकें, युवा सम्मेलन और अधिकतम शाखा अभियान प्रमुख हैं।



आज निकाले गये पथ संचलन पर युवा नेता वैभव भाटिया, नवाब गुर्जर, यशपाल भाटिया, रविंद्र बर्मन व मुकेश आदि ने पुष्प वर्षा की।

## आत्मनिर्भर बनने की दी प्रेरणा

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर में गीता श्री लाइफ फाउंडेशन के तत्वाधान में बेटियों के व्यक्तित्व विकास, आत्मनिर्भरता एवं सुरक्षा पर आयोजित गोष्ठी में बेटियों को शिक्षित होकर आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी गई।

रविवार को नगर के नव जनोदय इंटर कॉलेज प्रांगण में आयोजित गोष्ठी में एंटी रोमियो टीम इंचार्ज एसआई सुमन ने कहा कि बेटियां शिक्षित होकर ही व्यक्तित्व का विकास तथा आत्मनिर्भरता प्राप्त कर सकती हैं। बेटियों को मोबाइल का उपयोग सोच समझकर करना चाहिए। अपना फोटो तथा अपनी व्यक्तिगत जानकारी किसी को भी शेयर नहीं करनी चाहिए। चेयरमैन आनंद कुमार मिश्रा ने कहा कि बेटियों की शिक्षा, जागरूकता, व्यक्तित्व विकास एवं सुरक्षा के लिए फाउंडेशन निरंतर कार्य कर रहा है।

# बाढ़ के मद्देनजर तटबंद व पेचिंग कार्य कराने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** ग्राम खुजनावर मुस्तकम और खुजनावर अहतमाल माजरी में इस वर्ष हिंडन नदी (जिसे स्थानीय रूप से चाचा राव नदी भी कहा जाता है) में अत्यधिक जल प्रवाह के कारण भयानक बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। नदी का पानी अब गांव की आबादी की ओर रुख कर चुका है, जिससे सैकड़ों परिवारों की जान-माल को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। किसानों की फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई हैं, उपजाऊ भूमि बह गई है, और गांव के रास्ते तथा बिजली के खंभे पानी की तेज धारा में बहकर तबाह हो चुके हैं। इस आपदा ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है, और स्थानीय निवासियों में दहशत का माहौल है।



स्थानीय नेताओं और ग्रामीणों के अनुसार, इस वर्ष मानसून की भारी बारिश ने नदी को उफान पर ला दिया, जिससे तटबंध कमजोर पड़ गए। पहले से ही कमजोर पैचिंग और ठोकर निर्माण की कमी के चलते नदी का पानी गांवों में घुस आया। किसान अपनी मेहनत से उगाई गई फसलों को पानी में डूबते देखकर निराश हैं। एक स्थानीय किसान ने बताया, ष्हमारी पूरी साल की कमाई पानी में बह गई। अब परिवार कैसे चलेगा?ष बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में यातायात ठप हो गया है, और बिजली की कमी से रातें अंधेरे में गुजर रही हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो जलजनित बीमा. रियों का खतरा बढ़ सकता है।

इस मुद्दे को लेकर जिला पंचायत सदस्य राव मुकर्रम और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मौलाना अबरार राव शारिक सहित कई प्रमुख व्यक्ति सक्रिय हो गए हैं। उन्होंने अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग निर्माण खंड, सहारनपुर को एक आवेदन सौंपा है, जिसमें तटबंध मजबूत करने, पैचिंग कार्य और ठोकर निर्माण की मांग की गई है। आवेदन में कहा गया है कि नदी का बढ़ता जल प्रवाह गांव की आबादी को निगलने पर तुला है, और तत्काल हस्तक्षेप की जरूरत है। राव मुकर्रम ने कहा, ष्सरकार को इस पर तुरंत ध्यान देना चाहिए, वरना बड़ा हादसा हो सकता है। हमने विभाग से विनम्र अनुरोध किया है कि मामले का संज्ञान लें और उचित कार्यवाही करें।ष

सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने आवेदन प्राप्त होने की पुष्टि की है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पहले भी ऐसी शिकायतें की गईं, लेकिन कार्रवाई में देरी होती रही। जिले के अन्य हिस्सों में भी हिंडन नदी की बाढ़ से प्रभावित होने की खबरें आ रही हैं, जो जलवायु परिवर्तन और अनियोजित विकास की ओर इशारा करती हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि नदी तटबंधों को मजबूत करने के लिए दीर्घकालिक योजना की आवश्यकता है, जिसमें वनरोपण और जल प्रबंधन शामिल हो।

इस बीच, प्रभावित ग्रामीणों ने प्रशासन से राहत सामग्री और अस्थायी आवास की मांग की है। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो स्थिति और बिगड़ सकती है। स्थानीय समुदाय अब राज्य सरकार की ओर टकटकी लगाए बैठा है, उम्मीद है कि उनकी पुकार सुनी जाएगी।

# विमेंस जूडो में रहा शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर के मुन्नालाल डिग्री कॉलेज में एक दिवसीय अस्मिता खेलो इंडिया विमेंस जूडो लीग 2025-26 किया गया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन श्रीमती पूनम गर्ग ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा की नवरात्रों में शक्ति स्वरूपा माँ दुर्गा की उपासना की जाती है, ये समस्त बालिकाएं स्वयं शक्ति की प्रतीक हैं और इन्हे आत्मनिर्भर बनाने के लिए इस तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित करना सरहनीय है जिसके लिए जिला जूडो संघ बधाई का पात्र है।




इस अवसर पर सहारनपुर जिला जूडो एसोसिएशन के संस्थापक सचिव दीपक गुप्ता, अनिल अग्गरवाल दीपक गुप्ता पंकज बंसल,, डॉ रीता बोरा, डॉली गुप्ता, गौरव चौहान रिदम गुप्ता, इशांक गुप्ता, माधव गुप्ता, धीरज जैन, गौरव कपिल मानसिंघ जैन, प्रवीण चौधरी ने विजेताओं को मेडल्स पहना कर सम्मानित किया। पुनीत आर्य, मोहित उपाध्याय, दीपक कुमार, कुलभूषण कुमार, आदि मौजूद रहे। निर्णायकों में संजीव गुप्ता, राजी शर्मा, प्रदीप कुमार, सूरजप्रताप सिंह, आशीष सरोहा, अमन झा, सुमन कश्यप, वंश जैन, दानिश असद, विक्रांत कम्बोज, माणिक त्यागी रहे।

# भाजपा सरकार के विकास से आई खुशहाली: कर्दम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** राज्यसभा सांसद व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती कांता कर्दम ने कहा कि भाजपा सरकार समान रूप से विकास करा रही है जिससे लोगों के जीवन में खुशहाली आयी है। उन्होंने स्वदेशी सामान को अपनाने का आव्हान किया।

ब्लॉक प्रमुख श्रीमती गीता रानी के निवास पर पहुँची राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती कांता कर्दम का भव्य स्वागत किया गया।ब्लॉक प्रमुख श्रीमती गीता रानी व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विजयपाल सिंह ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया।श्रीमती कांता कर्दम ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार विकास कार्य करा रही है जिससे लोगों के जीवन में खुशहाली आई है।उन्होंने कहा जीएसटी रिफॉर्म कर प्रधानमंत्री मोदी ने देश की जनता को उपहार दिया है। श्रीमती कांता कर्दम ने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्वदेशी अपनाओ का आव्हान किया है इसलिए भारत को विकसित बनाने के लिए हमें स्वदेशी सामान अपनाना चाहिए।

श्रीमती गीता रानी व विजयपाल सिंह ने कहा कि ब्लॉक स्तर पर हमने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व शीर्ष नेतृत्व के प्रेरणा से भरपूर विकास कराया है। ब्लॉक के प्रत्येक गाँव में कराए गए विकास कार्यो से जनता लाभान्वित हो रही है।विजयपाल सिंह ने कहा कि हमारा एकमात्र उद्देश्य जनता की सेवा और भाजपा को और अधिक मजबूत बनाना है।

इस दौरान महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई,महानगर मंत्री नीलू राणा, पार्षद सुलेख चंद,हँसराज गौतम,योगी ओमवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# व्यापारियों को जीएसटी घटने से हुए लाभ की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** जीएसटी बचत उत्सव अभियान के निमित्त ननौता में व्यापार मंडल के जिला संयोजक राजीव नामदेव के प्रतिष्ठान पर उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री जसवंत सैनी ने व्यापारियो एवं उपभोक्ताओ से वार्ता कर जीएसटी घटने से हुए लाभ के विषय मे जानकारी दी ।

घटी जीएसटी - मिला उपहार, धन्यवाद मोदी सरकार के नारो से आज ननौता का बाजार गुंजायमान हो गया, व्यापार मंडल के जिला संयोजक राजीव नामदेव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जीएसटी का स्लेब घटाए जाने पर बधाई दी।

इस अवसर पर व्यापार मंडल के जिला संयोजक राजीव नामदेव, वरिष्ठ भाजपा नेता ओमपाल पांच. ाल,नगर अध्यक्ष दर्शन लाल, महामंत्री शिवकुमार राणा, कोषाध्यक्ष सुशील नामदेव, संगठन मंत्री विकास जैन, युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष अंकुर जैन, महामंत्री राहुल अग्रवाल, व्यापार



मंडल प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक नामद. ेव, राजकुमार कालड़ा, सुरेंद्र वर्मा, भाजपा नेता डॉक्टर एनसी शर्मा, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र गर्ग, भाजपा नेता खेमचंद कश्यप, भाजपा नेता कुलवंत राणा,पूर्व जिला पंचायत सदस्य अश्विनी बालियान, भाजपा नेता मोहर सिंह पुंडीर, पूर्व प्रधान बिजेंद्र त्यागी टीटू, पूर्व सभासद अमजद खान, विनोद अग्रवाल, सुदेश जैन, नीरज जैन, कालू जैन, सचिन जैन, मनोज वर्मा, राजेंद्र गोयल, ध्रुव प्रकाश मित्तल, मुकेश बंसल, वीरेंद्र त्यागी, नरेश नामदेव उर्फ मुन्ना, नीरज शर्मा, मांगेराम शर्मा, राजकुमार उपाध्याय, सौरभ पुंडीर, अखिल बंसल, अनुज सैनी, हरेंद्र चौधरी, मोंटी चौधरी, ईश्वर शर्मा, डॉ केपी सिंह, संजय अग्रवाल, बलराम सैनी, नकक्ल सैनी, जनरल सैनी, कपूर स्वीट्स शाहिद आदि व्यापारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

**चिलकाना।** नकुड विधायक मुकेश चौधरी ने नगर के बाजारों में घूम कर व्यापारियों से सीधा संवाद स्थापित किये, इस दौरान उन्होंने जीएसटी की घटी दरो के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



नगर में पहुंचे विधायक मुकेश चौधरी ने मुख्य बाजार में व्यापारियों से सम्पर्क साधा। उन्होंने चिलकाना नगर के दुकानदारो के साथ साथ कस्बा सुल्तानपुर के बाजारो में भी दुकानदारों से संवाद स्थापित करते हुए घटी हुई जीएसटी दरों के बारे में चर्चा की। उन्होंने दुकानदारों से ग्राहकों को घटी दरो पर सामान उपलब्ध कराने की अपील भी की।

जायर हुसैन चांद मियाँ, मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा, सुधीर जैन, सौरभ कांबोज, प्रवीण सैनी, निशांक जैन, विनय कश्यप, नगर पंचायत अध्यक्ष पुत्र दानिश अंसारी, हिमांशु गर्ग, पवन सेन, शिवनंदन शर्मा, ईसम सिंह दुबे, दीपक कश्यप, आशु सैनी, यूनुस कुरैशी, सभासद अनुपम जैन, इरफान प्रधान पटना, मास्टर उवैद, इनाम अहमद, अनुज जैन, निसार अहमद प्रधान, यशपाल रोहिला, राव अब्दुल हई प्रधान, इरफान प्रधान, मरगूब अंसारी, सुमन सैनी व मुमताज आदि उपस्थित रहे।

# अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे किसान

**चिलकाना।** शाकंभरी शुगर मिल टोडरपुर द्वारा किसानों के गन्ने का बकाया भुगतान न किये जाने को लेकर पीड़ित किसान मिल गेट के सामने अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे।

रविवार को शाकंभरी शुगर मिल टोडरपुर के गेट पर किसान संघर्ष समिति के नेतृत्व में धरने पर बैठे किसानों की मांग है कि उनके गन्ना का बकाया भुगतान किया जाये, नये सत्र का सभी भुगतान उन्हें समय पर किया जाये, तथा उन्हें किसी अन्य मिल से न जोड़ा जाये। किसानों का कहना है कि वह न तो किसी के विरोध में है और ना ही किसी के समर्थन में है, वह अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं। सरकार से अपने हक की मांग रहे है। जब तक उनकी समस्या का समाधान नही होता, तब तक यह आंदोलन शान्तिपूर्वक जारी रहेगा। वहीं दोपहर के समय भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष नरेश स्वामी ने भी धरना स्थल पर पहुंचकर धरने को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि उनका बकाया भुगतान दिलवाये जाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। धरने की अध्यक्षता किसान नेता देवी सिंह तथा संचालन चौधरी हाशिम व चौधरी जाबिर हसन द्वारा किया जा रहा है। इस दौरान चौधरी ताहिर चेयरमैन, चौधरी मुकर्रम,सतीश शर्मा, अब्दुल कय्यूम प्रधान, बीरमपाल, चौधरी मोती, चौधरी नदीम, चौधरी तसव्वुर, श्याम काम्बोज, प्रद्युम्न त्यागी, राज कुमार, चौधरी आकिल, बबलू प्रधान, मारूफ, हाजी शहजाद, चौधरी मुजम्मिल, महमूद प्रधान, चौधरी युनुस, अरुण वालिया मौजूद रहे।

# गरीबों को मिलेगा फायदा: अफजाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** हेल्पिंग ट्रस्ट ने अनोखी पहल करते हुए प्रत्येक शनिवार को अल्ट्रासाउंड होगा मात्र 150 रूपए में करने का निर्णय लिया योजना का शुभारंभ चैयरमेन पति अफजाल खान ने फीता काटकर किया।

नगर के चावला काम्प्लेक्स में फोकस अल्ट्रासाउंड सेंटर का उद्घाटन चैयरमेन पति अफजाल खान ने फीता काटकर किया। चैयरमेन पति अफजाल खान ने कहा कि हेल्पिंग ट्रस्ट द्वारा संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटर पर रियायती दर पर अल्ट्रासाउंड किये जाएगे और प्रत्येक शनिवार को विशेष छूट मिलने से गरीबों को फायदा मिलेगा हेल्पिंग ट्रस्ट द्वारा समाज हित में किये जा रहे सराहनीय कार्य। अल्ट्रासाउंड सेंटर के संचालक डाक्टर उसैद सिद्दीकी ने बताया कि पहले ही शनिवार को 80 पेशंट ने योजना का लाभ लिया फिलहाल प्रत्येक शनिवार को अल्ट्रासाउंड कि फीस 150 रूपए होगी जल्द ही पूरे सप्ताह कम फीस पर अल्ट्रासाउंड करने कि योजना बनाई जा रही है। इस अवसर पर मौलाना ओसामा सिद्दीकी, पूर्व उप प्रमुख शमशेर खान, रूस्तम राणा, राधेश्याम, आदित्य राणा, जियाउर्रहमान सिद्दीकी, मौहम्मद आरिफ, मुस्तफा मौजूद रहे।

## कार्यालय जिला पंचायत सहारनपुर

पत्रांक 1932 / जि.पं. / 2025-2026, दिनांक:-27-9-2025

**अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

जिला पंचायत के पंजीकृत समस्त ठेकेदारों एवं उ.प्र. शासकीय गजट नोटिफिकेशन संख्या 1425/23-2-2020-80जी 2000, दिनांक 14.07.2020 के अनुपालन में राज्य सरकार के सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत, सहारनपुर में उपलब्ध जिलानिधि की धनराशि के सापेक्ष वर्ष 2025-2026 के अन्तर्गत गड्ढामुक्ति/नवीनीकरण / रेस्टोरेशन/ नवनिर्माण कार्यों में से 20 निर्माण कार्यों (अंकन 10.00 लाख रूपये से 25.00 लाख रूपये तक) की धनराशि व 05 निर्माण कार्यो की ई-निविदाए (अंकन 25.00 लाख रूपये से अधिक) जिनकी तकनीकी स्वीकृति शासन से प्राप्त होने के उपरान्त अनुबन्ध की कार्यवाही की जाएगी। इस प्रकार कुल 25 निर्माण कार्यों की ई-निविदा दिनांक 08.10.2025 को अपरान्ह 04:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो तद्दिनांक को अपरान्ह 04:30 बजे से गठित निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदाए ई-टैण्डरिंग व्यवस्था से डाउनलोड व अपलोड की जायेगी। प्रत्येक ई-निविदा के साथ 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर. व टैण्डर मूल्य का डी.डी. जो अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, सहारनपुर के पदनाम पर बन्धक होगी संलग्न करनी होगी। निर्माण कार्य से सम्बन्धित शर्ते किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 03.10.2025 के उपरान्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड एवं जनपद की वैबसाईट www.saharanpur.nic.in से डाउन लोड कर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। किसी भी दशा में अनुबन्ध से पूर्व हुए कार्य को श्रमदान माना जायेगा। किसी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी /मा. अध्यक्ष, महोदय, जिला पंचायत, सहारनपुर में निहित होगा।

(मुकेश कुमार) अभियन्ता, जिला पंचायत, सहारनपुर
(चन्द्रवीर सिंह) अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, सहारनपुर
(मॉगेराम चौधरी) अध्यक्ष, जिला पंचायत, सहारनपुर

# एंटीरोमियो मिशन शक्ति टीम ने किया नगर में भ्रमण

**ई-रक्शा को बरामद कर आरोपी को भेजा जेल**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** प्रदेश सरकार द्वारा चलाया जा रहा आपरेशन मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत एंटीरोमियो मिशन शक्ति टीम ने मां श्री त्रिपुर बाला सुंदरी मंदिर, खाटू श्याम मंदिर, एमबीडी चौक, मैन बाजार सहित अन्य क्षेत्रों को भ्रमण कर संदिग्ध व्यक्तियों की चैकिंग की गई।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार शर्मा, एंटीरोमियो मिशन शक्ति टीम ने नगर के विभिन्न स्थानों पर भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं और लड़कियों को सम्मान एवं स्वावलंबन को चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति की जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने एक महिला की शिकायत पर एक मामला भी कोतवाली में दर्ज कराया। इस दौरान जहां साइबर क्राइम के प्रति जागरुक किया गया वहीं लोगों को सरकार द्वारा जारी हैल्पलाइन नबंर1090, वूमेन पॉवर, साइबर अपराध सूचना 1930, एंबुलेंस सेवा 108, पुलिस आपातकालीन सूचना 112 सहित मिशन शक्ति केंद्र की जानकारी दी गई। **उधर,** चोरी हुई ई-रक्शा को बरामद कर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जेल पुलिस चौकी प्रभारी रविंद्र कसाना ने चोरी हुई ई-रक्शा को 24 घंटे के अंदर बरामद कर ग्राम डेहरा निवासी कल्लू पुत्र कर्ताराम को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई प्रारंभ की।

# पथ संचलन का पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रो में पथ संचलन कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम के उद्घोष गूंजे। पथ संचलन का जगह जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत हुआ।

रेलवे रोड क्षेत्र में आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में निकाला गया पथ संचलन विभिन्न मार्गों से गुजरा। प्रांत संपर्क प्रमुख वेदपाल ने कहा कि वर्ष 1925 से प्रारंभ हुई संघ की सफल यात्रा अपना 100वें वर्ष में पहुंच गई है। कहा कि समाज और राष्ट्र को शक्ति प्रदान करने वाले पांच स्तंभों को पंच परिवर्तन कहा गया है। जिसमें समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्य शामिल हैं। इन पांच आयामों के माध्यम से शताब्दी वर्ष में संघ का प्रत्येक स्वयं सेवक समाज परिवर्तन में सहभागी बन रहा है। योगेंद्र गोयल,



लक्की भाटिया, राजेश अनेजा, डा. विकास, धर्मेश, विपिन, गजराज राणा, रितिक शर्मा, बिजेंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे। उधर, बास्तम गांव में सहजिला कार्यवाह विनय शर्मा व खंड संचालक पुनीत राणा के नेतृत्व में पथ संचलन हुआ। बजरंग दल नेता विकास त्यागी, भाजपा नेता कुलदीप त्यागी, सचिन कुमार, अनिल कुमार प्रधान, विनय कुमार मौजूद रहे। चंदेना कोली गांव में आयोजित पथ संचलन में मा. हरपाल सिंह, राजदीप, सुनील, सूर्य प्रकाश दीक्षित, सुनील कुमार, डा. बोबी, रामकुमार शर्मा शामिल रहे।

# लव जिहाद व धर्मांतरण की पीड़िता का उत्पीड़न करने की निंदा

**हिंदू जागरण मंच की बैठक में प्रशासन से की कार्रवाई किये जाने की मांग**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** जनपद देवरिया में लव जिहाद व धर्मांतरण की पीड़िता का उत्पीड़न व चरित्र हनन करने का प्रयास करने वाले सपा नेता की हिंदू जागरण मंच की बैठक में कड़ी आलोचना करते हुए प्रशासन से कार्रवाई करने की मांग की हैं।

हिंदू जागरण मंच के पश्चिम उत्तर प्रदेश के प्रभारी अमित धीमान ने कहा कि जिस प्रकार से एक मॉल के मालिक व उसके रिश्तेदारों को कानूनी कार्रवाई से बचाने का प्रयास किया गया यह दुर्भाग्यपूर्ण है और हिंदूओं के प्रति दुराग्रह को प्रदर्शित करता है और लव जिहादियों को संरक्षण देने का कार्य है। उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन को इसका संज्ञान लेकर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। पंडित दिनेश कुमार वशिष्ठ ने कहा कि सहारनपुर में थाना देहात कोतवाली में स्थित सिद्धपीठ शंकलापुरी मंदिर के शिवलिंग को अपवित्र व खंडित करना तथा मंदिर के घंटे व अन्य कीमती सामान को चोरी किया गया, इसी प्रकार ग्राम पंचायत दतोली रांघड में माता मंसादेवी मंदिर और बाबैल बुजुर्ग के मंदिर में चोरी आदि की घटनाओं के प्रति रोष व्यक्त करते हुए कार्रवाई की मांग की। ठाकुर कुशलपाल सिंह ने भी विचार रखे। इस मौके पर संदीप, सुमित, वेदपाल सिंह, कुशलपाल सिंह, तेजपाल सिंह, रुप सिंह, अशोक कुमार आदि शामिल रहे।

# मनमौजी छोरा की शूटिंग का शुभारंभ

**देवबन्द।** स्टार फिल्म स्टूडियों के बैनर तले बनने वाली देहाती फिल्म मनमौजी छोरा की शूटिंग का पूजन कर नारियल फोड़ विविवत रुप से शुभारंभ किया गया। तहसील क्षेत्र के गांव साधारणपुर में देहाती फिल्म मनमौजी छोरा की शूटिंग का शुभारंभ करने के दौरान फिल्म की जानकारी देते हुए अभय सिंह ने बताया कि मनमौजी छोरा देहाती फिल्म है। जोकि परिवारिक फिल्म होनेकेसाथ हास्य से भरपूर है। बताया कि वर्तमान परिवेश में एक युवक द्वारा नारी शक्ति को सम्मान देकर नारी शक्ति को हौंसला देते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का पात्र दर्शाया गया है। फिल्म में मुख्य अभिनेत्री स्वेता तारियल और शिवम् साधारणपुर अभिनित फिल्म के प्रोड्यूसर मनीष सोलंकी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में फिल्म का निर्माण



करना ग्रामीण अंचल में छुपी हुई प्रतिभा को निखारकर उन्हें सार्थक मंच देना ही मुख्य उद्देश्य होता है। हालांकि पहले दिन ही शूटिंग देखने को आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के दर्शकों की भीड़ लगी रही। इस दौरान डायरेक्टर मितवा मेहर, कैमरामैन अभय सिंह, रवि मल्होत्रा, सौराज सिंह सिंघानिया, दिनेश कांगड़ा अक्षय, अंकुर सैनी, जीतन सोलंकी, हरीश सोलंकी, बिना कश्यप, मेकअप आर्टिस्ट श्वेता सैनी, विशाल त्यागी और शानू कश्यप समेत सभी कलाकार शामिल रहे।

# कलाकारों ने किया अशोक वाटिका व लंका दहन लीला का मंचन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** श्री विष्णु कला मंडल के तत्वावधान में चल रही रामलीला में कलाकारों ने अशोक वाटिका व लंका दहन लीला का सजीव मंचन किया। रावण की लंका जलते देख श्रोताओं ने जमकर तालियां बजाई। रामलीला भवन के रंगमंच पर कलाकारों ने दिखाया कि वर्षा ऋतु बीतने के बाद सुग्रीव व हनुमान वानर सेना के साथ सीता की खोज में निकल पड़ते हैं। समुद्र तट पर जटायु के भाई संपाती अपनी शक्तिशाली दृष्टि से हनुमान जी को लंका में माता सीता के अशोक वाटिका में होने की जानकारी देते हैं। हनुमानजी वानर सेना के साथ लंका पहुंच जाते हैं। हनुमान अशोक वाटिका में जाकर माता सीता को प्रभु राम की मुद्रिका देते हैं। उसके बाद भूख लगने पर पूरी अशोक वाटिका



उजाड़ देते हैं। इस दौरान हनुमान जी अपनी पूंछ में लगी आग से पूरी लंका को ही जला देते हैं। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष नितिन गुप्ता, सचिन शर्मा, गगन मित्तल, निखिल अग्रवाल, अमन मित्तल, अशोक शर्मा, बलवीर सैनी आदि मौजूद रहे। उधर, रेलवे रोड स्थित दुर्गा कालोनी में श्री राम जानकी लीला समिति की रामलीला में कलाकारों ने सुग्रीव मित्रता, बाली वध व सीता खोज लीला का मंचन किया। अध्यक्ष लक्की वर्मा, बालेंद्र सिंह, संदीप शर्मा, आखोक खटीक व पुनीत छाबड़ा आदि मौजूद रहे।

## पूर्व सांसद ने किया कथा का रसपान



**देवबन्द।** श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर परिसर स्थित श्री ग्यारहमुखी महादेव मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद देवी भागवत महापुराण कथा में सातवें दिन कथा व्यास पं. विनय तिवारी ने मां के द्वारा महिषासुर का वध किए जाने का प्रसंग सुनाया। कैराना के पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी भी पहुंचे और कथा का रसपान किया। सर्वप्रथम पूर्व सांसद प्रदीप से मुख्य यजमान के रूप में पूजा अर्चना कराई। पंडित आकाश शर्मा ने मंत्रोच्चारण किया। कथावाचक पंडित विनय तिवारी ने कहा कि मां ने महिषासुर का वध करके देवताओं की रक्षा की थी। उन्होंने श्रद्धालुओं को धर्म के मार्ग पर चलने की सीख दी। कथा सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। श्रीमद देवी भागवत महापुराण के आयोजक व सर्वधर्म शक्ति संगठन के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र भारतीय ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अधिवक्ता संदीप शर्मा, सभासद रविंद्र चौधरी, जोगेंद्र सिंह, बाबा बलदेवनाथ, योगी राजेंद्रनाथ समेत काफी संख्या में लोग शामिल रहे।

# मरियम कालेज में मिशन शक्ति कार्यक्रम

## महिला सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूकता फैलाने का लिया संकल्प

शाह टाइम्स संवाददाता

**किरतपुर।** मरियम गर्ल्स कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन में मिशन शक्ति कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और महिला सशक्तिकरण से संबंधित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर लोगों का मन मोह लिया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कस्बा इंचार्ज दीपक नागर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मिशन शक्ति सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि यह हर बेटी का आत्मविश्वास है। आज की नारी किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। हमें यह समझना होगा कि सुरक्षा केवल पुलिस



या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक सोच का हिस्सा है। हर लड़की को अपने अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए। कानून ने आपको सुरक्षा के पूरे अधिकार दिए हैं चाहे वह 1090 महिला हेल्पलाइन हो, 112 आपातकालीन सेवा हो या साइबर क्राइम हेल्पलाइन। आप निडर होकर आगे बढ़ें और किसी भी तरह के भय या संकोच में न रहें। पुलिस के दरवाजे हमेशा आपके लिए खुले हैं। दीपक नागर ने यह भी कहा कि माता-पिता और शिक्षकों को चाहिए कि वे लड़कियों को केवल पढ़ाएं ही नहीं, बल्कि उनमें आत्मरक्षा व निर्णय लेने की क्षमता भी विकसित करें। कार्यक्रम में मरियम एजूकेशनल वैलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष मौहम्मद साईम राजा ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया और छात्राओं से मिशन शक्ति को अपने जीवन का संकल्प बनाने की अपील की। अंत में मिशन शक्ति की शपथ दिलाई गई और सभी ने मिलकर महिला सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। इस मौके पर थाने से आई मिशन शक्ति की पूरी टीम मौहम्मद साईम राजा द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

# कृष्णा में डांडिया एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** कृष्णा इंस्टीट्यूट में नवरात्रों के शुभ अवसर पर डांडिया एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन बीसीए विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में बीसीए, बी.फार्मा एवं पॉलीटेक्निक विभाग के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इन प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान पर टीम 01 बीसीए प्रथम वर्ष रही व द्वितीय स्थान पर भी टीम 02 बीसीए प्रथम वर्ष रही तथा तीसरे स्थान पर फार्मेसी विभाग के बच्चों ने प्राप्त किया।

# विद्यालय संचालन के लिए सर्वसम्मति से तीन सदस्यीय कमेटी का किया गठन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** केएल जनता इण्टर कॉलेज में जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा प्रबंध समिति का चुनाव निरस्त किये जाने के उपरांत आमसभा का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय संचालन के लिए सर्वसम्मति से तीन सदस्यीय कमेटी का गठन करने के साथ प्रबंध समिति के निर्वाचन पर भी चर्चा की गई।

केएल जनता इण्टर कॉलेज प्रांगण में सेठ कुलदीप कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में पूर्व प्रबंधक के अवैधानिक कार्यों की निंदा की गई। प्रबंध समिति के कालातीत हो जाने के कारण विद्यालय संचालन के लिए चर्चा उपरांत सर्वसम्मति तीन सदस्य कमेटी का गठन किया गया। इसमें सेठ



कुलदीप कुमार, राजकुमार व अरविंद कुमार को शामिल किया गया, यह समिति विद्यालय की नवीन प्रबंध समिति के निर्वाचन तक प्रशासनिक, वित्तीय तथा अन्य कार्यों का संपादन करेगी। संचालन देवीदयाल शर्मा ने किया। इस मौके पर देवीदयाल शर्मा, सुधीर त्यागी, राजन छाबड़ा, प्रमोद गुप्ता, श्यामवीर त्यागी, धर्मवीर त्यागी, जगदीश बंसल, संजीव बंसल, प्रधानाचार्य राजकुमार, संजय कुमार आदि शामिल रहे।

## आरवीआईटी में इंटरनल हैकाथॉन का आयोजन

**बिजनौर।** आर.वी. इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2025 के अन्तर्गत इंटरनल हैकाथॉन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं के नवाचर (Innovation) को प्रोत्साहित करना एवं श्रेष्ठ टीमों का चयन करना है, जो राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया हैकाथॉन 2025 में संस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगी। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी की और सामाजिक एवं औद्योगिक समस्याओं के समाधान हेतु अपने-अपने अभिनव विचार (Innovative Ideas) प्रस्तुत किए। टीमों ने डिजिटल प्रोडक्टस, ऑटोमेशन, हेल्थकेयर ओर शिक्षा क्षेत्र से जुडी समस्याओं पर तकनीकी समाधान प्रस्तुत कर अपनी रचनात्मकता और तकनीकी दक्षता का परिचय दिया। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंधक निदोक सन्नी देशवाल ने छात्र-छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन छात्रों को वास्तविक समस्याओं का समाधान खोजने तथा उद्योग और समाज के लिए उपयोगी नवाचर करने का सशक्त मंच प्रदान करता है।

## समिति में सदस्यता अभियान कार्यक्रम

**जलालाबाद।** जिला सहकारी बैंक जलालाबाद के प्रबंधक मौहम्मद आदिल ने कहा कि एम-पैक्स सदस्यता महा अभियान उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाया जा रहा एक विशेष कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बहुद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समितियों (एम-पैक्स) की सदस्यता बढ़ाना है! किसान सेवा सहकारी समिति, लल्लूवाला (धनौरा)में हुए सदस्यता कार्यक्रम में जानकारी देते हुए मौहम्मद आदिल ने कहा कि यह अभियान 12 सितंबर से 12 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। इस अभियान के तहत किसान और ग्रामीण लोग मात्र 226 रुपये जमा करके एम-पैक्स के सदस्य बन सकते हैं और विभिन्न सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं। चौधरी घनश्याम सिंह की अध्यक्षता एवं पवन सैनी के संचालन में हुए कार्यक्रम में युवा किसान नेता गालिब अंसारी उर्फ बिट्टू, अजीम अख्तर, चमन सिंह, सैय्यद जुल्फिकार, इफ्तेखार अहमद, सुरेश राणा, गुरदीप सिंह, बृजेश कुमारी, भूपेंद्र सिंह, शाहिद आदि ने भाग लिया

## फ्यूचर चिल्ड्रेंस एकेडमी में प्रतियोगिता

**शिवाला कला।** फ्यूचर चिल्ड्रेंस एकेडमी में विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता हाउस-वाइज कराई गई, जिसमें सभी हाउस के बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रश्नों के उत्तर दिए। सबसे अधिक उत्तर देकर कलाम हाउस प्रथम स्थान पर, आर्यभट्ट हाउस द्वितीय स्थान पर, रमन हाउस तृतीय स्थान पर तथा जे.सी. बोस हाउस चतुर्थ स्थान पर रहा। प्रतियोगिता में विशेष प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में आर्यभट्ट हाउस से शिवांश, हनी, राजवंश, अनमोल, गीतांजलि, काव्या, नकुल, महेनूर, रमन हाउस से हृदयांश, लव्यांश, मानसी, शशांक, कलाम हाउस से अवनि, तुषार, भूमि, लक्ष्य, रिदा, कनिका, आदर्श, दर्शिता, जे.सी. बॉस हाउस से काना, कंशिका, आरव, सिद्धि, समीक्षा, भूमिका, कुनाल, लविश आदि विद्यार्थियों ने सर्वाधिक प्रश्नों के उत्तर देकर अपने-अपने हाउस को गौरवान्वित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार शर्मा ने सभी बच्चों को विज्ञान के महत्व के बारे में प्रेरणादायी विचार साझा किए। विद्यालय के एम.डी. संघर्ष चौहान एवं वाइस चेयरपर्सन श्रीमती कल्याणी चौहान ने भी बच्चों को विज्ञान के महत्व से अवगत कराया और उन्हें भविष्य में अग्रसर रहने की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों व शिक्षिकाओं का सराहनीय सहयोग रहा।

# फूड पॉइजनिंग से हालत बिगड़ी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नहटौर।** हरगनपुर नवादा में पकौड़ी खाने के बाद एक ही परिवार के चार लोग फूड पॉइजनिंग के शिकार हो गए। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से उन्हें जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र के गांव हरगनपुर में बीती रात रमेश पुत्र किशन सिंह के परिवार ने पकौड़ी खाई थी। पकौड़ी खाने के बाद सब सो गए थे। लेकिन रात्रि में







रमेश (50 वर्ष), उसकी पत्नी बीना (42 वर्ष), पुत्री काजल (22 वर्ष) तथा पुत्र साजन (14 वर्ष) को उल्टी दस्त की शिकायत होने लगी। आज प्रात: अचानक उनकी हालत बिगड़ गई। उल्टी-दस्त, पेट दर्द आदि की शिकायत होने लगी। हालत बिगड़ने पर उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया।

चिकित्साधिकारी डॉ.आशीष कुमार आर्य ने बताया कि फूड पॉइजनिंग के चार लोग भर्ती हुए थे, उन्हें जिला अस्पताल रैफर किया गया है।

# मिशन शक्ति से महिला सशक्तिकरण की दिशा में विदुर ब्रांड तय कर रहा है नए आयाम : डीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में विदुर ब्रांड नए-नए आयाम तय कर रहा है। महिला समूह द्वारा उत्पादित सामग्री की मार्केटिंग से महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को साक्षात रूप प्रदान हो रहा है। उन्होंने बताया कि जिले भर में 18 से भी अधिक विदुर स्टोर खोले गए हैं तथा जिले के विभिन्न स्थानों पर विदुर कैफेटेरिया भी खोले जाएंगे। यह आउटलेट स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने, मिशन शक्ति के तहत ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM) के माध्यम से आजीविका के नए अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

उन्होंने बताया कि नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट विदुर ब्रांड की सचिव श्रीमती जूली देवी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट कर बिजनौर में जिला प्रशासन के सहयोग से विदुर ब्रांड की स्थापना,



**जनपद में 18 से भी अधिक विदुर स्टोर खोले गए**

उपलब्धियों और ग्रामीण महिलाओं की आजीविका वृद्धि में इसके योगदान पर विस्तार से चर्चा करते हुए उन्हें अवगत कराया कि जिला बिजनौर में विदुर ब्रांड के अंतर्गत 150 से अधिक विभिन्न उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं, जिन्हें विदुर स्टोर के माध्यम से बेचा जा रहा है और इसका सीधा लाभ स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने विदुर ब्रांड की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे स्वदेशी का प्रतीक बताया और कहा कि यह ग्रामीण आत्मनिर्भरता एवं महिला उद्यमिता का प्रेरणादायक मॉडल है।

उन्होंने बताया कि विदुर ब्रांड आउटलेट के माध्यम से स्वयं सहायता समूह (SHG) की महिलाओं द्वारा 150 से अधिक तैयार किए गए विविध स्वदेशी उत्पाद जैसे खाद्य सामग्री, स्वच्छता एवं घरेलू उपयोग की वस्तुएं अब स्थानीय स्तर पर आसानी से उपलब्ध होंगी। उन्होंने बताया कि यह पहल महिलाओं की आर्थिक सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के साथ-साथ वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को भी साकार करेगी। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने जन सामान्य का आह्वान किया कि विदुर ब्रांड के उत्पादों को अधिक से अधिक मात्रा में प्रयोग में लाकर जिला बिजनौर की प्रतिष्ठा को बढ़ाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान उपलब्ध कराएं।

## छात्राओं का चयन

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिजनौर।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मीरापुर बांगर की छात्राओं ने अंडर-17 मंडलीय स्तर कबड्डी टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में अमरोहा के सामने शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल में टीम भले ही उपविजेता रही, मगर तीन छात्राओं का मंडल की टीम में चयन हुआ। बालिकाओं की मंडलीय कबड्डी प्रतियोगिता अमरोहा में आयोजित की गयी। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबला मेजवान अमरोहा की टीम के साथ खेला गया। प्रतियोगिता में रामपुर बांगर राजकीय कन्या इंटर कालेज की टीम ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। अमरोहा की टीम विजेता व रामपुर बांगर की टीम उप विजेता रही।

## झोलाछाप का क्लीनिक सील

**अफजलगढ़।** हिदायतपुर में झोलाछाप चिकित्सक के इलाज से मरीज की मौत हो गई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली थी और लाश का पोस्टमार्टम कराया गया। इस मामले में स्वास्थ्य विभाग देर से जागा और आरोपी का क्लीनिक सील कर दिया गया है। बताया जाता है कि तीन मेडिकल स्टोरों को भी सील किया गया है। दो बंगाली क्लीनिक भी सील किए गए है। डॉ. अनिल कुमार के अनुसार उपरोक्त के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करा कर कार्यवाही की जाएगी। टीम में अमित कुमार व जबर सिंह शामिल रहे।

## हर्षोल्लास से निकाला राम बारात जुलूस

**नांगल सोती।** नांगल में हर्षोल्लास से पंचमी के मौके पर राम बारात जुलूस निकाला गया। मुख्य अतिथि व्यापारी योगेंद्र अग्रवाल और उनके पुत्र अनुज अग्रवाल ने फीता काटकर जुलूस का शुभारंभ किया। इस मौके पर राजवीर सिंह, अतुल कुमार, सुशील शुक्ला, रामपाल सिंह, लोकेश राजपूत, कुलदीप अग्रवाल, सुरेंद्र सिन्हा, अतुल अग्रवाल, मुकेश शर्मा, विजय चौधरी, दिनेश भुईयार, मनोज अहलावत, अस्वनी शुक्ला, नवीन अग्रवाल, जनेशपाल सिंह, गर्विन चौधरी, करतार सिंह, योगेश शुक्ला, वीरेंद्र शर्मा, गोपाल शर्मा, सतीश वर्मा, संदीप जोशी, राकेश गोयल, सिंधुराज आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। मुख्य बाजार वाली धर्मशाला से जुलूस शुरू होकर मौहल्ला टंकी वाला, मोहल्ला कश्यपयान और मौहल्ला बडतला होते हुए रामलीला मैदान पहुंचा, जहां धूमधाम से राम और सीता का विवाह संपन्न कराया गया। अखाड़ा उस्ताद निखिल कुमार तथा ओमपाल सिंह की अगुवाई में अनेक पहलवानों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। दोनों अखाड़ा उस्ताद का रामलीला कमेटी ने तिलक के साथ फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान सैकड़ों रामभक्त मौजूद रहे। वहीं पुलिस प्रशासन सुरक्षा के लिए मुस्तैद रहा।

## योगासन प्रतियोगिता का समापन

**बरुकी।** मंडलीय विद्यालय योगासन प्रतियोगिता राजकीय जुल्फिकार इंटर कॉलेज जनपद रामपुर में आयोजित की गई। विभिन्न जनपदों से आए बालक एवं बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। जनपद बिजनौर के खिलाड़ियों ने ट्रेडिशनल योगासन, रिदमिक पेयर, आर्टिस्टिक एवं आर्टिस्ट सिंगल में विजय प्राप्त करते हुए आठ स्वर्ण पदक, तीन रजत पदक एवं तीन कांस्य पदक प्राप्त किए। प्रतियोगिता में अंडर 14 बालक वर्ग में कामेंद्र ने स्वर्ण पदक, वंशिका ने स्वर्ण पदक, अंडर 17 में शिव ने स्वर्ण पदक, गुंजन ने कांस्य पदक, अंडर-19 में रितिक ने स्वर्ण पदक, कशिश ने रजत पदक, गुंजन ने रजत पदक, पलक ने कांस्य पदक, यशी चौधरी ने स्वर्ण पदक तथा मनीषा ने कांस्य पदक प्राप्त किया। योगा कोच सर्वजीत त्यागी ने बताया कि स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तर के लिए हो गया है जो 3 से 6 अक्टूबर को अयोध्या में आयोजित की जाएगी।

## डा. अंकित सैनी ने किया उद्घाटन

**बिजनौर।** बख्शीवाला रिंग रोड पर स्थित सदाबहार हॉस्पिटल का भव्य उद्घाटन डॉ. अंकित कुमार सैनी, प्रिंसिपल कृष्णा फार्मेसी कॉलेज द्वारा किया गया। इस अवसर पर हॉस्पिटल के निदेशक मौहम्मद आसिफ, डॉ. मसूद जावेद, डॉ. सना गयूर, डॉ. तल्हा मौलवी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने डॉ. अंकित कुमार सैनी का फूलों के गुलदस्ते से स्वागत किया।

# मिथुन मन्हास बने BCCI के अध्यक्ष



● प्रज्ञान ओझा, आरपी सिंह को टीम की चयन समिति में शामिल किया गया

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आज पूर्व रणजी ट्रॉफी क्रिकेटर मिथुन मन्हास को अपना नया अध्यक्ष नियुक्त किया। वह अनुभवी क्रिकेटर रोजर बिन्नी का स्थान लेंगे।

इसके अलावा पूर्व क्रिकेटर प्रज्ञान ओझा और आरपी सिंह को पुरुष राष्ट्रीय टीम की चयन समिति में शामिल किया गया। वहीं दिल्ली की अमिता शर्मा को महिला चयन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, मुंबई की सुलक्षणा नाइक और हैदराबाद की श्रावंती नायडू भी इसमें शामिल होंगी। इस बीच, एस शरत को जूनियर चयन पैनल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। शरत 2023 से सीनियर पैनल का हिस्सा थे। मन्हास के सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने जाने के बाद इस फैसले की औपचारिक घोषणा की गई। पिछले कुछ हफ्तों से क्रिकेट और प्रशासनिक हलकों में उनका नाम चर्चा में था, और खबरें थीं कि वह इस पद के लिए सबसे आगे चल रहे हैं। बीसीसीआई ने अब उनकी नियुक्ति की पुष्टि कर दी है, जिससे अटकलों पर विराम लग गया है। दिल्ली और जम्मू-कश्मीर के पूर्व खिलाड़ी मन्हास अपने लंबे घरेलू करियर और नेतृत्वकारी भूमिकाओं के लिए जाने जाते हैं। उनकी नियुक्ति को भारतीय क्रिकेट प्रशासन में पीढ़ीगत बदलाव के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें युवा और हाल ही में सक्रिय क्रिकेटरों को निर्णय लेने वाली भूमिकाओं में लाया जा रहा है। मन्हास की पदोन्नति के अलावा, वरिष्ठ प्रशासक राजीव शुक्ला को बीसीसीआई के ढांचे में एक महत्वपूर्ण नई जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिससे बोर्ड का नेतृत्व ढांचा और मजबूत होगा। मन्हास अब व्यस्त अंतर्राष्ट्रीय कैलेंडर के दौरान भारतीय क्रिकेट की शासी संस्था का नेतृत्व करने के साथ-साथ घरेलू क्रिकेट के विकास, संचालन और वैश्विक प्रतिनिधित्व में मौजूदा चुनौतियों का समाधान करने के लिए जिम्मेदार होंगे। इन महत्वपूर्ण नियुक्तियों के साथ, बीसीसीआई ने प्रशासनिक अनुभव को पूर्व खिलाड़ियों के नए दृष्टिकोणों के साथ मिलाने के अपने इरादे का संकेत दिया है, जिससे भारतीय क्रिकेट के भविष्य को आकार देने में निरंतरता और नई ऊर्जा सुनिश्चित होगी। बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान, यह भी निर्णय लिया गया कि कोई अंडर-16 खिलाड़ी तब तक आईपीएल नहीं खेल सकता जब तक कि उसने कम से कम एक मैच के लिए रणजी ट्रॉफी में अपने राज्य का प्रतिनिधित्व न किया हो।

## मिथुन के अध्यक्ष बनने पर जितेंद्र ने दी बधाई

जम्मू, वार्ता। जम्मू-कश्मीर के सपूत मिथुन मन्हास को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का नया अध्यक्ष घोषित किए जाने पर केंद्रीय मंत्री डा. जितेंद्र सिंह ने कहा कि यह जश्न का अवसर है। डा. सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ष्यह जश्न का एक महत्वपूर्ण अवसर है! मिथुन मन्हास को आधिकारिक तौर पर 'भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड' बीसीसीआई का नया अध्यक्ष घोषित किया गया है। उन्होंने पोस्ट किया कि जम्मू-कश्मीर के सबसे दूरस्थ इलाकों में से एक, पूर्व डोडा जिले के लिए यह कितना भाग्यशाली रविवार है, जो संयोग से मेरा अपना गृह जिला भी है। डा. सिंह ने आगे कहा कि कुछ ही घंटों के अंतराल में, पहले किश्तवाड़ की एक बेटी शीतल विश्व चैंपियन बनकर उभरी और उसके तुरंत बाद भद्रवाह का एक बेटा मिथुन शीर्ष पर पहुंच गया। इस बीच, जम्मू के क्रिकेट जगत ने मिथुन मन्हास को बीसीसीआई का नया अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर खुशी जताई है।



# अनुष्का ने 3पी में जीता स्वर्ण

**भारत के एड्रियन कर्माकर ने जीता रजत, खिताब व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट दिमित्री के नाम रहा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** जूनियर एशियन चैंपियन अनुष्का ठोकुर ने आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन नई दिल्ली में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए प्रतियोगिता का दूसरा स्वर्ण पदक जीता।

उन्होंने पहले दिन राइफल प्रोन में स्वर्ण पदक हासिल करने के बाद अब 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन जूनियर महिला स्पर्धा में स्वर्ण पर कब्जा जमाया। डा. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज पर चौथे दिन खेले गए फाइनल में अनुष्का ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। पुरुषों की जूनियर 3पी स्पर्धा में भारत के एड्रियन कर्माकर ने रजत पदक जीता, जबकि खिताब व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट (एआईएन) दिमित्री पिमेनोव के नाम रहा। एआईएन शूटरों के लिए यह खास दिन रहा, जिन्होंने दोनों फाइनल्स में कुल चार पदक अपने नाम किए। अनुष्का ने फाइनल में 461-0 का स्कोर किया, जिसमें खड़े होकर शूटिंग करते हुए अपनी 35वें शॉट पर परफेक्ट 10-9 भी शामिल था। उन्होंने क्वालिफिकेशन में 585-31ग स्कोर किया था और फाइनल में 6-1 अंकों की बढ़त के साथ स्वर्ण हासिल किया। एआईएन की अनास्तासिया सोरोकीना 454-9 (क्वालिफिकेशन: 580-23ग) के साथ रजत पर रहीं, जबकि उनकी साथी मारिया क्रुगलोवा ने 444-0 के स्कोर से कांस्य पदक जीता। एआईएन की ही अनास्तासिया गोरुखोवा चौथे स्थान पर 434-3 अंकों के साथ रहीं। अन्य फाइनलिस्ट्स में भारत की महित संधू 422-7 के साथ पांचवें, क्रोएशिया की अनामा. रिजा तुर्क 408-9 के साथ छठे, भारत की प्राची गायकवाड़ 399-3 के साथ सातवें और स्लोवाकिया की कामिला नोवा. ेतना 399-2 के साथ आठवें स्थान पर रहीं। पुरुषों के जूनियर 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन फाइनल में आईएसएसएफ वर्ल्ड कप लनगबो के रजत विजेता एआईएन के दिमित्री पिमेनोव ने 461-0 स्कोर के साथ स्वर्ण जीता। भारत के एड्रियन कर्माकर, जिन्होंने क्वालिफिकेशन में 587-34ग के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया था, ने कड़ा मुकाबला किया लेकिन 455-9 अंकों के साथ रजत पर संतोष करना पड़ा। एआईएन के कामिल नुरियाख्मेतोव ने 441-0 के स्कोर से कांस्य हासिल किया। क्रोएशिया के डार्को टोमासेविक 430-3 के साथ चौथे, भारत के वेदांत नितिन वाघमारे 420-9 के साथ पांचवें, एआईएन के इयारोस्लाव क्लिमिन 408-0 के साथ छठे रहे। भारत के सामी उल्लाह खान (393-0) सातवें और स्लोवाकिया के लुकास हो. रिनेक (386-6) आठवें स्थान पर रहे। 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल जूनियर पुरुष (स्टेज 1 क्वालिफिकेशन) में भारत ने दबदबा बनाए रखा। सूरज शर्मा ने 287-7ग स्कोर कर एआईएन के अलेक्ज़ांद्र कोवालेव के साथ शीर्ष स्थान साझा किया। भारत के समीर गुलिया (286-9ग), अभिनव चौधरी (284-8ग), मुकेश नेलावली (283-10ग) और जतिन (282-5ग) तीसरे से छठे स्थान तक रहे। स्टेज 2 के बाद प्रत्येक देश से केवल तीन खिलाड़ी ही फाइनल में जगह बना पाएंगे, जिससे प्रतियोगिता और कड़ी हो गई है। भारत के गौरव देसाले (572-17ग) आठवें और रोहित कन्यन (570-21ग) दसवें स्थान पर रहे। महिलाओं में मेल्विना एंजे. लिन जोएल ग्लैडसन (572-19ग) नौवें और आध्या अग्रवाल (563-12ग) बारहवें स्थान पर रहीं।

**संक्षिप्त खेल समाचार**

## महिला क्रिकेट विश्व कप के लिए कमेंटेटरों के पैनल की घोषणा

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने 30 सितम्बर से दो नवंबर तक चलने वाले महिला क्रिकेट विश्वकप 2025 के लिए कमेंटेटरों के नामों और प्रसारणकर्ता की घोषणा कर दी है। आईसीसी ने पुष्टि की है कि महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के सभी मैचों का सीधा प्रसारण आईसीसी टीवी द्वारा किया जाएगा। प्रशंसक इस टूर्नामेंट का आयोजन 30 सितम्बर से दो नवंबर तक पांच स्थानों पर राउंड-रॉबिन प्रारूप में आठ शीर्ष टीमों के बीच होने वाले मुकाबले देख सकेंगे। प्रत्येक मैच को कम से कम 30 कैमरों द्वारा रिकॉर्ड किया जाएगा। अनुभवी ब्रॉडकास्टर्स और कमेंटेटर अपनी आवाज से दर्शकों को रोमांचित करेंगे। इस पैनल में मेल जोन्स, ईसा गुहा, स्टेसी-एन किंग और जूलिया प्राइस, पूर्व कप्तान मिताली राज, सना मीर, नासिर हुसैन और अंजुम चोपड़ा है।

## कतर फीफा इंटर कॉन्टिनेंटल कप के अंतिम चरण की मेजबानी करेगा

**दोहा, वार्ता।** कतर फीफा इंटरकॉन्टिनेंटल कप 2025 के अंतिम तीन मैचों की मेजबानी करेगा। 17 दिसम्बर को होने वाले फाइनल में पेरिस सेंट-जर्मेन के प्रतिद्वंद्वियों का फैसला करने के लिए अमेरिका के फीफा डर्बी और फीफा चैलेंजर कप खेलों का आयोजन किया जाएगा। फीफा विश्व कप 2022 के मेजबान इस साल के अंत में फीफा अंडर-17 विश्व कप और फीफा अरब कप का भी आयोजन करेंगे। कतर को इस साल के फीफा इंटरकॉन्टिनेंटल कप के अंतिम तीन मैचों (एम3 से एम5) की मेजबानी की पुष्टि कर दी गई है। यह एक विशिष्ट वार्षिक वैश्विक क्लब प्रतियोगिता है।

# भारत ने जीता सैफ अंडर-17 का खिताब

● भारतीय टीम ने बांग्लादेश को पेनल्टी शूटआउट में 4-1 से हराकर अपना सातवां सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप खिताब जीता



**कोलंबो, वार्ता।** भारत की अंडर-17 पुरुष राष्ट्रीय टीम ने यहां रेसकोर्स इंटरनेशनल स्टेडियम में बांग्लादेश को पेनल्टी शूटआउट में 4-1 से हराकर अपना सातवां सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप खिताब अपने नाम किया। हाफ टाइम तक भारत ने दल्लामुओन गंगटे (4') और अज़लान शाह केएच (38') के गोलों की मदद से 2-1 की बढ़त बना ली थी, लेकिन बांग्लादेश ने आखिरी क्षणों में इहसान हबीब रिदुआन के बराबरी के गोल से वापसी की और स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया और शूटआउट के लिए मजबूर होना पड़ा। लेकिन शनिवार रात ब्लू कोल्ट्स ने सबसे जरूरी समय पर संयम बनाए रखा। पेनल्टी शूटआउट में भारत ने अपनी उम्र से कहीं ज्यादा परिपक्वता दिखाई। दल्लामुओन गंगटे, कोरोउ मेइतेई कोंथौजम और इंद्र राणा मगर ने शानदार गोल दागे, जिसके बाद शुभम पूनिया ने निर्णायक चौथा किक गोल में बदल दिया। इसके विपरीत, बांग्लादेश दबाव में बिखर गया। मोहम्मद इकरामुल इस्लाम ने क्रॉसबार पर गेंद मारी, मोहम्मद आज़म खान का प्रयास मानशज्योति बरुआ ने बचा लिया, और हालांकि मोहम्मद माणिक ने उनके तीसरे प्रयास को गोल में बदल दिया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। भारत ने जश्न मनाया और ज़ोरदार अंदाज में अपनी गद्दी वापस हासिल कर ली।

# लिटन दास के अफगानिस्तान सीरीज से बाहर रहने के संभावना



● सूत्रों के अनुसार लिटन दास को टीक होने में कम से कम तीन हफ्ते का समय लगेगा

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के विकेटकीपर-बल्लेबाज लिटन कुमार दास पीठ की चोट के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी सीमित ओवरों की सीरीज से बाहर हो सकते हैं।

टीम सूत्रों ने पुष्टि की है कि शानदार फॉर्म में चल रहे लिटन को ठीक होने में कम से कम तीन हफ्ते लगेंगे। इस चोट के कारण वह मौजूदा एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के खिलाफ सुपर 4 मैचों से पहले ही बाहर हो गए थे। बांग्लादेश दोनों मैच हार गया और फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहा।

राष्ट्रीय टीम के साथ मिल. कर काम करने वाले एक अधिकारी ने क्रिकबज को बताया कि मुझे लगता है कि उन्हें ठीक होने में कम से कम तीन हफ्ते लगेंगे, इसलिए अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज के दौरान उनके (लिटन) खेलने की संभावना कम है। लिटन को 22 सितम्बर को आईसीसी अकादमी ग्राउंड में प्रशिक्षण के दौरान पीठ में खिंचाव आ गया था। नेट्स में स्क्वायर कट लगाने की कोशिश करते समय उन्हें कमर के बाईं ओर तकलीफ महसूस हुई।

# नेपाल की विंडीज पर ऐतिहासिक जीत

● 180 अंतर्राष्ट्रीय मैचों के बाद नेपाल ने आखिरकार एक पूर्ण सदस्य देश को ऐतिहासिक दिन पर हराया



**शारजाह, वार्ता।** नेपाल ने शारजाह में वेस्टइंडीज को 19 रनों से हराकर किसी टेस्ट खेलने वाले देश के खिलाफ अपनी पहली जीत दर्ज की और तीन मैचों की टी-20 सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।

180 अंतर्राष्ट्रीय मैचों के बाद, नेपाल ने आखिरकार एक पूर्ण सदस्य देश को ऐतिहासिक दिन पर हराया। नेपाल के मध्यक्रम ने उन्हें 8 विकेट पर 148 रनों के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया, जिसके बाद उन्होंने सामूहिक गेंदबाजी प्रदर्शन करते हुए वेस्टइंडीज को रोक दिया। वेस्टइंडीज ने नेपाल को बल्लेबाजी के लिए भेजा और धीमी शुरुआत के बाद, अकील हुसैन ने कुशल भुर्टेल को सस्ते में स्टंप आउट कर दिया। साथी सलामी बल्लेबाज आसिफ शेख चौथे ओवर में जेसन होल्डर का शिकार बने और नेपाल का स्कोर अचानक 12/2 हो गया। कप्तान रोहित पौडेल और कुशल मल्ला ने 58 रनों की साझेदारी करके पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाज़ों ने अच्छी दौड़ भी लगाई, दो-दो और तीन-तीन रन भी लिए ताकि मैदान पर कोई रन न बचे। शानदार फॉर्म में चल रहे मल्ला ने ओबेद मैकॉय की गेंद पर छक्का जड़ा, लेकिन अगले ही ओवर में लेग स्पिनर नवियन बिदाईसी की गेंद पर आउट हो गए, जो अपना पहला मैच खेल रहे थे। पौडेल ने सिमंड्स की गेंद पर छक्का जड़ा, लेकिन लेग स्पिनर ने उन्हें पवेलियन वापस भेज दिया। गुलसन झा ने दो छक्कों की मदद से 22 रन बनाए, लेकिन लॉन्ग-ऑफ पर कैच आउट होकर बिदाईसी को अपना तीसरा विकेट दिलाया। 19वें ओवर में नेपाल ने होल्डर के हाथों तीन विकेट गंवा दिए, जिससे उनके मध्यक्रम की सारी मेहनत पर पानी फिर गया, लेकिन मैकॉय के दो छक्कों ने उन्हें 150 के आंकड़े से दो रन दूर कर दिया। वेस्टइंडीज ने शानदार शुरुआत की और पहली ही गेंद पर चौका जड़ दिया। करण केसी ने काइल मेयर्स को पांच रन पर आउट कर दिया, लेकिन अपने दूसरे ओवर में अकीम ऑगस्टे की आक्रामक बल्लेबाजी के कारण उन्हें 12 रन पर आउट कर दिया।

# रुज्दी ने विश्व रिकॉर्ड के साथ लगातार छठा शॉटपुट स्वर्ण पदक जीता

**नई दिल्ली, वार्ता।** बुल्गारिया के रुज्दी ने रविवार की सुबह इंडियन ऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में पुरुषों की शॉटपुट एफ55 स्पर्धा में लगातार छठा स्वर्ण पदक जीता। 12.94 मीटर के विश्व रिकॉर्ड के साथ उनका दबदबा, इस सत्र में स्थापित तीन विश्व रिकॉर्डों में से एक था।

जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में मलेशिया के अब्दुल लतीफ रोमली ने विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की लंबी कूद टी20 स्पर्धा में 7.67 मीटर के विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी की, जबकि यूक्रेन के वोलोडिमिर पोनोमारेंको ने अपने दूसरे प्रयास में 17.39 मीटर के साथ पुरुषों की शॉटपुट टी12 स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड बनाया और मुकाबला निर्णायक रूप से जीत लिया। दिग्गज माने जाने वाले 34 वर्षीय रुज्दी ने अपने अंतिम प्रयास में लोहे की गेंद को 12.94 मीटर से अधिक की दूरी से फेंका, जिससे दो साल पहले पेरिस में आयोजित विश्व चैंपियनशिप में बनाए गए उनके 12.69 मीटर के रिकॉर्ड में सुधार हुआ। सर्बिया के नेबोजसा ने छह बार 12 मीटर से अधिक की दूरी से थ्रो किया, लेकिन रुज्दी ने ड्यूरिक के सर्वश्रेष्ठ 12.52 मीटर से पांच बेहतर थ्रो किए। रुज्दी एक कार दुर्घटना में बच गए थे, लेकिन कमर से नीचे लकवाग्रस्त हैं, उन्होंने 2015 में दोहा से शुरू होकर विश्व चैंपियनशिप के प्रत्येक संस्करण में जीते गए स्वर्ण पदकों में और इजाफा किया। कठिन परिस्थितियों में भी अच्छा प्रदर्शन करने की उनकी क्षमता तब सामने आई जब उन्होंने विश्व रिकॉर्ड तोड़ा।

# यूपी योद्धाज जीत की हैट्रिक लगाने को तैयार

● मुकाबला आज रात 8 बजे जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में गुजरात जायंट्स के खिलाफ करेंगी यूपी योद्धाज

**चेन्नई, वार्ता।** जयपुर में लगातार दो जीत दर्ज करने के बाद यूपी योद्धाज अब चेन्नई चरण की शुरुआत गुजरात जायंट्स के खिलाफ खेलते हुए करेंगे। यह मुकाबला 29 सितम्बर को जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में रात 8:00 बजे से खेला जाएगा। जयपुर चरण का समापन योद्धाज ने रोमांचक अंदाज़ में किया था। पहले उन्होंने 36-36 की बराबरी के बाद बेंगलुरु बुल्स को टाई-ब्रेकर में 6-5 से मात दी। इस नतीजे ने दबाव की स्थिति में टीम के धैर्य और आत्मविश्वास को साबित किया। अब लगातार तीसरी जीत की तलाश में योद्धाज अंक तालिका में सातवें स्थान से और ऊपर चढ़ने की कोशिश करेंगे। पिछले मैच में भवानी राजपूत ने 10 अंक जुटाकर शानदार प्रदर्शन किया, जबकि गगन गौड़ा ने लगातार योगदान देते हुए सीजन में 8 मैचों से अपने अंक 82 तक पहुंचा दिए हैं। इनके साथ गुमान सिंह का प्रभाव और युवा शिवम चौधरी की चमक, योद्धाज की अटैक लाइन-अप को कई खतरनाक विकल्प देता है। डिफेंस में कप्तान सुमित सां. गवान और उपकप्तान आशु सिंह को फिर से अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की जरूरत होगी। महेंदर सिंह और हितेश की मजबूती के साथ, योद्धाज की बैकलाइन में अब तालमेल दिख रहा है और पीकेएल की सबसे अनुशासित और मजबूत डिफेंसिव इकाइयों में गिनी जा रही है।

## आईएसपीएल सीजन 3 की 9 जनवरी 2026 से वापसी

**मुंबई, वार्ता।** लगातार दो सफल सीजन के बाद, इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल), भारत का अग्रणी टेनिस-बॉल टी10 टूर्नामेंट, अपने तीसरे संस्करण के लिए और भी बड़ी, बेहतर और दमदार वापसी कर रहा है। आठ टीमों वाला यह टूर्नामेंट 9 जनवरी से 6 फरवरी 2026 तक सूरत में आयोजित किया जाएगा। आगामी सीजन की मुख्य बातों में, सबसे मूल्यवान खिलाड़ी (एमवीपी) को बिल्कुल नई पोर्शे 911 कार मिलेगी, जो यह दर्शाता है कि लीग वैश्विक खेल प्रतियोगिताओं और मापदंडों के साथ तालमेल बिठाते हुए कितनी बड़ी हो गई है। आईएसपीएल की कोर कमेटी के सदस्यों, सचिन तेंदुलकर, आशीष शेलार, मिनल अमोल काले, सूरज समत (लीग कमिश्नर), दीपक चौहान (लीग ऑपरेशंस के अध्यक्ष), के साथ-साथ सुपरस्टार अजय

# इगा-सिनर आगे बढ़े, झेंग की जोरदार वापसी



**बीजिंग, वार्ता।** शीर्ष वरीयता प्राप्त पुरुष खिलाड़ी जैनिक सिनर और महिला खिलाड़ी इगा स्वियाटेक दोनों ने 2025 चाइना ओपन के एकल वर्ग के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया, जबकि घरेलू प्रबल दावेदार झेंग किनवेन ने सर्जरी के बाद वापसी करते हुए कोलंबिया की एमिलियाना अरंगो को हराया। इतालवी स्टार सिनर ने शनिवार को दूसरे दौर में फ्रांसीसी क्वालीफायर टेरेंस एटमाने के खिलाफ तीन सेटों में 6-4, 5-7, 6-0 से जीत हासिल की। तेईस वर्षीय एटमाने ने मैच में 11 ऐस लगाए, लेकिन सिनर को रोकने के लिए यह काफी नहीं था। मैच के बाद सिनर ने कहा कि आज की चुनौती बहुत कठिन थी। तीसरे सेट में वह निश्चित रूप से काफ़ी आत्मविश्वास से भरा हुआ था। मैंने पहला गेम शानदार खेलकर उसकी सर्विस तोड़ी, जिससे मुझे किसी तरह सेट जीतने का आत्मविश्वास मिला। डबल ब्रेक के बाद, माहौल थोड़ा अलग था। माहौल पूरी तरह से बदल गया। इस साल के चाइना ओपन में अपने पहले मैच में स्वियाटेक ने पहले राउंड में बाई मिलने के बाद ज्यादा आरामदायक जीत हासिल की, दूसरे राउंड में उन्होंने चीन की युआन यू को 6-0, 6-3 से आसानी से हरा दिया। 24 वर्षीय पोलिश खिलाड़ी ने कहा कि पहला मैच हमेशा कोर्ट का अनुभव करने और उसे समझने के लिए अच्छा होता है। मुझे हर मैच के लिए तैयार रहना होगा। मैं बस नए कौशल सीखने और अपने खेल को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रही हूं। चीनी टीम की प्रबल दावेदार और पेरिस ओलंपिक चैंपियन झेंग, जिनकी हाल ही में कोहनी की सर्जरी हुई थी, ने बहुप्रतीक्षित वापसी की। उत्साहपूर्ण जयकारों के बीच, झेंग ने अरांगो को 6-3, 6-2 से हराकर महिला एकल के तीसरे दौर में प्रवेश किया। अगले दौर में सातवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी का सामना चेक गणराज्य की लिंडा नोस्कोवा से होगा, जिन्होंने चीन की वांग ज़ियू को 6-3, 6-2 से हराया। चीनी खिलाड़ी झू लिन को चौथी वरीयता प्राप्त रूस की मीरा एंड्रीवा से 6-2, 6-2 से हार का सामना करना

## कार्लोस जापान ओपन के सेमीफाइनल में



**टोक्यो, वार्ता।** स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने अमेरिका के ब्रैंडन नाकाशिमा को हराकर जापान ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। शनिवार रात खेले गये क्वार्टरफाइनल मुकाबले में विश्व नंबर वन अल्काराज ने एक ही सीजन में अपने करियर की 65वीं जीत दर्ज करते हुए ब्रैंडन नाकाशिमा को 6-2, 6-4 से हराकर जापान ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अल्काराज सोमवार को अंतिम चार में नोर्वे के कैस्पर रूड से भिड़ेंगे। स्पेनिश खिलाड़ी का नोर्वे के खिलाड़ी के खिलाफ अब तक का रिकॉर्ड 4-1 है, लेकिन रूड ने पिछले साल एटीपी फाइनल में सीधे सेटों में जीत हासिल की थी। दूसरे सेमीफाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज का सामना लगातार दूसरे दिन अपने ही अमेरिकी हमवतन जेनसन ब्रूक्सबी से होगा। फ्रिट्ज ने सेबेस्टियन कोर्डा को 6-3, 6-7(5), 6-3 से हराया।

# बूथ स्तर तक कार्यकर्ता मजबूत करेगी कांग्रेसः इमरान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा कि ब्लाक व मंडल कमेटियों के सहयोग से बूथ स्तर तक पार्टी कार्यकर्ताओं को मजबूती प्रदान करेगी।

इमरान मसूद ने यह बात अंबाला रोड स्थित कैंप कार्यालय पर आयोजित विशेष बैठक में कही। उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों के दौरान सभी मंडल अध्यक्ष और मंडल कमेटी एक अहम रोल अदा करेगी, जिससे जनपद के संगठन की सभी बूथ कमेटिया और अधिक मजबूत होगी और हम चुनावों में बेहतर से बेहतर परिणाम देने में सक्षम होंगे। उन्होंने सभी मंडल अध्यक्षों को इस कार्य योजना पर कार्य करने हेतु व्यक्तिगत रूप से अलग-अलग बस्ते भी सोपे, जिससे मंडल अध्यक्षों को अपना कार्य करने में आसानी हो और वह अपना कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण कर सकें। सांसद इमरान ने कहा कि 15 दिन बाद जहां हम एक ओर हम इस कार्य योजना की समीक्षा करेंगे वहीं दूसरी ओर कल से ही दिन प्रतिदिन कार्य की प्रगति की रिपोर्ट जिला पदाधिकारी प्रभारियों से भी ली जाएगी। योजना में बेहतर और अच्छा काम करने वाले मंडल अध्यक्षों को सम्मानित भी किया जाएगा। इमरान मसूद ने कहा कि यदि हमने ईमानदारी से इस कार्य योजना को पूर्ण करके भविष्य में संगठन की मजबूती के लिए अपने संगठन सृजन के लक्ष्यों को हासिल करने की मुहिम को जारी रखा तो निश्चित रूप से जनपद की सातों विधान सभा सीटों पर कांग्रेस जीत का परचम लहराएगी। उन्होंने साफ कहा कि इस कार्य में किसी भी तरह की लाप. रवाही या शिथिलता ना कार्. बले बर्दाशत होगी।



जिलाध्यक्ष संदीप सिंह राणा ने सभी से कार्य को समायावधि में पूर्ण करने की अपील करते हुए सांसद काजी इमरान मसूद को आश्वासन दिया कि हम आपके निर्देशानुसार कार्य को आगे बढ़ाएंगे और एक मजबूत संगठन का सृजन करते हुए कांग्रेस को बूथ स्तर तक मजबूत कर संगठन की सफलता का मार्ग प्रशस्त करने का संकल्प लेते है।

बैठक में पूर्व विधायक मसूद अख्तर, पूर्व राज्य मंत्री शायान मसूद, सांसद प्रतिनिधि संदीप वर्मा, हमजा मसूद, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मेहरबान आलम, पूर्व प्रदेश सचिव अशोक सैनी, पूर्व महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा, जिला प्रवक्ता गणेश दत्त शर्मा, जिला उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी नितिन शर्मा, विवेक कांत सिंह, डॉ रागिब अंजुम, विनय चौधरी, राहत खलील, पवन मौर्य, अरविंद पालीवाल, गुल. बहार अब्बासी, सुदेश चौधरी, संदीप चौधरी, विक्की पूजना, अक्षय चौधरी, दुष्यंत राणा, ब्लॉक अध्यक्षगण हाशिम चौधरी, सेठपाल, नानू सिंह कश्यप, नवाब अली, राज. कुमार, पवन राना, मोहम्मद गालिब, मोहन लाल शर्मा, अबरार राव, अब्दुल कयूम व अंकित के अलावा अजय त्यागी, आरिफ खान, प्रीतम सैनी, अरविंद पालीवाल, मुनीश सहगल, शाजिया नाज, रेखा धीमान, श्याम बिहारी शर्मा, अमित शर्मा, नसीब खान आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# एफबीडी शिविर में किया 103 यूनिट रक्तदान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** फैमिली ऑफ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट के 226 वें स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 103 रक्तदाताओ ने रक्तदान किया।

सरसावा के डी.सी. जैन इण्टर कॉलेज में लगाये गये शिविर में संयोजक उदयवीर सिंह ने बताया कि सरसावा क्षेत्र में रक्तदान को लेकर लोगों में गजब का उत्साह है। यहाँ हर वर्ग समाज सेवा के लिए तत्पर रहता है और रक्तदान को महादान मानकर इसमें भाग लेता है। संस्था अध्यक्ष पंकज कुमार पाँचाल ने कहा कि हमारा मिशन सहारनपुर को "100 प्रतिशत स्वैच्छिक रक्तदान वाला जनपद" बनाना है। सरसावा जैसे कस्बे से इतना उत्साह इस मिशन को और मजबूती देता है। रक्तदान से शरीर में किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं आती, बल्कि यह पुण्य और सेवा दोनों है। शिविर सह संयोजक सलमान राव ने कहा कि हर 3 माह में रक्तदान करने से न सिर्फ जरूरतमंदों की जान बचती है बल्कि यह समाज में एक नई सोच और जागरूकता भी पैदा करता है।

वरिष्ठ संरक्षक अश्वनी कुमार मित्तल ने कहा कि रक्तदान ऐसा महादान है जिसका कोई विकल्प नहीं है। फैक्ट्री या प्रयोगशाला में रक्त तैयार नहीं किया जा सकता, यह केवल इंसान ही इंसान को दे सकता है। आज एकत्रित रक्त थैलेसीमिया के बच्चों, दुर्घटना पीड़ितों और गंभीर मरीजों के लिए जीवनदायी सिद्ध होगा।



रक्तदान शिविर में आकाश कुमार, बिजेंद्र चौहान, प्रवीण धीमान, सोनू कुमार, अनुज कंबोज, सुशील, मुकेश सैनी, धर्मपाल रावत, अमित खन्ना आदि ने भाग लेकर इस पुनीत कार्य को सफल बनाया।

# ग्लोकल विश्वविद्यालय में 10वां आयुर्वेद दिवस भव्यता से सम्पन्न




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्लोकल विश्व. विद्यालय के अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति सैयद निजामुद्दीन के संरक्षण , कुलपति प्रोफेसर डॉ. जॉन फिन्बे की प्रेरणा और कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी की अनुप्रेरणा से ग्लोकल विश्वविद्यालय के ग्लोकल कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च सेंटर में 17 से 27 सितम्बर 2025 तक "आयुर्वेद फॉर पीपल एंड प्लैनेट" थीम पर 10वां आयुर्वेद दिवस भव्य रूप से मनाया गया।

कार्यक्रम का समापन रंगारंग कार्यक्रम एवं रंगोली प्रतियोगिता ग्रैंड फिनाले से हुआ, जिसका उद्घाटन प्रोफेसर जॉन फिनबे, डॉ. शिवानी तिवारी और प्रोफेसर संजय कुमार ने किया तथा निर्णायक मंडल में डॉ. एकता और डॉ. नेहा शामिल रहीं। प्रथम पुरस्कार शंभवी, आस्था, नेहा, हम्जा और साद की टीम को तथा द्वितीय पुरस्कार निधि, अंशिका, शादमा, खुशी और वंशिका को मिला। यह दस दिवसीय उत्सव आयुर्वेद के पारंपरिक ज्ञान, निवारक स्वास्थ्य देखभाल और पर्यावरण संतुलन को जन-जन तक पहुँचाने का सफल प्रयास रहा, जिसने "स्वस्थ भारत आयुर्वेद भारत" के संकल्प को और मजबूत किया।

# निगम की स्मार्ट लाइब्रेरी में बढ़ेंगी सुविधाएं

## स्मार्ट सिटी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक में आय बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाए जाने पर दिया गया जोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** स्मार्ट सिटी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक में स्मार्ट सिटी की आय बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाए जाने पर जोर दिया गया।

सर्किट हाउस में मंडलायुक्त अटल कुमार राय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वर्चुअल प्रतिभाग करते हुए जिलाधिकारी मनीष बंसल ने सुझाव दिया कि जीआईसी परिसर में नवनिर्मित सभागारों में मिशन शक्ति पर आधारित कार्यक्रम तथा स्मार्ट सिटी द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएं ताकि उनका प्रचार-प्रसार हो सके और भविष्य में राजस्व वृद्धि के लिए उसका उपयोग किया जा सके। सभी ने उस पर सहमति व्यक्त करते हुए स्मार्ट सिटी बोर्ड की आगामी बैठक नेहरू मार्केट स्थित जीआईसी सभागार में ही आयोजित करने का निर्णय लिया।




इसके अतिरिक्त पुरानी सब्जी मण्डी स्थित एक सौ दुकानों को शीघ्र आवंटित करने सहित लगभग 15 ऐसी विभिन्न परियोजनाओं पर चर्चा की गई जिनसे भविष्य में स्मार्ट सिटी का राजस्व बढ़ाया जा सके। इस सम्बंध में स्मार्ट सिटी के सीईओ व नगरायुक्त शिपू गिरि ने अनेक सुझाव दिए। निर्माणाधीन दो परियोजनाओं का कार्य दिसम्बर माह तक पूर्ण करने के निर्देश भी बोर्ड द्वारा दिए गए। निगम परिसर स्थित गांधी स्मार्ट डिजिटल लाइब्रेरी में सुविधाओं के विस्तार पर सहमति बनी। इसमें छात्रों के लिए और अधिक सुविधाएँ उपलब्ध कराने के साथ ही ई-बुक्स एवं फिजिकल बुक्स हेतु अलग-अलग सदस्यता योजना शुरू करने पर विचार किया गया। बैठक में अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी/अपर नगरायुक्त प्रदीप कुमार यादव, नोडल अधिकारी गगन, स्मार्ट सिटी के महाप्रबंधक तकनीकी दिनेश सिंघल, डीजीएम.फाइनेंस मोहित मिश्रा, कंपनी सचिव शंकर तायल, मुख्य लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी के अलावा निद. ेशक कृष्ण मोहन, प्रमोद सडाना, राजेश कुमार, राजेश कुमार पंकज, अलका सिंह व योगेश कुमार आदि शामिल रहे। कुछ निदेशकों ने वर्चुअल प्रतिभाग किया।

# विधायक मुकेश चौधरी को बनाया प्रांक्कलन समिति सभापति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नकुड विधानसभा सीट से भाजपा के विधायक मुक. ेश चौधरी को उत्तर प्रदेश सरकार ने प्राक्कलन समिति का सभापति मना. ेनीत किया है।



विधायक मुकेश चौधरी ने भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताते हुए कहा कि यह सम्मान मेरे लिए केवल एक पद नहीं, बल्कि विश्वास और उत्तरदायित्व का प्रतीक है। यह अवसर मुझे और अधिक निष्ठा, पारदर्शिता एवं समर्पण के साथ जनसेवा और विकास के मार्ग पर कार्य करने की प्रेरणा देगा। इस विश्वास के लिए मैं सदैव कृतज्ञ रहूँगा। और पार्टी के लिए इसी तरह सच्ची लगन व ईमानदारी के साथ कार्य करता रहूंगा। विधायक मुकेश चौधरी को यह जिम्मेदारी मिलने पर जनपद में उनके समर्थकों में हर्ष का माहौल है।

# हातिम ने पेंचक सिलाट में जीता स्वर्ण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सढौली कदीम।** बेहट कस्बे के होनहार खिलाड़ी ने कर्नाटक में आयोजित 13 वीं सब-जूनियर, जूनियर और प्री-टीन राष्ट्रीय पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर कस्बे सहित जिले का नाम रोशन किया है।

दरअसल, कर्नाटक के कोप्पल शहर में चल रही 13 वीं सब-जूनियर, जूनियर और प्री-टीन राष्ट्रीय पेंचक सिलाट प्रतियोगिता आयोजित हो रही है जिसमें कस्बे के मौहल्ला शहरी दरवाजा निवासी शाह साजिद उर्फ बब्बू मियां के पौत्र और तौसीफ शाह के बेटे हातिम अली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्तराखंड के लिए स्वर्ण पदक हासिल किया। 10 वर्षीय हातिम अली जो कि उत्तराखंड के देहरादून के विकासनगर स्थित ब्राइट एंजेल स्कूल में कक्षा 4 के छात्र हैं। हातिम ने अपने उत्कृष्ट खेल से न केवल अपने विद्यालय और परिवार का बल्कि बेहट और उत्तराखंड का नाम रोशन किया है। प्रदेश को स्वर्ण दिलाने वाले इस नन्हें खिलाड़ी को सभी ओर से बधाइयाँ मिल रही हैं। खेल प्रेमियों को उम्मीद है कि हातिम जल्द ही अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी स्वर्ण पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाएंगे। छात्र की इस उपलब्धि पर बेहट नगर पंचायत के सभासद शाह फरहान, तौसीफ शाह, शाह शाहरुख, शाह साजिद उर्फ बब्बू, शाह कमाल, शाह शाहनवाज, मियां पीरू, मियां फजील आदि ने खुशी जताई है।



# 30 को होगा सांझी एकत्रिकरण एव विसर्जन कार्यक्रम

**गंगोह।** सांझी एकत्रीकरण एवम् विसर्जन कार्यक्रम आगामी 30 सितम्बर को श्री रामलीला पंचायती धर्मशाला भवन में सायं 5 बजे किया जायेगा। इस अवसर पर हाथों से बनाई हुई सांझी प्रतियोगिता भी आयोजित की जायेगी।

कार्यक्रम संयोजक अंकित गुप्ता के अनुसार संग्रहित सांझियां गंदेवडा स्थित संगम में प्रवाहित की जायेगी। अध्यक्ष किशन चंद बंसल, सचिव अंकित गुप्ता, गौरव अरोडा, चौ. राजाराम, प्रदीप गोयल, अंकित ऐरन, गगन गर्ग, आशु बजाज, शुभम तायल, लविश नामदेव, वरुण शर्मा व आयुश नामदेव रहेंगें।

# कार की टक्कर से 4 लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**साढ़ौली कदीम।** गंदेवड-हथिनीकुंड मार्ग पर अनियंत्रित कार ने सामने से आ रहे दो बाईको पर सवार चार लोगों को कुचल दिया।हादसे में एक वृद्ध की टांग कटकर शरीर से अलग हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी बेहट में भर्ती कराया जहां से दो लोगों को गंभीर हालत के चलते उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

हादसा रविवार की दोपहर करीब 11 बजे थाना मिर्जापुर क्षेत्र के गांव रायपुर के निकट हुआ है। हरियाणा के जनपद यमुनानगर के थाना बिलासपुर के गांव नगली निवासी 35 वर्षीय मुस्तकीम पुत्र अख्तर बेहट मंडी से शब्जी लेकर वापस गांव लौट रहा था। थाना चिलकाना के गांव डड़ौली खेड़ा निवासी 80 वर्षीय सुल्तान उर्फ महाशय पुत्र बनवारी लाल जो किसी गांव में अनुष्ठान कार्यक्रम में पूजा करने जा रहा था रास्ते में उसने लिप्त लेकर बाईक से रायपुर की ओर जा रहा था। गांव रायपुर के पास पहुंचते ही सामने से आ रही एक अनियंत्रित कार ने दोनों बाईक को भयंकर टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त हुई कि सुल्तान की एक टांग शरीर से अलग हो गई। चारों लोग सड़क पर लहूलुहान हालत में तड़फ रहे थे और कार चालक कार सहित मौके से फरार हो गया। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। घायल हुए दो लोगों के परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें निजी वाहन से अस्पताल ले गए।

# नागरिक स्वस्थ होंगे, तो देश होगा विकसितः मनीष

## आईएमए एवं स्वास्थ्य विभाग ने लगाया जनता इन्टर कॉलेज में विशाल चिकित्सा शिविर, 2487 लोगों का परीक्षण

**नागल।** जनता इंटर कॉलेज में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सहारनपुर एंव स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित नि:शुल्क विशाल चिकित्सा शिविर का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी मांगेराम, जिलाधिकारी मनीष बंसल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रवीन कुमार व आइ एम ए अध्यक्ष डा नरेश नौसरान द्वारा किया गया।

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि स्वस्थ नारी,सशक्त परिवार के तहत लगाये गए इस स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य सशक्त भारत का निर्माण करना है। देश आज तेजी से बदल रहा है। वर्ष 2047 तक देश व प्रदेश को विकसित श्रेणी मे लाकर खडा करना है। जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी मांगेराम ने कहा कि देश व प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि आमजन तक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा प्रवीन कुमार व आइ एम ए अध्यक्ष डा नरेश नौसरान ने कहा कि नागल क्षेत्र से उनका विशेष लगाव है क्योंकि एक की यह कर्मभूमि है और एक की जन्म भूमि है।



शिविर मे आये वरिष्ठ चिकित्सक एंव मेयर डा अजय कुमार सिंह, डा नरेश नौसरान, डा कलीम अहमद, डा महेश चंद्रा,डा प्रवीन शर्मा, डा विकास अग्रवाल, डा विनीता मल्होत्रा, डा राहुल सिंह, आर डी मित्तल, डा विकास तोमर, डा निर्पेक्ष त्यागी, डा उत्कर्ष नौसरान, डा अमरजीत पोपली, शुभ्रा नौसरान, रश्मि बंसल, डा खलीलुल्लाह खान,डा एजाज अहमद, डा नोनीता चंद्रा,डा अनुज पंवार, डा शशिकांत सैनी अनुपम मलिक आदि चिकित्सकों ने 2487 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हे उचित परामर्श व दवाईयां उपलब्ध कराई जिनमें 981 पुरूष, 1310 महिलाएं व 196 बच्चे शामिल रहे।

इस अवसर पर मुख्य रूप से ए सी एम ओ कपिल देव, डा कुनाल जैन, ब्रजेश कुमार, शिवांका गौड, सी एच सी अधीक्षक डा नितिन कुमार, डा विकासपाल, डा ईशा जैन, कमल सिंह राणा,जुगल किशोर, पूर्व ब्लाक प्रमुख विजेंद्र चौधरी, चौधरी राजवीर सिंह, भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी विनय कुमार, महेंद्र नौसरान, पपिन चौधरी, बिरमपाल प्रधान, ईशांत चौधरी, रजनीश नौसरान, डा रामकुमार मलिक, वत्सराज त्यागी,जगपाल दत्त स्वामी,कल्पनाथ चौरसिया, रविन्द्र कुमार, राजसिंह यादव,सुधीर चौदयान,सतेंद्र मलिक, इसमपाल सिंह, सूरज सिंह, मंसूर अहमद, देवेंद्र धवलहार आदि अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# अमर शहीद निशान्त को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मयंक शर्मा भारतीय के नेतृत्व में अमर शहीद निशांत शर्मा मार्ग पर शहीद निशांत शर्मा के पिता योगेंद्र शर्मा के साथ ध्वजारोहण किया गया,साथ ही शहीद निशांत शर्मा को याद किया।

ध्वजारोहण के दौरान मयंक शर्मा भारतीय ने बताया पिछले दिनों शहीद के पिता योगेंद्र शर्मा ने इस मार्ग के पास फैली हुई गंदगी के बारे में उन्हें बताया था जोकि गंदगी को लेकर शहीद का परिवार काफी आहत भी रहता था,जिससे शुगर मिल पर लगा अमर शहीद निशांत शर्मा मार्ग पर शीला पट पर लोग थूकते थे, गंदगी करते थे और कूड़ा करकट भी वही डालते थे। जोकि बड़ा ही दुखद है उन्होंने बताया इस संबंध में शहीद के पिता योगेंद्र शर्मा ने नगर निगम को भी अपनी समस्या लिखित में दो-तीन बार भी दी लेकिन फिर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। शहीद के पिता योगेंद्र शर्मा ने बताया सुनवाई ना होने के कारण उन्होंने पूरा मामला कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मयंक शर्मा भारतीय को बताया। उन्होंने अमर शहीद निशांत शर्मा मार्ग पर अपने सभी साथियों को एकत्र किया वहीं शीला पट के पास फैली गंदगी को भी साफ किया। शहीद निशांत शर्मा वाले मार्ग पर लगातार सफाई व्यवस्था बनाये जाने को लेकर वे जल्द ही नगर निगम के महापौर को ज्ञापन देकर यहां की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करवाने के लिए भी अवगत कराएंगे।



इस मौके पर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मनीष त्यागी, सेवादल जिलाध्यक्ष इमरान कुरैशी, नगर उपाध्यक्ष अमरदीप जैन, हरिओम मिश्रा, भूपेंद्र शर्मा, नगर सचिव विपि. नकांत शर्मा, अमित राठौर भारती, संजय यादव, अनिकेत भारतीय, सुनील राठौर भारतीय, राजन बिरला, शर्मिष्ठा आदि मौजूद रहे।

# छात्राओं को थाने व चौकियों का कराया भ्रमण




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट एवं कस्तूरबा गाँधी बालि. का विद्यालयों में आज की गति. विधियों के अंतर्गत बालिकाओं को विद्यालयों के निकटतम के थाना, चौकी व कचेहरी आदि का भ्रमण कराया गया।

बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर एवं एफआईआर लिखने के नियम एवं गिरफ्तारी के समय में क्या करना चाहिए ऐसे सभी नियमों के बारे में बालिकाओं को बताया गया,साइबर क्राइम में धोखाधड़ी के बारे मे सचेत किया गया। इसके अतिरिक्तलैंगिक समानता विषय पर नुक्कड़ नाटक व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। श्रीमती नेहा शर्मा, जिला मिशन समन्वयक, हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय, नुमाइश कैंप में अध्यनरत बालक/बालिकाओं को महिलाओं के लिए चल रही योजनाओं के विषय में विस्तार से बताया गया।

# जाट समाज के होनहार छात्र-छात्राएं सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** शहीदे आजम भगत सिंह की जयंती पर आर्य जाट समाज कल्याण समिति ने समाज के होनहार छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

जाट भवन में आयोजित मेधावी छात्र छात्रा सम्मान समारोह एवं द्विवार्षिक अधिवेशन हवन के साथ शुरू हुआ। समिति जिलाध्यक्ष चौ. बख्तावर सिंह द्वारा विगत दो वर्षों में समाज हित में किए गए कार्यों का विवरण साधारण सभा के सम्मुख रखते हुए बताया कि जाट भवन का निर्माण सफलता पूर्वक कराया गया एवं समाज में व्याप्त विभिन्न कुरीतियों को दूर करने के लिए काफी प्रयास किया गया। जिसके बाद समाज के विगत दो शैक्षिक सत्रों 2023-24 एवं 2024-25 के 108 मेधावी छात्र छात्राओं, खिलाड़ियों. आईएएस अधिकारी कुमारी कोमल के पिताजी रणबीर सिंह को पटका, मोमेंटो, प्रमाणपत्र आदि भेट कर सम्मानित किया गया।





जाट समाज के प्रदेश अध्यक्ष अमन सिंह द्वारा युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मेहनत कर अपने आपको साबित करना होगा तथा समाज मे व्याप्त विभिन्न कुरीतियों को दूर करने में अपना सक्रिय योगदान देना होगा। प्रदेश महामंत्री कर्नल शिव प्रताप सिंह ने बच्चों को इतनी अच्छी योग्यता प्राप्त करने के लिए बधाई दी। जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम वर्मा ने कहा कि आपको अपने जीवन में नेक इमानदारी से कड़ी मेहनत के बल पर आगे बढ़कर अपने आप, अपने परिवार तथा देश को तरक्की के पथ पर आगे ले जाना होगा।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय जाट महासभा भारत के राष्ट्रीय प्रवक्ता अशोक मलिक, जिलाध्यक्ष रेणु सिंह, मास्टर रणवीर सिंह धीर सिंह, धीरज सिंह, सत्येंद्र सोलंकी, कृपाल मलिक, भगत सिंह वर्मा, रामवीर सिंह, स्वतंत्र चौधरी, गुरदीप सिंह, भगत सिंह अलीवाला, बबीता मलिक, पारुल चौधरी, नीलम, मीनाक्षी उपस्थित रहे।

शाह टाइम्स

# सम्पादकीय

सोमवार, 29 सितम्बर 2025

## यूनुस की बदजुबानी

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने भारत के साथ खराब होते रिश्तों का पूरा दोष नई दिल्ली पर मढ़ा है। उन्होंने इसके लिए जो कारण बताए हैं, वो पूरी तरह भ्रामक और सच से मुंह मोड़ने वाले हैं। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने भारत के साथ रिश्ते खराब होने का ठीकरा पूरी तरह नई दिल्ली पर फोड़ दिया है। द्विपक्षीय संबंधों में तनाव के लिए उन्होंने जो कारण गिनाए हैं, वे पूरी तरह भ्रामक और सच से मुंह मोड़ने वाले हैं। मोहम्मद यूनुस को यह रास नहीं आ रहा कि भारत ने बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना को शरण दी है। उनके मुताबिक, भारत को बांग्लादेशी स्टूडेंट्स का विरोध-प्रदर्शन पसंद नहीं आया और भारतीय मीडिया की तरफ से दुष्प्रचार किया गया। यूनुस ने ये बातें न्यूयॉर्क में कहीं, जहां वह संयुक्त राष्ट्र महासभा के सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए गए हुए हैं। एक तो द्विपक्षीय मसलों पर बात करने के लिए यह कोई मंच नहीं था और फिर यूनुस ने अधूरी तस्वीर पेश की है। अगस्त, 2024 में उनके सत्ता संभालने के बाद से बांग्लादेश के अंदरूनी हालात लगातार बिगड़े हैं, अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़े हैं।

भारत ने स्टूडेंट्स के आंदोलन पर कभी ऐतराज नहीं किया-हां, अल्पसंख्यकों को निशाना बनाए जाने पर चिंता जरूर जताई है। यह कोई दुष्प्रचार नहीं है, इस साल फरवरी में जारी संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक, हिंदुओं, अहमदिया मुस्लिमों, ईसाइयों, बौद्ध और यहां तक कि चटगांव के पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाली मूल जनजातियों पर भी हमले बढ़े हैं। सच यही है कि उनकी सरकार में कट्टरपंथी ताकतों का दखल पड़ा है। कानून-व्यवस्था और जल्द चुनाव के मुद्दे पर उनकी बांग्लादेशी सेना के साथ भी अनबन हो चुकी है। यूनुस पर जिम्मेदारी थी जल्द से जल्द चुनाव कराने की, जिससे वह बचते आ रहे हैं। स्टूडेंट्स का भरोसा भी उन पर कम हुआ है। इसके बावजूद वह ऐसे नीतिगत फैसले ले रहे हैं, जिसका असर लंबे वक्त तक बांग्लादेश को प्रभावित करेगा। उन्होंने अपने देश को पाकिस्तान और चीन की तरफ झुका दिया है। वह शायद भारत के पूर्वोत्तर राज्यों पर दिया अपना बयान भूल गए, जो हर लिहाज से पड़ोसी धर्म के खिलाफ था। यूनुस SAARC को फिर से सक्रिय करना चाहते हैं, लेकिन उनकी कोशिशों के पीछे का मकसद साफ समझ आ जाता है। पाकिस्तान की वकालत करना। SAARC भले निष्क्रिय हो, लेकिन दूसरे क्षेत्रीय संगठन BIMSTEC के जरिए भारत पड़ोसी देशों के साथ सहयोग बढ़ा रहा है। यूनुस अगर भारत के साथ बेहतर रिश्ते चाहते हैं, तो उन्हें जियो पॉलिटिक्स का मोहरा बनने के बजाय नई दिल्ली से सीधे बात करनी चाहिए और सच को स्वीकार करना चाहिए।

## एक प्रदेश में दो कानून कैसे हो सकते हैं



उप्र में कानून का राज नहीं, बल्कि दोहरी व्यवस्था चल रही है, दलित, मुस्लिम और पिछड़े समाज के लिए अलग कानून लागू कर तानाशाही थोपने की कोशिश हो रही है, बरेली में आई लव मोहम्मद प्रकरण पर लाठी भांजने वाली पुलिस फतेहपुर में खामोश रहती है, महज कागज पर आई लव मोहम्मद लिखने को अपराध घोषित कर दिया गया, बरेली में शांतिपूर्वक प्रदर्शन करने वाले लोगों पर बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज हुआ और निर्दोषों को जेल भेज दिया गया, यह सब सत्ता के इशारे पर हुआ है, एक प्रदेश में दो कानून कैसे हो सकते हैं, अगर सरकार वास्तव में संवाद चाहती तो, प्रदर्शनकारियों को समझा सकती थी, लेकिन सत्ता की नीयत कमजोर वर्गों को डराने की है, यूपी में जंगलराज कायम है।

**चंद्रशेखर आजाद, अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी ( कांशीराम )**

### सरयू से संगम तक की पदयात्रा

# सामाजिक चेतना और लोकतांत्रिक संघर्ष का नया सफर



**वीरेश तरार**

उत्तर प्रदेश की जमीन हमेशा आंदोलनों, संघर्षों और यात्राओं की गवाह रही है। कभी किसानों के आंदोलन ने सत्ता को हिलाया, कभी युवाओं की पदयात्रा ने राजनीति का चेहरा बदल दिया, कभी साधु-संतों के जत्थों ने आस्था का नया स्वर दिया और कभी जनसैलाब ने लोकतंत्र की दिशा मोड़ दी। इसी परंपरा में एक नई कड़ी जुड़ने जा रही है, जब आम आदमी पार्टी ने यह घोषणा की कि वह सरयू से संगम तक की पदयात्रा निकालेगी। यह घोषणा केवल राजनीतिक महत्वाकांक्षा का इजहार नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की सामाजिक हकीकत का आईना है। जिस राज्य में करोड़ों युवा बेरोजगार हैं, जहां किसान हर मौसम में नए संकट से जूझता है, जहां शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल है और जहां सामाजिक न्याय अब भी अधूरा सपना बना हुआ है, वहां एक ऐसी पदयात्रा जनता की चेतना को जगाने का जरिया बन सकती है।

यात्राएं हमेशा केवल पांवों की थकान नहीं होतीं, बल्कि वे समाज की नब्ज को छूने का माध्यम होती हैं। महात्मा गांधी की दांडी यात्रा इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। नमक के मुद्दे पर निकली वह यात्रा भारत की आजादी की लड़ाई को नया मोड़ दे गई थी। लोहिया ने भी यात्राओं को समाजवादी आंदोलन का औजार बनाया। जयप्रकाश नारायण की पुकार भी गांव-गांव जाकर फैली थी। आडवाणी की रथयात्रा ने एक अलग किस्म की राजनीति को जन्म दिया। राहुल गांधी ने भी हाल में अपनी भारत जोड़ो यात्रा से कोशिश की कि जनता से सीधा संवाद बने। ऐसे उदाहरण बताते हैं कि जब नेता सड़कों पर उतरते हैं, जब वे गांवों-कस्बों की धूल अपने पैरों से चिपकाते हैं, तब राजनीति महलों से निकलकर जनता के आंगन तक आती है।

सरयू से संगम तक का रास्ता केवल एक भौगोलिक दूरी नहीं है, बल्कि प्रतीकात्मक अर्थों से भरा हुआ है। सरयू नदी अयोध्या की पहचान है, वह आस्था और परंपरा का केंद्र है। वहीं प्रयागराज का संगम भारत की विविधता, सांस्कृतिक एकता और लोकचेतना का सबसे बड़ा प्रतीक है। इस यात्रा का संदेश यही है कि राजनीति को केवल सत्ता की लड़ाई न बनाकर समाज की विविधता और पीड़ा को एक सूत्र में पिरोया जाए। इस पदयात्रा का मार्ग उन इलाकों से होकर गुजरेगा, जहां किसान गन्ने के दाम के लिए वर्षों से आंदोलन कर रहा है, जहां नौजवान नौकरी की तलाश में दर-दर भटक रहे हैं, जहां दलितों और पिछड़ों को बराबरी का हक अब भी अधूरा है और जहां महिलाएं रोजाना असुरक्षा की छाया में जीती हैं। यह सब मिलकर इस यात्रा को सिर्फ एक जुलूस नहीं, बल्कि सामाजिक दस्तावेज बना देते हैं।

उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी समस्या आज बेरोजगारी है। लाखों पढ़े-लिखे युवक सरकारी नौकरियों की प्रतीक्षा में अपने जीवन के सुनहरे साल गंवा रहे हैं। भर्ती प्रक्रियाएं वर्षों तक लंबित रहती हैं, परीक्षा के पेपर लीक होते हैं, और जब कभी नौकरी मिलती भी है तो उसमें भ्रष्टाचार और पक्षपात के आरोप लगते हैं। निजी क्षेत्र में भी रोजगार के अवसर सीमित हैं। इसके चलते युवा वर्ग निराशा और हताशा में जी रहा है। यही निराशा कभी-कभी समाज में आक्रोश का रूप ले लेती है। यह पदयात्रा अगर सचमुच इन युवाओं की आवाज को उठाती है, उनके लिए ठोस वैकल्पिक योजनाएं पेश करती है, तो यह आंदोलन केवल चुनावी अभियान न रहकर सामाजिक चेतना का स्वरूप ले सकता है।

किसानों की हालत भी कम भयावह नहीं है। गन्ना किसान वर्षों से बकाया भुगतान की प्रतीक्षा करता है। धान और गेहूं के किसानों को समर्थन मूल्य नहीं मिल पाता, बढ़ती लागत और घटते मुनाफे ने उनकी कमर तोड़ दी है। किसान आत्महत्या जैसे चरम कदम उठाने पर मजबूर हो रहे हैं। लेकिन सत्ता के गलियारों से केवल वादे निकलते हैं, समाधान नहीं। इस पदयात्रा का एक बड़ा कसौटी यही होगा कि क्या यह किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सामने रखती है। गन्ना बेल्ट से गुजरते हुए यह यात्रा किसानों की आह और उनकी उम्मीद दोनों को आवाज दे सकती है। सामाजिक न्याय का सवाल उत्तर प्रदेश की राजनीति का स्थाई केंद्र है। दलित, पिछड़े और वंचित वर्ग आज भी बराबरी और सम्मान की तलाश में हैं। भूमिहीन मजदूर, दिहाड़ी करने वाले, छोटे कारीगर, सफाईकर्मी और शोषित तबके की आवाज अक्सर चुनावी नारों के बीच गुम हो जाती है। यह पदयात्रा अगर उन्हें मंच देती है, उनके मुद्दों को उठाती है, तो यह समाज में नई चेतना भर सकती है। राजनीति की सच्ची परीक्षा यही है कि वह केवल जातीय समीकरणों से ऊपर उठकर समानता और समरसता की लड़ाई लड़े। शिक्षा और स्वास्थ्य की उपेक्षा उत्तर प्रदेश को सबसे पीछे धकेल रही है। सरकारी स्कूलों में संसाधन नहीं हैं, शिक्षक नहीं हैं, बच्चों का भविष्य अंधकारमय है। सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर और दवाइयां नहीं मिलतीं, आम आदमी को इलाज के लिए निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता है, जहां खर्च उसकी सामर्थ्य से कहीं अधिक होता है। इस यात्रा को यदि जनता गंभीरता से लेगी, तो तभी जब यह इन बुनियादी सवालों को आवाज देगी। जनता यह जानना चाहती है कि सड़क और पुल बनाने से आगे क्या उसकी जिंदगी आसान होगी, क्या उसके बच्चों को बेहतर शिक्षा मिलेगी, क्या बीमारी की हालत में इलाज मिलेगा, क्या किसान का पसीना उसे सम्मानजनक जीवन देगा।

लोकतंत्र का असली मूल्य यही है कि सत्ता जनता की तकलीफों को सुने और उनका समाधान करे। लेकिन आज सत्ता और समाज के बीच दूरी बढ़ती जा रही है। सत्ता बड़े आयोजनों और विज्ञापनों में व्यस्त है, जबकि जनता बेरोजगारी, महंगाई और असुरक्षा के बोझ तले कराह रही है। इस स्थिति में जब कोई राजनीतिक दल सड़क पर उतरता है, तो जनता उसमें अपनी उम्मीदें खोजती है, लेकिन उम्मीदें स्थाई तभी बनती हैं जब आंदोलन केवल नारेबाजी न रहकर ठोस कार्यक्रम और नीति का रूप लें। यही इस पदयात्रा की सबसे बड़ी चुनौती होगी। इतिहास गवाह है कि उत्तर प्रदेश की धरती पर निकली यात्राओं ने राजनीति की दिशा बदली है। आजादी की लड़ाई में यह धरती निर्णायक बनी। आजादी के बाद भी किसान आंदोलनों से लेकर सामाजिक न्याय की पुकार तक, हर आंदोलन ने राजनीति पर असर डाला। आज जब लोकतंत्र का स्वरूप केवल चुनाव और सत्ता की होड़ तक सीमित होता जा रहा है, तब ऐसी यात्राओं का महत्व और बढ़ जाता है। यह यात्रा लोकतंत्र की असली कसौटी होगीकृक्या यह जनता की आवाज को सत्ता तक पहुंचा पाएगी या केवल मीडिया की सुर्खियों में सिमट जाएगी। सरयू से संगम तक की यात्रा का सांस्कृतिक और ऐतिहासिक अर्थ भी गहरा है। यह यात्रा उस प्रदेश की पहचान को सामने लाती है, जहां धर्म और आस्था के साथ-साथ संघर्ष और चेतना की भी धारा बहती है। सरयू से लेकर संगम तक का सफर प्रतीक है उस समाज का, जहां विविधता के बीच एकता है, जहां आस्था और संघर्ष साथ-साथ चलते हैं, और जहां हर युग में जनता ने अपनी आवाज से राजनीति की दिशा बदली है। आखिर में सवाल यही है कि क्या यह यात्रा जनता की पीड़ा को सचमुच अपनी धड़कन बना पाएगी। क्या यह केवल राजनीतिक महत्वाकांक्षा की अभिव्यक्ति बनकर रह जाएगी या समाज में नया अध्याय लिखेगी। लोकतंत्र की ताकत जनता है, और जनता तभी जागती है जब उसे लगता है कि उसकी तकलीफें सचमुच सुनी जा रही हैं। यदि यह यात्रा जनता की उम्मीदों को ठोस योजनाओं और नीतियों में बदलने का साहस करती है, तो यह सरयू से संगम तक का सफर केवल एक यात्रा नहीं बल्कि सामाजिक पुनर्जागरण का अध्याय बन जाएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अमेरिकी प्रतिबंधों के बावजूद ईरान का स्वावलंबी होना



**तनवीर जाफरी**

ट्रंप प्रशासन ने ही 2020 और उसके बाद ईरान के परमाणु, बैलिस्टिक मिसाइल और हथियार कार्यक्रमों को रोकने के लिए नए प्रतिबंध जोड़े। यहां तक कि 2025 में भी, ट्रंप द्वारा ईरान के तेल व्यापार और परमाणु कार्यक्रम से जुड़े व्यक्तियों और कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए गए। अमेरिका ने इसी वर्ष ईरान के तेल व्यापार, पेट्रोकेमिकल उद्योग और परमाणु अनुसंधान पर कड़े प्रतिबंध लगाए हैं। अभी इसी वर्ष गत मई में ही अमेरिका ने परमाणु वार्ता के बीच ही पुन: नए प्रतिबंध लगा दिए थे। इस प्रतिबंध में तीन ईरानी अधिकारियों और एक कंपनी को निशाना बनाया गया है।

विश्व के सिर पर सवार अमेरिकी वर्चस्व का भूत अब धीरे धीरे उतरने लगा है। खासकर डोनल्ड ट्रंप ने अपने दूसरे शासनकाल में जैसा बर्ताव दुनिया के अनेक देशों के साथ किया है उससे भी अमेरिका की साख को काफी गहरा धक्का पहुंचा है। कभी वे कनाडा को 51 वां अमेरिकी राज्य बताकर खलबली पैदा कर देते हैं तो कभी दुनिया के अनेक देशों पर मनमानी टेरिफ लगाकर आर्थिक संकट खड़ा करते हैं। कभी भारत और रूस जैसे देशों की अर्थव्यवस्थाओं को श्मृत अर्थव्यवस्था श बताकर इन देशों को अपमानित करते हैं। तो कभी वीजा फीस असीमित कर लोगों की चिंता बढ़ा देते हैं। गौर तलब है कि गत 31 जुलाई को राष्ट्रपति ट्रंप ने एक विवादास्पद टिप्पणी पोस्ट करते हुए लिखा था कि मुझे भारत का रूस के साथ क्या करना है, उसकी परवाह नहीं। वे अपनी मृत अर्थव्यवस्थाओं को साथ ले जा सकते हैं, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। उसी समय ट्रंप ने भारत को रूस से सैन्य उपकरण और ऊर्जा तेल खरीदने के लिए दंड लगाने की भी धमकी दी थी। ट्रंप का कहना था कि चीन के बाद भारत रूस का सबसे बड़ा ऊर्जा खरीदार है। जबकि अमेरिका यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए रूस पर दबाव डाल रहा है। ट्रंप का मत था कि भारत से तेल से मिलने वाले पैसों का इस्तेमाल रूस, यूक्रेन युद्ध में कर रहा है। इस घटनाक्रम में एक मजेदार मोड़ तब आया था जब स्वयं यूक्रेन ने कह दिया था कि उसे भारत रूस के व्यापारिक रिश्तों को लेकर कोई आपत्ति नहीं है। इसी तरह गजा में अमेरिकी संरक्षण में जिस तरह इस्राईल जनसंहार कर रहा है दुनिया के तमाम देश,संयुक्त राष्ट्र संघ,अंतर्राष्ट्रीय अदालत सब इस्राईल खासकर नेतन्याहू की जनविरोधी नीतियों के विरुद्ध हैं। बार-बार इस्राईली नीतियों के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव पास हो रहे हैं, नेतन्याहू के विरुद्ध वारंट जारी हो रहे हैं परन्तु इस्राईल का दमनचक्र जारी है और उसका परममित्र अमेरिका खामोश है?

दुनिया ने यह भी देखा कि इजराइल ने किस तरह मध्य एशिया में अमेरिका के परम् सहयोगी देश कतर पर हमास लीडरशिप को निशाना बनाकर ताबड़तोड़ हवाई हमले किए। इतना ही नहीं बल्कि जरूरत पड़ने पर आगे भी कतर पर हमले की चेतावनी दी। परन्तु अमेरिका इस कार्रवाई को भी देखता रह गया। गोया यह इजराईल व नेतन्याहू को दी जा रही अमेरिकी सरपरस्ती का ही परिणाम है कि इस्राईल के ही दो पूर्व प्रधानमंत्री एहुद बराक और एहुद ओल्मर्ट को यहां तक कहना पड़ चुका है कि नेतन्याहू इस्राईल को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अछूत बनाने की ओर ले जा रहे हैं। ऐसे में ईरान जैसे देश घोर अमेरिका विरोधी देश की तरफ नजर डालना भी जरूरी है। क्योंकि अमेरिका ने ईरान पर 1979 की ईरानी क्रांति के बाद से ही आर्थिक और राजनयिक प्रतिबंध लगाए हुए हैं। सबसे पहले 1979 में अमेरिकी ने अपने तेहरान दूतावास में बंधक संकट के बाद पहली बार व्यापक प्रतिबंध लगाए थे जिसमें ईरानी तेल आयात पर रोक लगा दी गई थी और ईरानी संपत्तियों को फ्रीज कर दिया गया था। उसके बाद 1980-90 के दशक में ईरान को आतंकवाद का समर्थक बताकर और परमाणु कार्यक्रम की आशंकाओं का बहाना बनाकर इन प्रतिबंधों को और सख्त किया गया। इसके बाद 1995 में तत्कालीन राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने ईरान के साथ सभी व्यापारिक गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिए। इसी तरह 2000 के दशक में पुन: ईरान के परमाणु कार्यक्रम की आड़ में संयुक्त राष्ट्र और अमेरिका ने ईरान पर और नए प्रतिबंध लगा दिए। इन प्रतिबंधों का निशाना ईरान के वित्तीय संस्थान, तेल निर्यात और तकनीकी व्यापार थे। हालांकि ईरान द्वारा अपने परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने के वादे के बाद 2015 में संयुक्त व्यापक कार्य योजना द्धश्रब्च्व्।ऋ, यानी ईरान परमाणु समझौते के तहत, कई प्रतिबंध हटाए भी गए थे। परन्तु राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2018 में ईरान पर खासकर तेल निर्यात, बैंकिंग और शिपिंग सेक्टर पर फिर से कड़े प्रतिबंध लागू कर दिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# स्वच्छ ऊर्जा की दौड़ में चीन का बढ़ता वर्चस्व



**विनीत नारायण**



आज की दुनिया में ऊर्जा नीतियां सिर्फ आर्थिक निर्णय नहीं हैं, बल्कि वैश्विक वर्चस्व की कुंजी हैं। जब अमेरिका तेल और गैस पर दांव लगाकर पुरानी राह पर लौट रहा है, वहीं चीन स्वच्छ ऊर्जा क्रांति को गति दे रहा है। यह विरोधाभास न केवल आर्थिक असंतुलन पैदा कर रहा है, बल्कि भविष्य की तकनीकी दिग्गजोंकृजैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्धएआईऋकृके लिए बुनियादी ढांचे को भी प्रभावित कर रहा है। साइरस जेन्सेन की हालिया वीडियो 'अमेरिका जस्ट मेड द ग्रेटेस्ट मिस्टेक ऑफ द 21वीं सेंचुरी' इस मुद्दे को बेबाकी से उजागर करती है। य

अमेरिका, जो कभी नवाचार का प्रतीक था, अब अपनी ऊर्जा नीतियों में उल्टा चढ़ाव दिखा रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में, अमेरिका ने अलास्का में 44 अरब डॉलर का प्राकृतिक गैस प्रोजेक्ट शुरू किया था। जनरल मोटर्स जैसी कंपनियां इलेक्ट्रिक वाहनों ईवी की योजनाओं को रद्द कर रही हैं और वी8 गैस इंजनों पर लौट रही हैं। यहां तक कि ईवी खरीद पर टैक्स क्रेडिट भी समाप्त कर दिए गए हैं। यह सब तब हो रहा है जब दुनिया जलवायु परिवर्तन से जूझ रही है और नवीकरणीय ऊर्जा ही भविष्य का रास्ता दिख रही है।

जेन्सेन की वीडियो में साफ कहा गया है कि अमेरिका की यह रणनीति अल्पकालिक लाभ के लिए है। तेल और गैस निर्यात बढ़ाने से तत्काल आर्थिक फायदा तो मिलेगा, लेकिन लंबे समय में यह वैश्विक बाजारों में पीछे धकेल देगा। अमेरिका ने 1950 के दशक में सोलर पैनल विकसित किए थे, 1970 के दशक में लिथियम-आयन बैटरी का आविष्कार किया, लेकिन रोनाल्ड रीगन जैसे नेताओं ने जिमी कार्टर के व्हाइट हाउस सोलर पैनल हटाकर इसकी उपेक्षा की। आज भी वही पुरानी सोच हावी है। परिणामस्वरूप, अमेरिका ईवी निर्यात में मात्र 12 अरब डॉलर और बैटरी निर्यात में 3 अरब डॉलर पर सिमट गया है, जबकि सोलर पैनल निर्यात तो महज 69 मिलियन डॉलर का है।

यह भूल सिर्फ आर्थिक नहीं, भू-राजनीतिक भी है। वैश्विक दक्षिणकृजो सौर और पवन ऊर्जा के 70 प्रतिशत स्रोतों और महत्वपूर्ण खनिजों के 50 प्रतिशत का नियंत्रण रखता हैकृअब नवीकरणीय ऊर्जा की ओर मुड़ रहा है। अमेरिका का जीवाश्म ईंधन पर फोकस इन देशों को अलग-थलग कर देगा, जबकि चीन इनके साथ साझेदारी कर रहा है। वहीं, चीन ने स्वच्छ ऊर्जा को राष्ट्रीय प्राथमिकता बना लिया है। 2024 में चीन ने दुनिया के बाकी देशों से ज्यादा विंड टर्बाइन और सोलर पैनल लगाए। ईवी और बैटरी स्टोरेज में निवेश ने इसे वैश्विक नेता बना दिया है। पिछले साल चीन ने 38 अरब डॉलर के ईवी निर्यात किए, 65 अरब डॉलर की बैटरी बेचीं, और सोलर पैनल के 40 अरब डॉलर के निर्यात किए। स्वच्छ ऊर्जा पेटेंट में चीन के पास 7 लाख से ज्यादा हैं, जो दुनिया के आधे से अधिक हैं।

जेन्सेन उद्धृत करते हुए बताते हैं कि चीन की सफलता का राज समन्वित प्रयास है। सीएल के सह-अध्यक्ष शिएन पैन कहते हैं, ह्चीन को लंबे लक्ष्य पर प्रतिबद्ध करना मुश्किल है, लेकिन जब हम प्रतिबद्ध होते हैं, तो समाज के हर पहलूकृसरकार, नीति, निजी क्षेत्र, इंजीनियरिंग सभी एक ही लक्ष्य की ओर कड़ी मेहनत करते हैं। यह दृष्टिकोण अमेरिका की छिटपुट नीतियों से बिल्कुल अलग है।

चीन अब वैश्विक बाजारों में फैल रहा है। ब्राजील, थाईलैंड, मोरक्को और हंगरी में ईवी और बैटरी फैक्टरियां बना रहा है। हंगरी में 8 अरब डॉलर का कारखाना, इंडोनेशिया में 11 अरब डॉलर का सोलर प्लांटकृए निवेश न केवल आर्थिक, बल्कि भू-राजनीतिक लाभ भी दे रहे हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स के हवाले से जेन्सेन कहते हैं, ईवी बैटरी बनाने वाले देश दशकों तक आर्थिक और भू-राजनीतिक फायदे काटेंगे। अभी तक का एकमात्र विजेता चीन है। पिछले 15 वर्षों में चीन ने बिजली उत्पादन में अमेरिका को पीछे छोड़ दिया है। यह आंकड़ा महत्वपूर्ण है क्योंकि एआई जैसी उभरती तकनीकें बिजली पर निर्भर हैं। चीन का स्वच्छ ऊर्जा निवेश न केवल पर्यावरण बचाएगा, बल्कि एआई क्रांति में भी नेतृत्व देगा। आरएमआई की 'पावरिंग अप द ग्लोबल साउथ' रिपोर्ट बताती है कि वैश्विक दक्षिण के 70 प्रतिशत सौर-पवन संसाधन चीन की रणनीति से जुड़ रहे हैं। यह संघर्ष सिर्फ दो महाशक्तियों का नहीं, बल्कि पूरी दुनिया का है। वैश्विक दक्षिण अफ्रीका, लैटिन अमेरिका, दक्षिण एशियाकृअब सस्ती और सतत ऊर्जा की तलाश में है। चीन ने इन देशों में सस्ते सोलर पैनल और ईवी तकनीक पहुंचाई है, जबकि अमेरिका के महंगे गैस प्रोजेक्ट इनके लिए बोझ साबित हो रहे हैं। परिणाम? यह देश चीन की ओर झुक रहे हैं।

भारत के संदर्भ में देखें तो यह चेतावनी स्पष्ट है। हमारी 'मेक इन इंडिया' और 'प्लेड्ज फॉर क्लाइमेट' पहलें स्वच्छ ऊर्जा पर केंद्रित हैं, लेकिन चीन का वर्चस्व चुनौती है। भारत सोलर और विंड में प्रगति कर रहा है, लेकिन बैटरी और ईवी चिप्स में आयात पर निर्भरता बनी हुई है। यदि हम चीन की तरह समन्वित नीति नहीं अपनाते, तो वैश्विक आपूर्ति श्रंखला में पीछे रह जाएंगे। अमेरिका की गलती से सबक लेते हुए, भारत को स्वदेशी नवाचार पर जोर देना चाहिएकृजैसे लिथियम खनन और बैटरी रिसाइक्लिंग में निवेश। अमेरिका की यह भूल नई नहीं है। 20वीं सदी में जापान ने इलेक्ट्रॉनिक्स में अमेरिका को पीछे छोड़ा था, क्योंकि अमेरिका ने अल्पकालिक लाभ को प्राथमिकता दी। आज चीन स्वच्छ ऊर्जा में वही कर रहा है। जेन्सेन की वीडियो एक चेतावनी हैरू जो देश बिजली उत्पादन में आगे होगा, वही एआई और अगली औद्योगिक क्रांति जीतेगा। अमेरिका को अपनी नीतियां पलटनी होंगीकृईवी सब्सिडी बहाल करनी होंगी, नवीकरणीय अनुसंधान में निवेश बढ़ाना होगा। लेकिन समय कम है। चीन का बढ़त 10 वर्षों का नहीं, बल्कि दशकों का हो सकता है। अमेरिका ने 21वीं सदी की सबसे बड़ी गलती कर दी हैकृजीवाश्म ईंधन पर दांव लगाकर स्वच्छ ऊर्जा के भविष्य को गंवा दिया। चीन का उदय एक सबक है समन्वित, दूरदर्शी नीतियां ही विजेता बनाती हैं। भारत जैसे देशों को इस दौड़ में शामिल होना चाहिए, ताकि हम न केवल पर्यावरण बचाएं, बल्कि आर्थिक स्वतंत्रता भी हासिल करें। समय आ गया है कि दुनिया एकजुट होकर स्वच्छ ऊर्जा को अपनाए। अन्यथा, इतिहास हमें माफ नहीं करेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ट्रम्प के मंत्री बोले: हमे भारत को दुरुस्त करना होगा

## भारत ऐसे कदम न उठाए जिससे दोनों देशों का नुकसान हो

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने रविवार को एक इंटरव्यू में कहा कि उन्हें भारत समेत कई देशों को दुरुस्त करना है। इनमें स्विट्जरलैंड और ब्राजील शामिल हैं। लुटनिक ने चेतावनी दी कि ये देश अपने बाजार खोलें और ऐसे कदम न उठाएं जिससे अमेरिका को नुकसान हो, इसी वजह से हमारे रिश्तों में दिक्कत आ रही है।

न्यूज नेशन से बातचीत में उन्होंने ने कहा कि अगर भारत अमेरिका में सामान बेचना चाहता है तो उसे ट्रम्प प्रशासन की शर्तों को मानना पड़ेगा। अमेरिकी मंत्री ने ने भारत को सही तरीके से रिएक्ट करने की सलाह दी है। उन्होंने ने कहा कि समय के साथ ये मुद्दे सुलझ जाएंगे, लेकिन अगर आप अमेरिकी उपभोक्ताओं को अपना सामान बेचना चाहते हैं, तो आपको अमेरिका के राष्ट्रपति के साथ तालमेल बिठाना होगा। गौरतलब है कि 22 से 24 सितम्बर के बीच भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में



■ अगर भारत अमेरिका में सामान बेचना चाहता है तो उसे ट्रम्प प्रशासन की शर्तों को मानना पड़ेगा: लुटनिक

एक उच्च-स्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल अमेरिका गया था। इस दौरान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) और निवेश को लेकर अहम बातचीत हुई। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक, पीयूष गोयल ने अमेरिकी ट्रेड प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीयर और भारत के लिए नामिनेट अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर से मुलाकात की। दोनों देशों ने माना कि व्यापार समझौते को जल्दी पूरा करने के लिए बातचीत जारी रखी जाएगी, ताकि यह दोनों देशों के लिए फायदेमंद साबित हो। लुटनिक ने 5 सितम्बर को भारत पर 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ हटाने के लिए तीन शर्त रखी थीं। उन्होंने कहा था कि भारत को रूस से तेल खरीदना बंद करना पड़ेगा, ब्रिक्स से अलग होना होगा और अमेरिका का सपोर्ट करना होगा। उन्होंने यह भी कहा था कि एक-दो महीने में भारत ट्रम्प के साथ बातचीत की टेबल पर आएगा और माफी मांगेगा। लुटनिक के मुताबिक, भारत ट्रम्प के साथ नया सौदा करने की कोशिश करेगा। यह सौदा ट्रम्प की शर्तों पर होगा और वे प्रधानमंत्री मोदी के साथ इसे अंतिम रूप देंगे। ट्रम्प के 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद पहली बार ट्रेड डील पर बातचीत के लिए 16 सितम्बर को अमेरिकी दल भारत पहुंचा था।

# हर नौ मिनट में रेबीज से होती है एक मौत: डब्ल्यूएचओ

**नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार विश्व में हर नौ मिनट में कहीं न कहीं रेबीज से एक व्यक्ति की जान जाती है। अगर जंगली जानवरों के काटने के बाद एंटी रैबीज सीरम और टीके के पूरे डोज ले लिए जाएं तो इससे बचाव मुमकिन है। हर साल 28 सितम्बर को विश्व रेबीज दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर आज डब्ल्यूएचओ ने इसके रोग के बारे को लेकर लोगों को आगाह किया है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक 150 से ज्यादा देश खासकर एशिया और अफ्रीका में रेबीज एक गंभीर समस्या है।



लद्दाख। हाल ही में राज्य के लिए विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा में मारे गए 24 वर्षीय स्टैनजिन नामग्याल के पार्थिव शरीर को लेह में कर्फ्यू के बीच अंतिम संस्कार के लिए ले जाते समय पहरा देते सुरक्षाकर्मी।

## संक्षिप्त समाचार

### गुटेरेस ने इज़रायल और हूती के बीच सैन्य तनाव की निंदा की

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने यमन में इजरायल और हूती समूह के बीच जारी सैन्य तनाव की निंदा की है। गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। दुजारिक ने बयान में कहा कि महासचिव इस क्षेत्र में तनाव बढ़ने के खतरे को लेकर बेहद चिंतित हैं और सभी पक्षों से अत्यधिक संयम बरतने का आग्रह करते हैं। बयान में कहा गया है कि गुटेरेस सभी पक्षों को यह सुनिश्चित करने के उनके दायित्वों की याद दिलाते हैं कि अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार नागरिकों का हर समय सम्मान और सुरक्षा हो।

### रूस ने 40 से अधिक यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए

**मॉस्को।** रूस की वायु सेना ने अलग अलग रूसी इलाकों में दागे गए 41 यूक्रेनी मानवरहित हवाई वाहन (यूएवी) को स्थानीय समयानुसार देर रात मार गिराया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 28 सितम्बर की रात हवाई रक्षा प्रणाली ने 41 यूएवी नष्ट कर दिये गए। मंत्रालय ने बताया कि कुर्स्क इलाके में 12, ब्रांस्क इलाके में 10, बेलगोरोद इलाके में आठ, तुला इलाके में चार, यारोस्लाव क्षेत्र में तीन, रोस्तव क्षेत्र में दो और नोवगोरोड क्षेत्र और समारा क्षेत्र में एक-एक यूएवी मार गिराया गया है।

### कैमरून में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव अभियान शुरू

**याउंडे।** कैमरून में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव अभियान शनिवार को आधिकारिक रूप से शुरू हो गया। एक महिला सहित 12 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। यह अभियान दो सप्ताह तक चलेगा और 12 अक्टूबर को मतदान होगा। प्रमुख उम्मीदवारों में सत्तारूढ़ कैमरून पीपुल्स डेमोक्रेटिक मूवमेंट के नेता एवं राष्ट्रपति पॉल बिया, इसा चिरोमा बाकरी और बेलो बौबा मैगारी शामिल हैं। प्रमुख विपक्षी दल सोशल डेमोक्रेटिक फ्रंट के उम्मीदवार जोशुआ ओसिह ने अंग्रेजी भाषी उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र के प्रमुख शहर बामेंडा में अपना अभियान शुरू किया, जो 2017 से सशस्त्र अलगाववादी संघर्ष से त्रस्त है।

# यूएन में भारत की जिम्मेदारी बढ़ाने का चीन-रूस ने किया समर्थन

## टैरिफ युद्ध के बीच रूस और चीन ने एक बार फिर दिखाई भारत के साथ एकजुटता

**न्यूयॉर्क/मास्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ युद्ध के बीच रूस और चीन ने एक बार फिर भारत से करीबी का इजहार किया है। दरअसल रूस और चीन ने सुरक्षा परिषद में भारत और ब्राजील को ज्यादा जिम्मेदारी देने का समर्थन कर दिया है। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा की 80वीं बैठक से इतर ब्रिक्स देशों की बैठक में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि भारत, ब्राजील और अफ्रीकी देशों को सुरक्षा परिषद में स्थाई प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए, क्योंकि इन देशों की बड़ी आबादी और वैश्विक प्रभाव को ध्यान में रखा जाना जरूरी है। इसके बाद चीन ने भी इसी तरह के विचार रखते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में ज्यादा समावेशिता सुनिश्चित करना अंतर्राष्ट्रीय शांति और स्थिरता के लिए आवश्यक है। मजबूत वैश्विक भू-राजनीति के लिहाज से यह कदम इसलिए भी बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि हाल ही में जी-20 सम्मेलन के दौरान भारत-चीन व रूस के बीच एक मजबूत गठजोड़ देखने को मिला था। इस दौरान पीएम मोदी, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन व चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग एक साथ नजर आए थे और इन तस्वीरों ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा था। उधर भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे



दिसम्बर में भारत आएंगे पुतिन, लावरोव बोले: खतरे में नहीं दोनों देशों की आर्थिक साझेदारी

ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार की अपील करते हुए भारत की स्थाई सदस्यता का खुला समर्थन किया है। तोबगे ने कहा कि परिषद में प्रतिनिधित्व बढ़ाया जाना वक्त की जरूरत है। ऐसे में भारत और जापान जैसे देशों को स्थाई सदस्य के रूप में संयुक्त राष्ट्र में शामिल किया जाना चाहिए। वहीं रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि भारत और रूस के बीच आर्थिक साझेदारी खतरे में नहीं है। भारतीय प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री ने साफ कर दिया है कि भारत अपने साझेदार खुद चुनता है। लावरोव भारत पर रूस से तेल खरीदने को लेकर अमेरिका की ओर से संभावित द्वितीयक प्रतिबंध लगाने के सवाल का जवाब दे रहे थे। लावरोव ने आगे कहा, श्यदि अमेरिका के पास भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार को समृद्ध करने के प्रस्ताव हैं, तो वे इसके लिए शर्तों पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं, चाहे अमेरिका जो भी शर्तें रखे। लेकिन जब बात भारत और तीसरे देशों के बीच व्यापार, निवेश, आर्थिक, सैन्य, तकनीकी और अन्य संबंधों की आती है, तो यह ऐसी चीज है जिस पर भारत केवल संबंधित देशों के साथ ही चर्चा करेगा। भारत और रूस संबंधों पर लावरोव ने कहा, हम भारत के राष्ट्रीय हितों का पूरा सम्मान करते हैं और पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा इन हितों को बढ़ावा देने वाली विदेश नीति का भी। हम उच्चतम स्तर पर नियमित संपर्क में रहते हैं। लावरोव ने आगे कहा कि भारत और अमेरिका या भारत और किसी अन्य देश के बीच जो भी परिस्थितियां पैदा हों, उन्हें रूस-भारत संबंधों का मानदंड नहीं माना जा सकता। हमारा भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी का लंबा अनुभव है।

### भारत बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश: पुतिन




**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हाल ही में फोन पर बातचीत की और भारत-रूस संबंधों की मजबूती को दोहराया। पुतिन ने मोदी सरकार की उपलब्धियों और भारत की तेज आर्थिक वृद्धि की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश है। क्रेमलिन की वेबसाइट ने पिछले सप्ताह मोदी और पुतिन के बीच हुई बातचीत की जानकारी दी है। इस दौरान पुतिन ने कहा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत पूरी तरह स्वतंत्र और संप्रभु नीति अपना रहा है और सबसे अहम बात यह है कि वह अर्थव्यवस्था में बेहद अच्छे नतीजे हासिल कर रहा है। यह बातचीत पुतिन की ओर से पीएम मोदी के 75वें जन्मदिन पर बधाई संदेश भेजने के कुछ दिन बाद हुई। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने मोदी के व्यक्तिगत योगदान की सराहना करते हुए कहा कि भारत-रूस की विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को मजबूत बनाने और आपसी सहयोग बढ़ाने में भारतीय पीएम ने अहम भूमिका निभाई है।

# यूएस नहीं, चीन है पाक का रणनीतिक भविष्य

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि वो अपने मुल्क का 'रणनीतिक भविष्य' अमेरिका नहीं बल्कि चीन के साथ देखते हैं। उन्होंने कहा कि इसका मुख्य कारण चीन का भरोसेमंद होना है, जैसा अमेरिका के साथ नहीं है। खास बात यह है कि ख्वाजा आसिफ का यह बयान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात के अगले ही दिन आया है।

ख्वाजा आसिफ ने यह बात ब्रिटिश-अमेरिकी पत्रकार मेहदी हसन को दिए एक इंटरव्यू में कही। पत्रकार हसन ने ख्वाजा आसिफ से पूछा था कि पिछले चार वर्षों में पाकिस्तान ने अपने 80 प्रतिशत हथियार चीन से लिए हैं, ऐसे में अमेरिका के साथ दोस्ती क्या चीन के साथ संबंधों को खराब कर सकती है। आसिफ ने कहा कि चीन बहुत भरोसेमंद साथी है, उन्होंने हमें पनडुब्बियां और जेएफ-17 जैसे लड़ाकू विमान दिए हैं, चीन के साथ हमारा रक्षा सहयोग बढ़ रहा है। अमेरिका व अन्य देशों के साथ ऐसा नहीं हो रहा है क्योंकि वे गैर-भरोसेमंद हैं। आसिफ ने



■ ट्रम्प की शहबाज व मुनीर से मुलाकात के बाद पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ का बयान

कहा कि पाकिस्तान और अमेरिका के संबंध हमेशा 'लेन-देन' जैसे रहे हैं, जबकि पाकिस्तान ने चीन को सदैव शीर्ष सहयोगी माना है। पत्रकार ने आसिफ से दोबारा पूछा कि क्या आपका रणनीतिक भविष्य चीन के साथ माना जाए। जवाब में आसिफ ने 'हां' कहते हुए जोड़ा कि चीन हमारा पड़ोसी है, हम एक दूसरे से सीमाएं और भूगोल साझा करते हैं। इंटरव्यू में आसिफ कई बार बेहद असहज दिखे। जब उनसे सवाल पूछा गया कि पाकिस्तान में असली ताकत राजनीतिक नेतृत्व के पास है या सेना प्रमुख आसिम मुनीर के पास, आसिफ हिचकिचाते हुए दिखाई दिए।

# यमन में एलपीजी टैंकर पर इजरायली ड्रोन हमला

■ 24 पाकिस्तानी सवार थे, हूती विद्रोहियों ने भी बंधक बनाया, 10 दिन बाद रिहा किया

**सना।** पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने बताया कि 17 सितम्बर को यमन के रास अल-ईसा बंदरगाह पर इजरायली ड्रोन ने एक पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) टैंकर पर हमला किया। यह बंदरगाह हूती विद्रोहियों के नियंत्रण में है।

टैंकर ईरान के बंदर अब्बास बंदरगाह से आ रहा था। इस टैंकर पर 27 चालक दल के सदस्य सवार थे, जिनमें 24 पाकिस्तानी, 2 श्रीलंकाई और 1 नेपाली नागरिक शामिल थे। टैंकर के कप्तान मुक्तार अकबर भी पाकिस्तानी हैं। नकवी ने अमेरिकी सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर बताया कि ड्रोन हमले के कारण टैंकर के एक एलपीजी टैंक में विस्फोट हुआ, जिससे आग लग गई। चालक दल ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया। हालांकि, इसके बाद हूती विद्रोहियों की नावों ने टैंकर को घेर लिया और चालक दल को जहाज पर ही बंधक बना लिया। नकवी ने बताया कि लंबे प्रयासों के बाद टैंकर और इसके चालक दल को हूतियों ने 10 दिन बाद रिहा कर दिया है, और अब वे यमन के इलाके से सुरक्षित बाहर निकल चुके हैं। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने भी रविवार सुबह बताया कि टैंकर पर सवार 24 पाकिस्तानी नागरिक पूरी तरह सुरक्षित हैं और आगे बढ़ रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि 17 सितम्बर को यमन के तट पर टैंकर में आग लगने की सूचना मिलते ही पाकिस्तानी दूतावासों ने यमनी अधिकारियों से बात की।

# हमारा पड़ोसी देश आतंकवाद का सेंटर: भारत

## यूएन में जयशंकर बोले: बड़े आतंकी हमलों की जड़ें एक ही देश से जुड़ी

**न्यूयॉर्क।** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार रात यूएन महासभा (यूएनजीए) को संबोधित किया। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की और पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा कि हमारा पड़ोसी आतंकवाद का सेंटर है।

भारतीय विदेश मंत्री ने बताया कि वहां आतंकवादियों का खुलेआम गुणगान किया जाता है। दशकों से, बड़े अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी हमलों की जड़ें उसी देश तक जाती हैं। जयशंकर ने आतंकवाद की फंडिंग रोकने की मांग की। उन्होंने कहा कि आतंकी ढांचों का खात्मा जरूरी है। आतंकियों से लड़ाई हमेशा से भारत की प्राथमिकता रही है। जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार की मांग करते हुए कहा कि यूएन के सदस्य 4 गुना बढ़ गए हैं। अब स्थाई सदस्यों की संख्या बढ़नी चाहिए। उन्होंने अपने भाषण में इंडिया की जगह भारत शब्द का इस्तेमाल किया। जयशंकर ने पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए कहा कि ये क्रास-बार्डर टेररिज्म का सबसे हालिया



■ आतंकी ढांचे का खात्मा जरूरी

उदाहरण है। भारत ने आतंकवाद से अपने लोगों की रक्षा करने का अधिकार का इस्तेमाल किया है। उन्होंने कहा कि भारत को आजादी के बाद से ही ऐसे पड़ोसी का सामना करना पड़ा है, जो आतंकवाद का ग्लोबल सेंटर है। यूएन की आतंकवादी सूचियों में उसके नागरिकों की भरमार है। जयशंकर ने जोर दिया कि जब कोई देश आतंकवाद को सरकारी नीति घोषित करता है, जब आतंकवादी ठिकाने इंडस्ट्री लेवल पर चलते हैं, जब आतंकवादियों को सार्वजनिक तौर पर महिमामंडित किया जाता है, तो ऐसे हमलों की बिना शर्त निंदा की जानी चाहिए। जयशंकर ने कहा कि हमें आतंकवाद का मुकाबला करने की खास जरूरत है क्योंकि यह कट्टरता, हिंसा, असहिष्णुता और डर को एक साथ जोड़ता है। जयशंकर ने कहा कि अपने अधिकारों पर जोर देने के साथ-साथ, हमें खतरों का भी बहादुरी से सामना करना चाहिए। आतंकवाद एक साझा खतरा है, इसलिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग जरूरी है।

जयशंकर ने चेतावनी दी कि जो देश आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले राष्ट्रों को छूट देंगे, आखिर में वही आतंकवाद उनके लिए भी खतरा बनकर लौटेगा। जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में तुरंत सुधार की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्थाई परिषद में स्थाई और अस्थाई दोनों सदस्यों की संख्या बढ़ानी चाहिए, ताकि यहां ज्यादा लोग बात रख सकें। जयशंकर ने विश्व नेताओं से कहा: हम चाहते हैं कि यूएनएससी में ज्यादा देशों को जगह मिले। भारत इसमें ज्यादा जिम्मेदारियां निभाने के लिए तैयार है।

# कांगो में इबोला प्रकोप से 42 लोगों की मोत


**किशासा।** कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) के कसाई प्रांत में इबोला विषाणु संक्रमण के कारण 64 दर्ज मामलों में से 42 लोगों की मौत हो गई है। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों में शनिवार को इसकी जानकारी दी। इसे देखते हुए संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने 'वैश्विक स्तर पर रोकथाम' का आह्वान किया है। स्थानीय मीडिया के अनुसार प्रांतीय संचार एवं मीडिया मंत्री बाज़नि पेम्बे ने कहा कि 26 सितम्बर को दर्ज हुए 64 मामलों (जिनमें 53 पुष्ट और 11 संभावित मामले हैं) में से 42 लोगों की मौत हो गई है। इन 42 में से 31 पुष्ट मामले हैं। कांगो सरकार ने चार सितम्बर को इसे प्रकोप घोषित कर दिया था, जो देश का 16वां इबोला प्रकोप है। 1976 में पहली बार कांगों में इस विषाणु का पता चला था। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने कहा कि कसाई क्षेत्र देश के सबसे नाजुक क्षेत्रों में से एक है।

# अर्जेंटीना में 3 लड़कियों की इंस्टाग्राम पर लाइव दिखाई हत्या

## ड्रग गैंग ने बेरहमी से पीटा, उंगलियां काटीं, नाखुन उखाड़े, फिर गला घोंटकर मार डाला

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना में ड्रग गैंग ने तीन लड़कियों की बेरहमी से हत्या कर दी और इस पूरी वारदात को इंस्टाग्राम पर लाइव दिखाया। घटना 19 सितम्बर की है। अब घटना के विरोध में प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। हत्या से पहले गैंग के गुर्गों ने लड़कियों को बुरी तरह पीटा, उनकी उंगलियां काटीं, नाखून उखाड़े, इसके बाद गला घोंटकर मार डाला।

पुलिस के मुताबिक, तीनों को पार्टी में बुलाने के बहाने वैन में ले जाया गया और गैंग के 'नियम तोड़ने' की सजा के तौर पर मार दिया गया। वीडियो में गैंग लीडर को यह कहते सुना गया कि जो मेरे ड्रग्स चुराएगा, उसका यही हाल होगा। मृतक लड़कियों में दो चचेरी बहनें मोरेना वेर्दी और ब्रेंडा डेल कास्टिलो (20-20 साल) और 15 साल की लारा गुटिएरेज थीं।



■ तीनों को पार्टी में बुलाने के बहाने वैन में ले जाया गया और गैंग के 'नियम तोड़ने' की सजा के तौर पर मार दिया गया: पुलिस

लड़कियों की हत्या के विरोध में अर्जेंटीना में हजारों लोगों ने सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस अधिकारियों का आरोप है कि वीडियो को एक प्राइवेट अकाउंट पर लाइव चलाया गया था। इस लाइव को 45 लोग देख रहे थे। वहीं इंस्टाग्राम की पैरेंट कंपनी मेटा ने कहा कि उन्हें अपने प्लेटफार्म पर इस तरह की लाइवस्ट्रीम का कोई सबूत नहीं मिला। लड़कियों की हत्या के विरोध में शनिवार को हजारों लोग न्याय की मांग करते हुए सड़कों पर उतर आए। पीड़ितों के परिवार वाले 'लारा, ब्रेंडा, मोरेना' लिखे बैनर और उनकी तस्वीरों वाले पोस्टर लेकर संसद तक मार्च पर गए। ब्रेंडा के पिता लियोनेल डेल कास्टिलो ने कहा कि लड़कियों की सुरक्षा अब पहले से ज्यादा जरूरी है। उन्होंने बताया कि बेटी की लाश पहचानने तक की हालत में नहीं थी। ब्रेंडा के दादा एंटोनियो डेल कास्टिलो ने हत्यारों को खूनी दरिंदे कहा। राजधानी ब्यूनस आयर्स की सड़कों पर हजारों प्रदर्शनकारियों ने संसद तक विरोध मार्च निकाला। मामले में अब तक तीन पुरुष और दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से एक आरोपी को बोलीविया बार्डर सिटी विलाजोन से पकड़ा गया। उस पर कार से लाजिस्टिक सपोर्ट देने का आरोप है। पुलिस ने इस साजिश के मास्टरमाइंड की फोटो भी जारी की है। उसकी उम्र 20 साल और पेरू का नागरिक है। वह अभी फरार है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक तीनों लड़कियों को पार्टी में प्रास्टिटयूट के तौर पर बुलाया गया था। हालांकि लारा की आंटी डेल वाले गाल्वन ने इन आरोपों को गलत बताया। उन्होंने कहा कि लारा का न तो ड्रग्स से और न ही देह व्यापार से कोई संबंध था।

# ट्रम्प ने पोर्टलैंड में सैनिकों की तैनाती का आदेश दिया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को ओरेगन राज्य के पोर्टलैंड में 'घरेलू आतंकवादियों' से निपटने के लिए सैनिकों की तैनाती का आदेश दिया। ट्रम्प ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मैं रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ को युद्धग्रस्त पोर्टलैंड और घेराबंदी में फंसे हमारे किसी भी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) केंद्र को एंटीफा और अन्य घरेलू आतंकवादियों के हमले से बचाने के लिए सभी आवश्यक सैनिक उपलब्ध कराने का निर्देश दे रहा हूं। पोर्टलैंड के मेयर कीथ विल्सन ने सितम्बर की शुरुआत में एक बयान में कहा था कि देश भर के अन्य मेयरों की तरह उन्होंने 'संघीय हस्तक्षेप' का न तो अनुरोध किया था और न ही उन्हें इसकी आवश्यकता थी। विल्सन ने शनिवार को कहा कि ट्रम्प द्वारा शहर में 'सभी आवश्यक सैनिकों' को भेजने के आदेश के बाद कि पोर्टलैंड और किसी भी अन्य अमेरिकी शहर में आवश्यक सैनिकों की संख्या शून्य है। ट्रम्प ने इससे पहले लॉस एंजिल्स और वाशिंगटन, डीसी में सैनिकों की तैनाती की थी, जिसके विरोध में विरोध प्रदर्शन हुए थे।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108